तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 20.5 डिग्री

हरिभूमि

रायपुर भूमि

रायपुर, गुरुवार 6 मार्च 2025

13 होली में अवैध शराब की बिक्री-परिवहन पर रोक लगाने ...

15 परीक्षा खत्म होने के पांच मिनट पहले छात्रों से ...

परीक्षा या मजाक? वेबसाइट पर प्रोजेक्ट के उत्तर अपलोड, इसे कॉपी कर स्कूल में सब्मिट कर रहे छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पांचवीं-आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षा मजाक बनती जा रही है। सत्र के मध्य में इसकी घोषणा किए जाने के कारण ना तो स्कूल इसके लिए तैयार हो सके हैं और ना ही छात्र। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा समय-सारिणी जारी किए जाने के साथ ही मॉडल प्रश्नपत्र भी दोनों कक्षाओं के लिए प्रेषित किए थे। इसमें विद्यार्थियों को दिए जाने वाले प्रोजेक्ट वर्क का भी जिक्र है। पांचवी और आठवीं के प्रत्येक प्रश्नपत्र में पांच-पांच सवाल प्रोजेक्ट वर्क के रूप में छात्रों को दिए गए हैं। इनमें से कोई दो प्रोजेक्ट लिखकर छात्रों को स्कूल में जमा करने हैं।

अलग खबर

इन सभी पांच सवालों के उत्तर गूगल सर्च में एक क्लिक पर मौजूद कई वेबसाइट्स पर अपलोड कर दिए गए हैं। इसके अलावा कई यू-ट्यूब चैनल भी हैं, जिसमें इन सवालों के उत्तर दिए गए हैं। अब विद्यार्थी खुद से इन सवालों के उत्तर ढूंढकर प्रश्नपत्र तैयार करने के स्थान पर गूगल में सर्च करके उत्तर कॉपी कर रहे हैं। अधिकतर छात्र इसमें बदलाव किए बगैर ही इसे सब्मिट कर रहे हैं। इसके कारण लगभग सभी विद्यार्थियों के उत्तर एक जैसे ही हैं।

इसमें वर्णित सवालों को ही दिया गया है प्रोजेक्ट वर्क के रूप में

सब्सक्राइबर बढ़ाने मशक्कत

छात्रों को उत्तर उपलब्ध कराने के पीछे भी वेबसाइट संचालकों का अपना खेल है। वे छात्रों को एक-दो सवालों के उत्तर तो उपलब्ध करा रहे हैं, लेकिन आगे के उत्तर के लिए वेबसाइट को सब्सक्राइब करने कह रहे हैं। कई वेबसाइट रजिस्ट्रेशन भी मांग रहे हैं। इससे छात्रों के मोबाइल नंबर का डाटा उनके पास उपलब्ध हो रहा है। वहीं यू-ट्यूब चैनल अपने व्यूर्स बढ़ाने के लिए इनके उत्तर उपलोड कर रहे हैं। पांचवी और आठवीं दोनों ही कक्षाओं में यह स्थिति है। दूसरी ओर कई शासकीय विद्यालयों में फरवरी अंत में छात्रों को प्रोजेक्ट के सवाल दिए गए। पर्याप्त समय ना होने के कारण भी विद्यार्थी स्वयं उत्तर खोजने के स्थान पर ऑनलाइन नकल कर रहे हैं।

प्रोजेक्ट से 20% अंकों का निर्धारण

दोनों ही कक्षाओं में 20%अंकों का निर्धारण प्रोजेक्ट से होगा। प्रोजेक्ट के अंकों का उल्लेख ना केवल अंकसूची में होगा, बल्कि मुख्य परीक्षा परिणाम में भी इसके अंक जोड़े जाएंगे। विद्यालय स्तर पर उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम 33% अंक अनिवार्य है। यदि विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट में पूरे अंक मिलते हैं तो लिखित परीक्षा में उन्हें मात्र 13 अंक ही प्राप्त करने होंगे। यही कारण है कि प्रोजेक्ट वर्क की अहमियत बढ़ गई है। गौरतलब है कि पांचवी की परीक्षा 17 मार्च और आठवीं की परीक्षा 18 मार्च से आयोजित की जा रही है।

खबर संक्षेप

डीजीपी डॉयल 112 का निरीक्षण करने पहुंचे

रायपुर। राज्य के नए डीजीपी अरुणदेव गौतम बुधवार को डॉयल 112 का निरीक्षण करने सिविल लाइंस स्थित सी-4 भवन पहुंचे। डीजीपी को डॉयल 112 के बारे में समझाते हुए एडीजी प्रदीप गुप्ता द्वारा बताया गया कि पुलिस-फायर-चिकित्सा संबंधी आकस्मिक जरूरतों के मद्देनजर जरूरतमंद नागरिकों द्वारा कॉल करके और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से डायल 112 से संपर्क किया जाता है। कॉलर द्वारा संपर्क करने पर यह कॉल सी-4 स्थित कॉल टेकर सेक्शन में प्राप्त होती है, जिस पर फ्लोर पर उपस्थित कॉल टेकर द्वारा कॉलर से आवश्यक पूछताछ कर ईवेंट बनाया जाता है।

वृद्ध महिला की जमीन की धोखाधड़ी कर बिक्री

रायपुर। डीडीनगर थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात महिला के खिलाफ उसकी मां की डगनिया स्थित जमीन को किसी अज्ञात महिला द्वारा किसी अन्य को धोखाधड़ी कर बेचने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दुर्ग, अंडा निवासी राकेश कुमार तुराटे ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। राकेश ने पुलिस को बताया है कि उसकी 85 वर्षीय बीमार मां आशालता की डगनिया स्थित जमीन को एक करोड़ 64 लाख में मध्यप्रदेश, बालाघाट निवासी अशोक राउत को किसी अज्ञात महिला ने आशालता बनकर बिक्री कर ठगी की है। जमीन बिक्री करने जिन दो गवाहों के हस्ताक्षर हैं, पुलिस उनसे पूछताछ करने की बात कह रही है।

मनोज ने अपनी एनजीओ उद्गम सेवा समिति को बनाया पैसा बांटने का प्लेटफार्म

डायरी खोल रही डीएमएफ घोटाले का राज, एनजीओ समेत अफसरों ने सिंडिकेट बना कर जमकर लूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डीएमएफ घोटाले में ईओडब्लू ने जेल में बंद आदिवासी विकास विभाग के तत्कालीन असिस्टेंट कमिश्नर माया वारियर तथा एनजीओ संचालक मनोज द्विवेदी को बुधवार को ईओडब्लू की विशेष अदालत में पेश किया। दोनों आरोपियों को ईओडब्लू ने पूछताछ करने 10 मार्च तक रिमांड पर लिया है। इसके पूर्व ईओडब्लू ने सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी को ईओडब्लू ने डीएमएफ घोटाला में आरोपी बनाया है। आरोपी बनाए गए कोरबा के तत्कालीन कलेक्टर निलंबित आईएएस रानू साहू के साथ सौम्या तथा सूर्यकांत को ईओडब्लू ने सोमवार को कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने गुरुवार तक के लिए रिमांड पर लिया है। पूछताछ और डायरी ने घोटाले से संबंधित कई राज खोले हैं।

हरिभूमि फॉलोअप

ईओडब्लू के अफसरों से मिली जानकारी के मुताबिक डीएमएफ घोटाला मामले में उद्गम सेवा समिति के नाम से एनजीओ संचालित करने वाला मनोज द्विवेदी तथा ⏭शेष पेज 15 पर

डीएमएफ घोटाला मामले में ईओडब्लू ने मनोज द्विवेदी माया वारियर को पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया

इसके माध्यम से अफसरों तक पहुंचती थी रकम

अफसरों के अनुसार अफसरों के कहने पर खनन माफिया मनोज द्विवेदी के एनजीओ को पैसा देते थे। जांच के दौरान मनोज द्विवेदी के अकाउंट से 17 करोड़ रुपए लेन-देन होना पाया गया है। मनोज द्विवेदी आशा वारियर के साथ रानू साहू के बेहद करीबी था। दोनों अफसरों को मालूम था कि मनोज एनजीओ संचालित करता है। इस वजह से अफसर खनन माफिया को मनोज के एनजीओ में पैसा देने के लिए कहते थे। खनन माफिया से मिले पैसों को मनोज अफसरों तक पहुंचाने का काम करता था।

डीएमएफ घोटाला करने बना था सिंडिकेट

ईओडब्लू के अफसरों को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक डीएमएफ घोटाले को अंजाम देने के लिए एक पूरा सिंडिकेट बना हुआ था। अफसरों तक सिंडिकेट के माध्यम से घोटाले की रकम पहुंचती थी। डीएमएफ घोटाला करने जो सिंडिकेट बनाए गए थे, उस सिंडिकेट में मनोज द्विवेदी सेतु का काम करता था।

इनके कहने पर मिलता था काम

जांच के दौरान पुलिस को रजनीकांत तिवारी के पास से एक डायरी मिली थी। डायरी की जांच करने पर पता चला कि सौम्या चौरसिया तथा सूर्यकांत तिवारी जिन नामों का रिकमेंट करते थे, उन्हें ही डीएमएफ का काम मिलता था। इस वजह से डीएमएफ घोटाले में सौम्या तथा सूर्यकांत को ईओडब्लू ने आरोपी बनाया है।

60 प्रतिशत तक कमीशन मिलता था

डीएमएफ घोटाला में 60 प्रतिशत राशि की बंदरबांट होती थी। इस बात का उल्लेख रजनीकांत से जब्त डायरी में हुआ है। जिन लोगों तक कमीशन की राशि पहुंचती थी, उनमें सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी, रानू साहू से लेकर नेताओं तक के नाम शामिल हैं। जरूरत पड़ने पर जांच एजेंसी रजनीकांत को भी रिमांड पर लेकर पूछताछ कर सकती है।

आदिवासी विकास विभाग को बड़ी राशि आबंटित

रानू साहू जब कोरबा में कलेक्टर थी, उस समय माया वारियर की पोस्टिंग कोरबा में थी। माया, रानू की बेहद करीबी थी। डीएमएफ में घोटाला करने रानू ने डीएमफ से प्राप्त फंड की बड़ी राशि आदिवासी विकास विभाग को आबंटित की थी। आदिवासी विकास विभाग को आबंटित राशि में से बड़ी रकम रानू तथा माया पर भ्रष्टाचार के माध्यम से निकालने का आरोप है।

जयस्तंभ चौक से फाफाडीह तक मुख्य मार्ग हुआ सुगम जाम से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सड़क घेरकर अवैध तरीके से ठेला, गुमटी, दुकान संचालित करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने बुधवार को एक्शन लिया। केके रोड से फाफाडीह चौक तक संडे बाजार और मुख्य मार्ग पर ठेला-गुमटियों से आए दिन ट्रैफिक जाम की समस्या को हरिभूमि ने 3 मार्च के रायपुर भूमि में संडे मार्केट बना जी का जंजाल, ट्रैफिक जाम से ⏭शेष पेज 15 पर

पीक टाइम पर जाम लगने से शहरवासी रहे त्रस्त

प्रत्येक रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक केके रोड से फाफाडीह जाने वाले मार्ग पर सड़क पर दुकानें लगने से लोगों को इस मार्ग से गुजरना मुश्किल हो गया था। यही नहीं, आने-जाने के रास्ते पर कबाड़ की अवैध दुकान संचालित होने से हादसा होने का अंदेशा बना रहता था। अवैध ठेला गुमटियों की भरमार होने से शहर के मुख्य मार्ग की सड़क सकरी हो ⏭शेष पेज 15 पर

ठंडी हवा के झोंके से चार डिग्री तक लुढ़का शहर का पारा मगर गर्मी रही बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद उत्तर से आने वाली ठंडी हवा के झोंके से शहर में पिछले चौबीस घंटे में चार डिग्री की गिरावट हुई है। तापमान में आई कमी शहर में बढ़ती गर्मी को प्रभावित नहीं कर सकी, हालांकि सुबह-सुबह काफी देर तक ठंडकता का माहौल बना रहा है। उत्तरी हवा का प्रभाव अगले दो दिन रहने की संभावना है। प्रदेश में दिन में गर्मी का असर प्रारंभ हो चुका है और इस पर असर किसी तरह का बड़ा बदलाव होने पर ही संभव है। अभी उत्तर दिशा से आने वाली ठंडी हवा के प्रभाव से चढ़ते तापमान में गिरावट आ गई। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 37 डिग्री तक पहुंच गया था जो मंगलवार को ⏭शेष पेज 15 पर

सुबह-सुबह वातावरण में काफी देर तक रही ठंडकता

भारत-आस्ट्रेलिया चैंपियंस ट्रॉफी में ऑनलाइन सट्टा, दो बड़े बुकी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- गिरफ्तार आरोपियों में एक गोलीकांड का आरोपी

लग्जरी कार में घूम-घूम कर भारत-आस्ट्रेलिया चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट मैच में आनलाइन लट्टा संचालित करने के आरोप में डीडीनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो बड़े बुकी को गिरफ्तार किया है।

दोनों बुकी के कब्जे से कई ऑनलाइन बैटिंग एप की आईडी जब्त की है। साथ ही पुलिस ने दोनों बुकी के कब्जे से दो लाख कैश ⏭शेष पेज 15 पर

70 से अधिक ग्राहकों के साथ लिंक मिले

पुलिस के अनुसार दोनों बुकी के मोबाइल से प्रारंभिक पड़ताल में 70 से अधिक ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले लोगों के बारे में जानकारी मिली है। दोनों बुकी के मोबाइल में मिले ग्राहक उनके सट्टा संचालित करने वाले एजेंट हो सकते हैं। उनके द्वारा ⏭शेष पेज 15 पर

रामा ग्रुप के छत्तीसगढ़ के सभी आठ ठिकानों पर आईटी रेड की कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रामा ग्रुप के रायपुर, जगदलपुर तथा रायगढ़ स्थित सभी आठ ठिकानों पर आईटी की रेड दूसरे दिन भी जारी रही। छापे की कार्रवाई मध्यप्रदेश, जबलपुर की आईटी टीम कर रही है। स्थानीय आयकर विभाग के अफसर तथा कर्मी टीम की मदद करने जुटे हुए हैं। दूसरे दिन की कार्रवाई में अब तक क्या जब्ती हुई है, इसकी अब तक किसी तरह से अधिकृत तौर पर जानकारी नहीं मिल पाई है। छापे की कार्रवाई और दो से तीन दिन जारी रहने की जानकारी सूत्रों ने दी है। आयकर विभाग की मध्यप्रदेश की टीम टैक्स चोरी करने के आरोप में रामा ग्रुप के रायपुर में चार तथा जगदलपुर में तीन और रायगढ़ में एक ठिकाने पर छापे की कार्रवाई करने के साथ मध्यप्रदेश में अलग-अलग जगहों पर मंगलवार को छापे की कार्रवाई करने पहुंची है। दूसरे दिन की कार्रवाई में ⏭शेष पेज 15 पर

एक अन्य कारोबारी संस्थान में आईटी की टीम सर्वे करने पहुंची

नवंबर में बैठी थी कमेटी लेकिन सदस्यों ने नहीं की जांच इसके बाद बढ़ा घोटाले का दायरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय में अपर संचालक के डिजिटल हस्ताक्षर कॉपी कर लाखों रुपए के घोटाले संबंधित मामले में चौंकाने वाली बात सामने आई है। उच्च शिक्षा संचालनालय को सहायक ग्रेड-2 कर्मचारी आकाश श्रीवास्तव की शिकायत पिछले 6 माह पूर्व ही प्राप्त हो गई थी। कार्यालय में लिखित रूप से ये शिकायत की गई थी। शिकायत के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जांच कमेटी भी बनाई गई, लेकिन उन्होंने जांच ही नहीं की। ऐसा एक बार नहीं, बल्कि दो बार हुआ। दोनों ही बार कमेटी में पृथक-पृथक सदस्य थे। अंततः उच्च शिक्षा विभाग द्वारा तीसरी बार बनाई गई जांच कमेटी ने ⏭शेष पेज 15 पर

हरिभूमि फॉलोअप

अधिकारियों से पारिवारिक संबंध

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, आकाश श्रीवास्तव नामक जिस कर्मचारी पर लाखों रूपए के घोटाले का आरोप लगा है, उसके संचालनालय में पदस्थ एक अधिकारी सहित रूसा कार्यालय के भी एक वरिष्ठ अधिकारी से पारिवारिक एवं घनिष्ठ संबंध हैं। यदि शिकायत प्राप्त होते ही 6 माह पूर्व समय पर जांच हो गई होती तो शासन के लाखों रुपए गबन होने से बचाए जा सकते थे। कुछ कर्मचारियों ने यहां तक बताया कि आकाश श्रीवास्तव के लंबे समय से अनाधिकृत रूप से कार्यालय में अनुपस्थिति की जानकारी उच्च शिक्षा संचालनालय के उच्च अधिकारी को पूर्व से थी। कई कर्मचारियों ने इसे लेकर शिकायत भी की थी।

कार्रवाई का इंतजार

जांच पूर्ण होने के बाद अब कार्रवाई का इंतजार है। मंगलवार देर रात तक सभी दस्तावेज एकत्र किए जाने की सूचना मिली है। हालांकि अभी तक उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किसी तरह का ना तो आदेश निकाला गया है और ना ही पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है। जिन वरिष्ठ अधिकारियों पर मिलीभगत का संदेह है, उनसे भी किसी तरह की पूछताछ विभाग फिलहाल नहीं कर पाया है।

खबर संक्षेप

लक्खीप्रसाद अग्रवाल ने लिया देह दान संकल्प

रायपुर। स्वर्ण भूमि सीनियर्स क्लब के वरिष्ठतम सदस्य लक्खीप्रसाद अग्रवाल (92) ने मृत्यु के बाद अपना देह दान मेडिकल कॉलेज को सौंपने का संकल्प करते हुए एक अविस्मरणीय पुनीत कार्य किया है। इस उपलक्ष्य पर उनके बच्चों ने मिलकर जिनमें से एक हमारे क्लब के वरिष्ठ सदस्य इंजीनियर अरुण कुमार अग्रवाल ने उनके गृह नगर और कर्म नगरी दल्ली राजहरा में अपने एक्सटेंडेड फैमिली एवं पुराने पारिवारिक मित्रों के साथ विगत दिनों एक बड़े पारिवारिक कुंभ का आयोजन किया और उनके सम्मान में उन्होंने पोस्ट ऑफिस से मिलकर डाक टिकट भी जारी करवाया। हमें इस परिवार से सीख लेनी चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि हम भी मरणोपरांत अपने अंगों का और शरीर का दान करें तो जग का बहुत कल्याण हो सकता है।

बैंक ऑफ इंडिया यूनियन का त्रैवार्षिक सम्मेलन 9 मार्च को

रायपुर। बैंक ऑफ इंडिया एम्प्लॉयज यूनियन का आगामी 9 मार्च को महिन्द्रा होटल, कचहरी चौक, रायपुर में त्रैवार्षिक सम्मेलन होने जा रहा है, जिसमें छग के 64 शाखाओं में कार्यरत स्टॉफ द्वारा आगामी 3 वर्षो के लिए नई कार्यकारी समिति को चुना जाएगा। यह जानकारी यूनियन के महासचिव हर्षवर्धन सिंह बिष्ट ने दी, उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ऑल इंडिया महासचिव दिनेश झा रांची से और उपाध्यक्ष सुरेश बौभाते नागपुर से शामिल हो रहे हैं। वर्तमान में बैंक कर्मियों की परेशानियों और आने वाले समय में नई चुनौतियों से निपटने तथा ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं देने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी। वर्तमान में सारे बैंक में स्टॉफ की कमी है, नई भर्ती करने के लिए ही आगामी 24 एवं 25 मार्च को राष्ट्रव्यापी हड़ताल होने जा रही है।

प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन

रायपुर। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव संबंध में बुधवार शाम 5:00 बजे चैंबर कार्यालय में मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली के हस्ताक्षर से प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। प्रदेश के 2,7480 मतदाताओं की मतदाता सूची का प्रकाशन के समय निर्वाचन अधिकारी रमेश गांधी, बालकृष्ण दानी, के.सी. माहेश्वरी, महावीर तालेड़ा, अनिल कुचेरिया, संजय देशमुख, अमित वर्मा, चुनाव नियंत्रक एच.एस.कर, चुनाव कार्यालय प्रभारी एस.एम. रावते, सह प्रभारी शशिकांत गुप्ता उपस्थित थे।

नगर निगम का प्रथम सम्मिलन 7 को

रायपुर। जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने रायपुर नगर निगम के प्रथम सम्मिलन बैठक 7 मार्च को दोपहर 12 बजे गांधी सदन के सभागार में आयोजित की है। प्रथम सम्मिलन में नगर निगम के सभापति और अपील समिति के सदस्यों के निर्वाचन की कार्यवाही की जायेगी।

कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। उरला थाना क्षेत्र में आपसी विवाद पर अपने ही दोस्त पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गुमा निवासी विष्णु यादव शराब के नशे में अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था, इस दौरान उसके दोस्त विनोद खुसराम रिंकू ध्रुव बीच बचाव करने पहुंचे। इस दौरान विष्णु अपने दोस्तों के साथ मारपीट करने लगा। गुस्साए विनोद और उसके साथी ने पास रखी कुल्हाड़ी से विष्णु पर जानलेवा हमला कर दिया। विष्णु की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने विनोद तथा उसके साथी को हत्या की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

लाइन की झंझट से मिली मुक्ति, ट्रेनों के पचास फीसदी यात्रियों के पास अब डिजिटल टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मोबाइल एप और एटीवीएम पर बड़ा भरोसा, छुट्टे पैसे की समस्या भी हुई खत्म

लोकल ट्रेनों अथवा अनारक्षित टिकट लेकर लंबी दूरी की ट्रेनों में सफर करने वालों को लाइन लगकर टिकट लेने की झंझट से मुक्ति मिल गई है। पचास फीसदी यात्री अब मोबाइल एप और एटीवीएम के माध्यम से टिकट ले रहे हैं। इससे छुट्टे पैसे की समस्या भी समाप्त हो गई है। रेलवे सूत्रों के अनुसार अब आधे से अधिक यात्रियों को अनारक्षित टिकट यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप और एटीवीएम के माध्यम से जारी किए जा रहे हैं। आर-वालेट से डिजिटल भुगतान करने पर यात्रियों को तीन फीसदी बोनस का भी लाभ मिल रहा है। डिजिटल टिकटिंग में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का स्थान भारतीय रेलवे में अव्वल स्थान पर रहा है। अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 के दौरान, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 21-22 प्रतिशत यात्रियों को मोबाइल ऐप के माध्यम से टिकट प्रदान किया था, जिससे यह अन्य रेलवे के मुक़ाबले प्रथम स्थान बरकरार रखा है। ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन से भी टिकटिंग में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जबरदस्त बढ़त दर्ज की गई है। वर्तमान में, 46 स्टेशनों पर 87 एटीवीएम के जरिए भी यात्रियों को टिकट सुविधा मिल रही है तथा यूपीआई क्यूआर के माध्यम से भुगतान कर स्वयं टिकट बुक कर रहे हैं, जिससे डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा मिल रहा है। यात्रियों के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए मोबाइल टिकटिंग एप में नए फीचर्स जोड़े जा रहे हैं। मोबाइल टिकटिंग एप को लगातार नई सुविधाओं और बेहतर यूजर इंटरफेस के साथ अपडेट किया जाता है, जिससे इसे और अधिक सुविधाजनक और तेज बनाया जा सके।

इंस्पेक्टरों का दायरा खत्म, किसी भी क्षेत्र में कर सकेंगे कार्रवाई

होली में अवैध शराब की बिक्री-परिवहन पर रोक लगाने गठित होगी विशेष टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

होली त्योहार के लिए जिला आबकारी विभाग जल्द ही विशेष टीम गठित करेगा। यह टीम जिले के सभी ब्लॉक क्षेत्रों के लिए बनाई जाएगी, जो लगातार गश्त करते हुए शराब दुकानों में ओवररेट, अनियमितता के साथ अवैध शराब की बिक्री-परिवहन आदि पर न केवल नजर रखेगी, बल्कि पकड़े जाने लोगों पर सख्त कार्रवाई भी करेगी। आबकारी नियम के तहत विभाग में कार्यरत सभी इंस्पेक्टरों के क्षेत्र का दायरा भी समाप्त कर दिया गया है। इस तरह अब जिले के किसी भी क्षेत्र में पदस्थ इंस्पेक्टर अपने इलाके के साथ दूसरे किसी भी क्षेत्र में जाकर अवैध शराब की बिक्री, परिवहन सहित अन्य प्रकरणों में भी कार्रवाई कर सकते हैं। हालांकि यह नियम पहले से ही लागू है, लेकिन अमले की कमी सहित अन्य कारणों से इस नियम के तहत इंस्पेक्टरों को दूसरे क्षेत्रों में कार्रवाई करने की छूट नहीं दी गई थी। अब इस नियम के तहत जिले में इंस्पेक्टरों को किसी भी क्षेत्र में कार्रवाई करने की अनुमति दी गई है।

विभागीय अधिकारियों का मानना है कि इस नियम के तहत इंस्पेक्टर कार्रवाई करेंगे, तो अवैध शराब के कारोबार पर भी लगाम लगेगी। होली त्योहार को अब सिर्फ सात दिन बचे हैं। शराब की सबसे ज्यादा खपत होली में होती है। इसे देखते हुए आबकारी विभाग पिछले वर्ष की तरह इस बार भी होली में शराब का अवैध कारोबार पर रोक लगाने और इस अवैध कारोबार से संबंधित लोगों पर कार्रवाई करने के लिए विशेष निगरानी दल गठित करने की तैयारी कर रहा है। पिछली बार विभाग द्वारा 12 टीमें गठित की गई थी। प्रत्येक टीम में एक प्रभारी के साथ चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जो लगातार अपने सर्किल क्षेत्र की देशी-विदेशी और प्रीमियम शराब दुकानों में औचक निरीक्षण करेगी। इस दौरान कहीं गड़बड़ी पाई गई, तो संबंधित दुकान के सेल्समैन और सुपरवाइजरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ये टीमें गश्त कर शराब की अवैध बिक्री-परिवहन पर भी नजर रखे हुए थी। विभागीय सूत्रों के इस बार भी विशेष टीमें गठित होंगी, जिसमें इंस्पेक्टर से लेकर कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा।

निर्देशित किया गया है

आबकारी विभाग के नियम में धारा-7 पहले से जिले में लागू है। इस नियम के तहत जिले में पदस्थ अधिकारी-इंस्पेक्टर किसी भी क्षेत्र की शराब दुकान में ओवररेट, गड़बड़ी मिलने या अवैध शराब की बिक्री-परिवहन के प्रकरण में कार्रवाई कर सकता है। इस नियम को अमल में लाने विभाग द्वारा निर्देशित किया गया है। अधिकारी-इंस्पेक्टर के दूसरे क्षेत्रों में भी कार्रवाई करने से ओवररेट, गड़बड़ी के साथ अवैध शराब की बिक्री-परिवहन पर भी रोक लगेगी। होली के लिए विशेष टीम भी गठित करेंगे।

- रामकृष्ण मिश्रा
उपायुक्त, जिला आबकारी विभाग

सामान्य दिनों की तुलना में होली में तीनगुना से अधिक बिकती है शराब

सामान्य दिनों की तुलना में होली त्यौहार के दौरान जिले में शराब की तीन से चार गुना अधिक बिक्री होती है। पिछली होली में होलिका दहन से पहले दो दिन में 30 करोड़ से अधिक की शराब की बिक्री हुई थी। इस बार भी बिक्री का आंकड़ा आसपास या ज्यादा होने की संभावना है।

शराब दुकानों में अतिरिक्त स्टॉक की व्यवस्था की जा रही

होली में हर बार शराब दुकानों में अतिरिक्त स्टॉक की व्यवस्था की जाती है। इसके लिए विभाग ने तैयारी भी शुरू कर दी है। होली में किसी भी दुकान में शराब या बीयर स्टॉक की कमी नहीं हो, इसके लिए अतिरिक्त स्टॉक का प्रबंध किया जा रहा है, ताकि किसी भी ग्राहक को दुकान से खाली हाथ लौटना नहीं पड़े और उन्हें मनचाहे ब्रांड की शराब या बीयर मिल सके।

केंद्रीय टीम आने से पहले सफाई का बेड़ागर्क, आधा दर्जन वार्डों में ड्यूटी पर कम मिले कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम प्रशासन शहर को स्वच्छ रखने के लाख दावे करे, पर हकीकत में स्थिति कुछ और ही है। बुधवार को निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेश व अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के निर्देश पर जोन 8 क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के औचक निरीक्षण में आधा दर्जन वार्डों में सफाई ठेकेदारों के प्लेसमेंट सफाई कर्मचारी निर्धारित संख्या से कम संख्या में मिले। स्वच्छता में कोताही मिलने पर अनुबंधित ठेकेदारों पर 50 हजार रुपये जुर्माना किया गया।

- जोन 8 का मामला, सफाई ठेकेदारों पर 50 हजार रुपये जुर्माना
- स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान की धरातल पर स्थिति

शहर में देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण के सिलसिले में केन्द्रीय टीम इसी माह कभी भी शहर में दस्तक दे सकती है। शहर की सफाई की धरातल पर स्थिति जांचने केन्द्रीय टीम सर्वे करेगी, पर शहर की सफाई व्यवस्था का हाल ये है कि केन्द्रीय टीम आने से पहले ही एक ही दिन में आधा दर्जन वार्डों में स्पॉट निरीक्षण के दौरान निर्धारित संख्या से कम संख्या में सफाई कर्मचारी मिले। जोन 8 के स्वास्थ्य विभाग ने 6 वार्डों में सफाई ठेकेदारों पर जुर्माना किया। जोन कमिश्नर एके हालदार ने वीर सावरकर वार्ड में अनुबंधित ठेकेदार अनिल गिलारे पर 10 हजार रुपये, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड के ठेकेदार रजत इंटरप्राइजेस पर 10 हजार रुपये, रामकृष्ण परमहंस वार्ड के ठेकेदार दानेश्वर सेन्द्रे पर 10 हजार रुपये, शहीद भगतसिंह वार्ड के ठेकेदार ओमप्रकाश झा पर 10 हजार रुपये, माधवराव सप्रे वार्ड के ठेकेदार कार्तिकेश्वर साहू पर 5 हजार रुपये, संत रविदास वार्ड के अनुबंधित ठेकेदार यूनिवर्सल आटो इलेक्ट्रिक्स एंड रिपेयरिंग वर्क्स पर 5 हजार रुपये का जुर्माना किया गया।

विदित हो एक दिन पहले ही नगर निगम जोन 1 क्षेत्र में अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता और नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने जोन क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया, उस समय सफाई में निर्धारित संख्या से कम सफाई कर्मचारी मिले। यही नहीं, ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराये गये 10 सफाई कर्मचारी सुबह 9:30 बजे काम बंद कर एक साथ बैठे मिले थे।

संपत्ति कर नहीं चुकाया, रेस्टारेंट सील, ग्रीन कैफे को चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 10 के राजस्व अमले ने संपत्ति कर अदा नहीं करने पर बकायादार आशुतोष शर्मा के फर्म आनंद रेस्टोरेंट को सील कर दिया है। वहीं दी लीविंग रूम ग्रीन कैफे के संपत्ति कर बकायादार को 3 दिनों के भीतर प्रापर्टी आईडी अपडेट करवाकर संपत्ति कर भुगतान की हिदायत दी है।

नगर निगम जोन 10 के राजस्व महकमे ने डिमांड बिल और नोटिस एवं अंतिम सूचना देने के बाद भी संपत्ति कर जमा नहीं करने पर वार्ड 52 के बड़े बकायादार आशुतोष शर्मा के फर्म आनंद रेस्टोरेंट को सीलबंद करने की कार्रवाई की। संबंधित करदाता पर 2019-20 से 5 लाख 92 हजार 354 रुपये बकाया था। जोन के सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल और जोन 10 के अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में सीलबंद करने की कार्रवाई की गई।

इसी तरह डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड के वीआईपी मार्ग स्थित अमलीडीह में ग्रीन कैफे की संचालिका संपत्ति कर बकायादार ज्योति केशवानी को डिमांड बिल और नोटिस जारी आगामी 3 दिन के भीतर प्रापर्टी आईडी अपडेट करवाकर संपत्ति कर का भुगतान जोन 10 के राजस्व शाखा में करने हिदायत दी गई।

गीला कचरा से बनेगी बायोगैस, रावांभाठा क्षेत्र में 8 एकड़ जमीन पर प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के सब्जीबाजार और उद्यानों से निकलने वाला गीला कचरा अब बेकार नहीं जायेगा। गीले कचरे से बायोगैस बनाने रावांभाठा क्षेत्र में नगर निगम की 8 एकड़ जमीन पर बायोगैस कंप्रेस्ट प्लांट लगाया जायेगा। भारत पेट्रोलियम कंपनी 60 करोड़ रुपये लगाकर 18 माह में यह प्लांट तैयार करेगी, जबकि गीला कचरा का वेस्ट मटेरियल खाद के काम आयेगा। रायपुर नगर निगम के बिरगांव में स्थित 8 एकड़ जमीन में कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट लगाने भारत पेट्रोलियम कंपनी ने अपनी सहमति दे दी है। पेट्रोलियम कंपनी यहां 60 करोड़ रुपये खर्च कर यूनिट लगायेगी। बदले में नगर निगम को अपनी जमीन और प्रतिदिन 100 टन गीले कचरे का इंतजाम करना होगा। इसके लिए रायपुर नगर निगम ने शहरी क्षेत्र में स्थित बगीचे, सब्जी बाजार और गोबर का कचरा देने के साथ ही बिरगांव, खरोरा, अभनपुर, व तिल्दा नेवरा से गीला कचरा के लिए तालमेल बैठाएगा।

बायोगैस से चलेंगी गाड़ियां

योजना के मुताबिक गीले कचरे से बनने वाली बायोगैस से गाड़ियां चलेंगी। साथ ही गैस बनने के बाद गीला कचरा का वेस्ट मटेरियल खाद के रूप में काम आयेगा, यानी इससे दोहरा फायदा होगा। केन्द्र सरकार की इस अभिनव योजना के अंतर्गत भारत पेट्रोलियम कंपनी गीले कचरे से बायोगैस बनाने प्लांट लगायेगी। इससे रायपुर जिले के बड़े क्षेत्र के नगरीय क्षेत्र से निकलने वाले गीले कचरे का सुव्यवस्थित रूप से निष्पादन प्रतिदिन नियमित रूप से हो सकेगा।

नियमित ट्रेनों पर दबाव कम करने छग से बिहार के लिए तीन होली स्पेशल

गोंदिया-छपरा के बीच एक-एक फेरे की दो और पटना के दो फेरे की एक ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नियमित ट्रेनों पर यात्रियों का दबाब कम करने के लिए छत्तीसगढ़ से बिहार के बीच तीन होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। गोंदिया से छपरा के लिए एक-एक फेरे की दो और पटना के लिए दो फेरे की एक ट्रेन का संचालन किया जाएगा। छपरा वाली ट्रेन आवाजाही के दौरान छत्तीसगढ़ के सात और पटना वाली ट्रेन आठ स्टेशनों पर रुकेगी।

- छत्तीसगढ़ के सात स्टेशनों पर आवाजाही के दौरान होगा गोंदिया-छपरा का स्टापेज

होली का त्योहार उत्तर भारत में जोर शोर से मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग काफी संख्या में छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों में रहते हैं। होली पर उनकी घर वापसी को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त ट्रेनों की सुविधा दी जा रही है। इससे इन रुट पर चलने वाली सामान्य ट्रेनों पर दबाव कम होगा और यात्रियों को आसानी से अपने सफर के लिए कंफर्म टिकट मिल सकेगा। गोंदिया से रवाना होने वाली छपरा एक्सप्रेस 11 और 12 मार्च को रवाना होगी और वापसी क्रमशः 12 एवं 13 मार्च को होगी। इसी तरह गोंदिया और पटना के बीच संचालित होने वाली ट्रेन भी 11-12 मार्च को संचालित होगी और वापसी 13-14 मार्च को होगी।

गोंदिया-पटना होली स्पेशल का रूट

दो फेरे में चलने वाली गोंदिया-पटना होली स्पेशल ट्रेन सुबह 11 बजे गोंदिया से रवाना होगी। इस ट्रेन का छत्तीसगढ़ के आठ स्टेशनों पर स्टापेज होगा। डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग होते हुए दोपहर 2 बजे रायपुर पहुंचेगी इसके बाद भाटापारा, बिलासपुर, चांपा, रायगढ़ होते हुए झारसुगुड़ा रुट से सुबह 11 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी के दौरान दोपहर 12.30 बजे पटना से छूटकर उसी रूट से होते हुए दूसरे सुबह 10.15 बजे रायपुर और दोपहर 2.30 बजे गोंदिया पहुंचेगी।

गोंदिया-छपरा होली स्पेशल का रूट

गोंदिया से छपरा के लिए एक-एक फेरे के लिए संचालित होने वाली होली स्पेशल गोंदिया से शाम 5 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन छत्तीसगढ़ के सात स्टेशन डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर रात्रि 8.05 बजे, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रा रोड में स्टापेज लेने के बाद दूसरे दिन शाम 7 बजे छपरा पहुंचेगी। वापसी के दौरान यह ट्रेन छपरा से रात्रि 10.15 बजे रवाना होकर उसी रूट से संचालित होते हुए दूसरे दिन शाम 7.13 बजे रायपुर आकर रात्रि 11.45 बजे गोंदिया पहुंचेगी।

ऑनलाइन बोली लगाए जाने के बाद एक निजी संस्था को दिया गया ठेका

हाय गर्मी... ठंडे पानी पर 10 लाख खर्च करेगा रविवि! इसके बाद होगी लाभ-हानि की समीक्षा

वाटर कूलर और वाटर प्यूरीफायर के वार्षिक रखरखाव के लिए कार्यपरिषद में लाया गया बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में गर्मी का जो आलम है, वो पूछिए ही मत। इस गर्मी को देखते हुए ही विवि ने तय किया है कि वह 10 लाख रुपए की राशि ठंडे पानी पर खर्च करेगा। फरवरी के अंतिम सप्ताह में हुई कार्यपरिषद की बैठक में वाटर कूलर और और वाटर प्यूरीफायर के लिए कार्योत्तर 9 लाख 86 हजार 137 रुपए खर्च करने का प्रस्ताव पारित हो गया है। बैठक में साझा की गई जानकारी के अनुसार, विश्वविद्यालय द्वारा इसके लिए जेम पोर्टल पर ऑनलाइन बोली लगाई थी। इसके बाद साई टेक्नो सेल्स को इसके क्रय का आदेश दिया गया।

बैठक में वाटर कूलर और वाटर प्यूरीफायर पर यह राशि खर्च करने की स्वीकृति इस शर्त के साथ दी गई है कि एक वर्ष बाद वार्षिक रख-रखाव से होने वाली लाभ-हानि की गणना की जाएगी। ठंडे पानी संबंधित यह व्यवस्था केवल रविवि अध्यनशाला में की ही जाएगी। नए वाटर कूलर और वाटर प्यूरीफायर का जिक्र आदेश में नहीं है। केवल रख-रखाव की ही बात कही गई है।

बीते दिनों हुआ था हंगामा

रविवि अध्ययनशाला सहित छात्रावास में ठंडा पानी नहीं मिलने की शिकायत छात्र नियमित रूप से करते रहे हैं। कला भवन के छात्रों को बीते कुछ दिनों में पानी की विकट समस्या से जूझना पड़ा है। बीते माह छात्र इसके लिए मोर्चा भी खोलकर बैठे थे। विद्यार्थियों के व्हॉट्सऐप चैट का स्क्रीनशॉट भी वायरल हुआ था। इसमें छात्रों ने कुलपति द्वारा बार-बार वाटर कूलर को देखकर जाने, लेकिन कुछ भी सुधार नहीं किए जाने की बात कही थी। छात्रों ने यह भी कहा था कि यदि यही स्थिति रही तो वे स्वयं ही वाटर कूलर सुधरवाएंगे।

प्रशासनिक भवन का भी हाल-बेहाल

ना सिर्फ अध्ययनशालाओं बल्कि प्रशासनिक भवन का भी हाल बेहाल है। यहां दूसरे जिलों से भी विद्यार्थी अंकसूची, माइग्रेशन, आवेदन सुधार सहित कई तरह की समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचते हैं। यहां के कई वाटर कूलर वर्षों से बंद हैं। इसमें धूल जम गई है। छात्रों को ठंडे पानी के लिए बाहर तक दौड़ लगानी पड़ती है और पैसे भी खर्चने पड़ते हैं। ना केवल छात्र बल्कि स्टाफ भी परेशान हैं। स्थिति यह है कि अधिकतर विभागों के प्राध्यापक अपने साथ पानी की बड़ी बोतलें लेकर आते हैं।

महापौर से प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे से बुधवार को प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष संजय एड़े सहित पदाधिकारियों ने मुलाकात की। महापौर कक्ष में उन्हें गुलदस्ता देते हुए शहर के प्रथम नागरिक का कार्यभार संभालने पर हार्दिक शुभकामनायें दीं। अध्यक्ष ने संघ के प्रमुख मांगों के संबंध में अवगत कराते हुए प्लेसमेंट कर्मचारियों को नगर निगम से सीधा वेतन भुगतान करने, 4000 रुपये श्रम सम्मान निधि प्रदान करने सहित अन्य प्रमुख मांगो के संबंध में महापौर से चर्चा की। महापौर मीनल चौबे ने संघ की मांगो को पूरा करवाने के प्रति आश्वस्त किया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी पवन चवरगुवाल, देवेन्द्र साहू, गिरधारी साहू, मनीष तिवारी, गुलशन ताम्रकार, हेमंत फरिकार, रवि साहू, भोला साहू, ललित साहू, शबाना बेगम, नीलू शर्मा, रीता राव, शकुन हरपाल, संजना हरपाल, सावित्री उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

हॉस्पिटल से मोबाइल चोरी थाने में शिकायत दर्ज

तिल्दा नेवरा। ग्राम चतौद सारागांव निवासी नितेश राजगोड ने बताया कि उनके परिजन तिल्दा के नंदनी अस्पताल में भर्ती थे जिनके पास वे आए हुए थे, एक मार्च की सुबह सुबह अस्पताल के हॉल से उनका आइको कम्पनी का मोबाइल कीमती 12500 को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर फरार हो गया। प्रार्थी ने नेवरा थाना में शिकायत दर्ज करवाई है। साथ ही अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज खंगालने की मांग भी कई है।

सात हजार की शराब जब्त,एक गिरफ्तार

अभनपुर। अभनपुर पुलिस ने अवैध शराब ब्रिकी की सूचना पर कार्रवाई करते हुये एक युवक को गिरफ्तार किया है जिसके पास से 60 पौवा देशी मसाला शराब जप्त किया गया है जिसकी कीमत लगभग 6600 रूपये बताई जा रही है। मिली जानकारी अनुसार पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि छोटे उरला डिस्पोटल फैक्ट्री के समीप एक युवक अवैध शराब बेचने के फिराक मे खड़ा है सूचना मिलने पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंची जहां संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया पूछताछ मे आरोपी ने अपना नाम जसवंत साहू उम्र 26 वर्ष निवासी खोरपा बताया पुलिस ने मौके पर धारा 94 बीएनएस के तहत नोटिस दिया लेकिन आरोपी के पास कोई वैध दस्तावेज नही था पश्चात आरोपी युवक के खिलाफ आबकारी एक्ट 34(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर रिमांड के लिए रायपुर न्यायालय पेश हेतू भेज दिया गया है।

कोटनी में हुआ स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम

धरसींवा। श्री हरिहरा विकास समिति के तत्वावधान में ग्राम कोटनी में विगत दिनों स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस का मुख्य विषय प्रसवोत्तर जटिलताएं कारण एवं निवारण था। डॉ कुणाल जैन कैंसर विशेषज्ञ बाल्को हॉस्पिटल एवं डॉ. शीला सुनील पांडे परामर्शदाता मनोविज्ञान मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। ग्रामीणों को इसके लिए विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ विनीता दीवान समिति अध्यक्ष एवं श्रीमती विभा चंद्राकर सचिव श्री हरिहरा विकास समिति के द्वारा आभार व्यक्त कर सर्टिफिकेट एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

पार्षद रानी जैन ने न्योता भोज कराया और बांटे पेन-चाकलेट

तिल्दा नेवरा। बी एन बी संकुल के प्रत्येक स्कूल में नेवता भोज कराया गया बच्चों को फल चॉकलेट व पेन वितरित किया गया, नेवता भोज कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला वर्मा, पार्षद ईश्वर यदु, मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद , नरेंद्र शर्मा ,रामकुमार वर्मा ,विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर के दास, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लिकेश्वर प्रसाद जाहिरे ,संकुल प्राचार्य डॉक्टर राजेश चांदनी, बीआरसीसी संतोष शर्मा आदि उपस्थिति रहे। नगर के समस्त स्कूलों को नेवता भोज कराने पर बांस टाल स्कूल ,हेमू कालानी स्कूल, वार्ड क्र 06 के स्कूल ऐन डी नेवरा क्रमांक 2 व RRV नेवरा क्रमांक 01 के समस्त प्रधानपाठको द्वारा रानी सौरव जैन को मैमेंटो देकर सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष बनने पर चन्द्रकला वर्मा को रूरहा राम वर्मा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के हेड मास्टर विनोद वर्मा द्वारा मेमेंटो को देकर सम्मानित किया गया। नव पदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर के दास को संकुल प्राचार्य डॉक्टर राजेश चांदनी द्वारा मेमेटो देकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों के द्वारा नवनिर्वाचित पार्षद रानी सौरभ जैन को बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

मंदिरहसौद पालिका शपथग्रहण समारोह शीघ्र कराने, कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदिर हसौद/आरंग

25 दिन बाद भी शपथग्रहण में विलंब का विरोध

नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथग्रहण कार्यक्रम को लेकर किए जा रहे अनावश्यक विलंब के संबंध में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगण द्वारा अपने शपथग्रहण समारोह को लेकर रायपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप अवगत कराया गया है कि हाल ही में संपूर्ण राज्य अंतर्गत नगरीय निकाय आम निर्वाचन वर्ष 2025-26 के चुनाव को संपादित हुए हैं, जिसे बीते लगभग 25 दिनों का अतिरिक्त समय गुजर चुका है,बावजूद इसके अबतक मंदिर हसौद निकाय के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथग्रहण समारोह कार्यक्रम की तिथि तक निर्धारित नहीं की गई है। शासन द्वारा बरते जा रहे उपरोक्तानुसार निष्क्रियता एवं नगरवासियों के मूलभूत सुविधाओं के प्रति प्रगट किए जा रहे उदासीनता से समस्त नगरवासियों को दैनिक आवश्यकताओं के लिए व्यावहारिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही निकाय का संपूर्ण कामकाज पूर्ण रूप से ढप होने के कारण विकाश कार्य तो दूर कि बात है लोगो को पानी,बिजली,सफाई जैसे दैनिक आवश्यकताओं से भी वंचित होना पड़ रहा है,जिससे प्रशासन एवं निकाय कि छवि आमलोगों के समक्ष धूमिल हो रही है साथ ही लोकतांत्रिक ढांचों के प्रति उनका विश्वास भी कम हो रहा है।

इधर शपथ ग्रहण कार्यक्रम के लेट-लतीफि के कारण लोगों का शासन/प्रशासन एवं निकाय के प्रशासक/कर्मचारियों द्वारा सामान्य आवश्यकताओं के प्रति जिम्मेदारी लेने से साफ इंकार करते हुए शपथग्रहण के बाद ही कोई काम लेकर आना जैसे कथन किए जाने से लोगों का निकाय के प्रति गहरा आक्रोश दिख रहा है एवं उक्त व्यवहार से प्रशासन एवं निकाय पर लोगो का संदेह उत्पन्न होना स्वाभाविक है,व्यक्त कर इनके लिपा पोती पर प्रश्नचिन्ह लगा रहे है। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विलंब किए जाने का कोई ठोस कारण अथवा आधार भी नहीं है फिर भी अबतक क्यों प्राधिकारी अधिकारी द्वारा तिथि निर्धारण में विलंब किया जा रहा है,जो समझ से परे है। अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में आग्रह कर कहा गया है कि नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद जिला रायपुर छःग अंतर्गत नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगण का शीघ्र-अतिशीघ्र शपथग्रहण कार्यक्रम कराए जाने के सम्बन्ध में तिथि निर्धारित कर उक्त हेतु संबंधित प्राधिकारी को निर्देशित करेंगे ताकि नगरवासियों को दैनिक आवश्यकताओं से जुड़े मूलभूत सुविधाओं से वंचित न होना पड़े इस बाबत ज्ञापन समस्त नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगण नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद जिला रायपुर छःग द्वारा सौंपा गया है।

आपके थोथे नारों से जनता त्रस्त थी, अब ब्लेम गेम नहीं चलेगा

वित्त मंत्री ने विपक्ष के आरोप पर चुन-चुन कर दिया जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट पर सामान्य चर्चा में विपक्ष के आरोप का जवाब देते हुए जबरदस्त पटलवार किया। खास बात ये रही कि उन्होंने विपक्ष के नेता, सदस्यों द्वारा लगाए गए आरोप का चुन-चुनकर जवाब दिया। श्री चौधरी ने कहा कि आपके थोथे वादों से जनता त्रस्त रही, अब ब्लेम गेम नहीं चलेगा। केवल राजनीति के लिए आलोचना नहीं होनी चाहिए।

श्री चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर कहा जिसमें उन्होंने कहा था कि निगम की दस सीट जीतकर भाजपा ने रिकार्ड तोड़ा नहीं है। इसके जवाब में कहा कि वे भी दस में दस जीते थे, लेकिन स्थानीय चुनाव में दो वोट के अधिकार को छीनकर एक वोट कर दिया गया था। एक व्यक्ति को रायपुर का मेयर बनाने के लिए नगरीय इलेक्शन का सिस्टम बदला था। वह डायरेक्ट चुनाव जीत नहीं सकता था। वह पार्षद चुनाव भी हार गया। ये जनका के अधिकार की हत्या कर रिकार्ड बनाते हैं। ऐसी जीत उन्हें ही मुबारक। अब हमारी सरकार ने दो वोटों का अधिकार वापस दिया है। ये चुनाव जनमत संग्रह है। हमारी सरकार ने इसकी हिम्मत की। डायरेक्ट इलेक्शन अलग होता है, इनडायरेक्ट अलग होता है। दस में दस सीधे वोट देकर जनता ने हमारे प्रत्याशी जिताए, ये जनमत संग्रह है। पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा मानव विकास के संबंध में कही गई बात के जवाब में वित्त मंत्री ने आंकड़ो सहित बताया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत इन्होंने कुल मिलाकर 5- 7 हजार करोड़ रुपए बांटे वह भी चार किस्तों में। लेकिन हमारी सरकार ने पिछले साल में 13 हजार 30 करोड़ और इस साल 12 हजार करोड़ रुपए किसानों को एक साथ भुगतान किया। किसानों के धान के भुगतान, प्रधानमंत्री कृषक सम्मान, दीनदयाल भूमिहीन योजना, गन्ना किसानों को बोनस और गन्ना की एमएसपी सहित सवा साल में किसानों को एक लाख करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है। यही कारण है कि जनता का हर चुनाव में हमें आशीर्वाद मिल रहा है। विपक्ष के सदस्य उमेश पटेल और राधवेंद्र कुमार सिंह के आरोप का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विकास दर 7.51 है जो देश के राष्ट्रीय औसत 6.7 से अधिक है। वित्त मंत्री ने ये भी कहा कि सरकार ने एफआरबीएम एक्ट और आरबीआई की गाइड़ लाइन का अक्षरक्षः पालन किया है और जीएसडीपी का 19 प्रतिशत ही कर्ज लिया है। इसके जवाब में राधवेंद्र सिंह ने कहा कि आपका ही डाटा 28-29 प्रतिशत बता रहा है, इससे कम है तो आंकड़े रख दें। श्री चौधरी ने ये भी कहा कि हमने 19 हजार करोड़ का अनुपूरक पिछली सरकार के गड्ढे पाटने के लिए लाए थे। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत द्वारा गोल्फ कोर्स बनाए जाने पर ये कहा था कि इसकी जरुरत ही क्या है, यहां कौन गोल्फ खेलता है। इसके जवाब में वित्त मंत्री ने कहा कि किसी भी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए इनवायरमेंट बनाने के लिए ये किया गया है। जापान कोरिया के निवेशक वहां नहीं जाते जहां गोल्फकोर्स नहीं होता है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा उनकी सरकार के कार्यकाल में धान खरीदी पर केंद्र द्वारा अडंगा लगाए जाने के आरोप पर वित्त मंत्री ने कहा कियहां से केंद्र में 24 लाख मीट्रिक टन चावल पूर्व में लिया जाता था, जिसे बढ़ाकर 61 लाख मीट्रिक टन केंद्र ने किया। यह एक गैर भाजपा शासित राज्य से 93 लाख मीट्रिक टन धान के चावल लिए गए। अगर ये हुआ तो केंद्र सरकार की वजह से। बजट भाषण को हाथ से लिखे जाने के संबंध में उन्होंने कहा कि हाथ से लिखना विशेष बात नहीं है जो इमोशन फील कर रहा था इसलिए लिखना चाह रहा था। उन्होंने अंत में कहा कि केवल राजनीति के लिए आलोचना नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री को किसान संघ ने विभिन्न मुद्दों पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ प्रदेश के सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम किसानो के महत्वपूर्ण विषयों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होने कहा कि प्रदेश के किसानो को हो रही समस्याओं को लेकर राज्य शासन को सजगता दिखाते हुए उनके निराकरण की आवश्यकता है। उन्होने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर तत्काल निर्णय लेकर किसानों को राहत प्रदान करने की मांग की। जो निम्न है – केन्द्र सरकार द्वारा धान के समर्थन मूल्य में वृध्दि की गई है, अतः राज्य शासन अतिरिक्त राशि 117 रू किसानों को भुगतान करें। धान खरीदी वर्ष 2022–23 की शेष राशि चौथी किश्त राज्य शासन द्वारा दिया जाये। पूरे प्रदेश में कृषि पंपो के बिजली के बिल में छूट हेतु एकरूपता रहे व ऐसे अधिकारी जो किसानों पर दबाव बनाकर अधिक बिजली बिल वसूल रहें हैं उन पर सख्त कार्रवाई हो।

दलहन व तिलहन फसलों की समर्थन मूल्य में खरीदी की व्यवस्था सुनिश्चित हो। गौ वंदन योजना को राज्य शासन जल्द से जल्द लागू करें। धान की तरह ही अन्य सभी फसलों में 20,000 रू. प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी दी जाये। बंदरो से होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ती एवं सुरक्षा सुनिश्चित किया जाये। कच्ची विद्युत कनेक्शन को पक्की किया जाये एवं ट्रांसफार्मर की व्यवस्था किया जाये। स्टाप डैम का मरम्मत किया जाये एवं पानी निकालने के नाम पर बेवजह खाली न किया जाये। समितियों में खाद वितरण व्यवस्था नगद एवं ऋण दोनों हो। खाद दुकानो में युरिया 750 रू. डी.ए.पी. 1650 रू, किमत से बेच रहे किसान मजबूरी में ले रहें हैं, इस पर लगाम लगाया जाये।

हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे ध्येय को पूरा करने वाला बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

छ.ग. शासन के वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा पेश की गई बजट को लेकर ललिता वर्मा भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ने भाजपा के ध्येय वाक्य "हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे" को चरितार्थ करने वाला बजट बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का बजट प्रदेश को डिजिटल, सुरक्षित और विकसित बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर गांवों के विकास, शहरों में नई सुविधाओं और सुरक्षा तक हर क्षेत्र में सरकार ने कुछ नया किया है। आने वाले सालों में छत्तीसगढ़ और आगे बढ़ेगा और देश के सबसे उन्नत राज्यों में शामिल होगा। सरकारी कर्मचारियों के लिए पहली बार छत्तीसगढ़ सरकार ने नया "पेंशन फंड" बनाया है, ताकि सभी सरकारी कर्मचारियों की पेंशन सुरक्षित रहे। साथ ही देश में पहली बार "छत्तीसगढ़ ग्रोथ एंड स्टेबिलिटी फंड" बनाया जा रहा है, जिससे राज्य की आर्थिक स्थिति मजबूत होगा छत्तीसगढ़ के गांवों में रहने वाले कई लोगों को फोन नेटवर्क नहीं मिलता। सरकार अब "मुख्यमंत्री मोबाइल टॉवर योजना" लेकर आई है, जिससे जंगलों और पहाड़ों में बसे गांवों में भी मोबाइल का नेटवर्क मिलेगा। इससे बच्चे ऑनलाइन पढ़ाई कर सकेंगे और लोग अपने रिश्तेदारों से आसानी से बात कर सकेंगे। इसके अलावा कुछ गांवों में पब्लिक बसें नहीं चलतीं, क्योंकि वहां रहने वाले लोग कम होते हैं। अब सरकार "मुख्यमंत्री परिवहन योजना" के तहत ऐसी जगहों पर बसे भी चलने जा रही है ताकि गांव से ब्लाक और जिला मुख्यालय तक लोग आसानी से आ जा सके।

छग सरकार के बजट ने किसानों को किया निराश

तिल्दा नेवरा। किसान नेता राजू शर्मा छत्तीसगढ़ में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट को किसानों के लिए निराशा जनक बताया शर्मा ने कहा कि इस बजट में वर्षों से चले आ रहे हैं फूड प्रोसेसिंग यूनिट की मांग को पूरा नहीं की गई है साथ ही छत्तीसगढ़ में किसानों के लिए सिंचाई योजना या नए बांध की साधन की घोषणा नहीं की गई है साथ ही किसानों की फसल की सुरक्षा दृष्टि से तार अन्य सुरक्षा की दृष्टि से आवारा पशु गाय बैल भैंस जंगली सूअर बुंदेली अन्य जानवरों से फसल नुकसान प्रधान को भी बंद कर दिया गया है पुराने गोटनों में या नया अभ्यारण बनाने की कोई घोषणा नहीं की गई है प्रदेश में अटल ज्योति योजना के तहत शाम 5:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक बिजली कटौती किए के संबंध में भी कोई बात नहीं की गई है किसान इस बजट से त्रस्त है इस बजट में कांग्रेस सरकार के राजीव गांधी न्याय योजना के तहत किसानों का बकाया राशि देने के संबंध में बजट में कोई चर्चा नहीं की गई कुल मिलाकर स्वास्थ्य शिक्षा नौकरी जैसे विषय पर निराशा हाथ लगा

संयंत्र में मना 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड सिलतरा में 54 वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। कार्यकम के मुख्य अतिथि अभिषेक अग्रवाल- कार्यकारी निदेशक रहे।

- गोदावरी पॉवर एण्ड इस्पात लिमिटेड में कर्मचारियों को दिलाई गई सुरक्षा शपथ

कार्यक्रम का शुभारंभ अभिषेक अग्रवाल द्वारा सुरक्षा ध्वज फहराकर किया गया। सभी कर्मचारियों को अजय कुमार जैन उपाध्यक्ष सुरक्षा शपथ दिलाने के साथ हुआ। इसके उपरांत स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के सहायक उपाध्यक्ष डॉ. आकाश पेरिंगोथ ने मुख्य अतिथि एवं सभी अधिकारीगण को सुरक्षा सप्ताह में की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिए प्रतिभागियों के प्रदर्शन का अवलोकन कराया। कार्यकम में नुक्कड नाटक का मंचन किया गया एवं कर्मयोगी केशव कुमार बाघमार एवं झनकार कुमार वर्मा के द्वारा छत्तीसगढ़ी में सुरक्षा गीत सुनाया। अभिषेक अग्रवाल एवं के.व्ही.एस.के.एन रविन्द्रा सी.ओ.ओ जी.पी.आई.एल ने अपने संदेश के माध्यम से सुरक्षा के महत्व को समझाया। इस वर्ष का थीम "सुरक्षा और स्वास्थ्य विकसित भारत के लिए अत्यावश्यक के लिए नेतृत्व पर प्रकाश डाला गया।

उत्पादन से ज्यादा सुरक्षा पर दें ध्यान

मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने सभी कर्मचारियों को उत्पादन से ज्यादा सुरक्षा में विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया। कर्मचारियों को सुरक्षा कार्यकम में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यकम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यकम में के.व्ही.एस.के.एन रविन्द्रा, विनय शांडिल्य, राहूल करवाल, अजय कुमार जैन, आरडी, गुप्ता, उमेश राय, निशांत बाजपेयी, एवं सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे का किया स्वागत

तिल्दा नेवरा। तिल्दा नेवरा जनपद पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे देर शाम खरोरा पहुंचे, क्षेत्र में रैली के बाद वे जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती दुलारी सुरेन्द्र वर्मा एवं अपने समर्थित जनपद सदस्यों के साथ अपने निवास स्थान पहुंचे जहां सभी का आरती उतारकर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे ने जीत का श्रेय अपने बड़े भाई वेदराम मनहरे सहित जनता को दिया व विधायक अनुज शर्मा का भी आभार माना। पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष वेदराम मनहरे ने कहा कि लगातार 25 वर्षों से जनता हमें तिल्दा जनपद में बैठा रही है। यह हमारा 6 वा कार्यकाल है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद तिल्दा नेवरा जनपद पंचायत में पहली बार भाजपा का अध्यक्ष बैठेगा।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

धरसींवा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चंगोराभाठा धरसींवा पूर्व में विज्ञान दिवस के अवसर पर विभिन्न उपकरणों एवं शरीर के पाचन तंत्र, श्वसन तंत्र, उत्सर्जन तंत्र से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई। उसे विस्तार से समझाया भी गया। प्रकाश किस तरह हमारी आंखों में प्रवेश करता है, छाया का बनना, कंकाल तंत्र, प्रकाश संश्लेषण एवं सौरमंडल आदि के मॉडल बच्चों ने प्रस्तुत किए। प्रधानपाठक श्रीमती शोभा वर्मा द्वारा सभी विद्यार्थियों को बधाई दी गई। विज्ञान शिक्षक के मार्गदर्शन के लिए उनकी सराहना की।

मानस के अनेक प्रसंग पर श्रोता हुए भावविभोर

रानीसागर के मानस मंच पर अर्चना मंडली ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

ग्राम रानीसागर में त्रि–दिवसीय राज्य स्तरीय संगीतमय मानसगान व्याख्यान सम्मलेन का आयोजन हुआ। जिसमें अर्चना महिला मानस मंडली बड़ेकरेली की मनमोहक प्रस्तुति ने श्रोताओं को भाव–विभोर कर झूमने पर मजबूर कर दिया। अंचल के विभिन्न ख्याति प्राप्त रामायण मंडलियों की सुमधुर संगीतमय भजनों और –ष्टांत सहित, सटीक व हास्यपूर्ण व्याख्या ने दर्शक दीर्घा को आस्था से भर दिया। रामकथा मानस आयोजक समिति के सदस्य तीरथ साहू, भुवन साहू, मनीराम साहू, शीतल साहू, विजय साहू, पुनाराम साहू, शिवप्रसाद साहू, थानवार साहू, खुमान गुरूजी, उद्धव यादव, सोहन, साहू, सड़कू साहू, हरमोहन साहू के मार्गदर्शन व समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में उक्त आयोजन किया गया। जिसमें ममतामयी महिला मानस मंडली भोथली डोंगरगढ़, जय भोले मानस मंडली रिसदा, जय चंडी महिला मानस मंडली सिंगदेही भखारा, राग रंग मानस मंडली खल्लारी, जय मां चिलडबरी महिला मानस मंडली कोड़ेवा सिकोसा बालोद, मंथन मानस मंडली कपाड़पोड़ी, जय परमेश्वरी बालिका मानस मंडली कोटेरा डौंडी, अर्चना महिला मानस मंडली बड़ेकरेली, वत्सल मानस मंडली फिंगेश्वर, राम नाम के दीप मानस मंडली चिद्दों, पीपर के छईया मानस मंडली परसोदा, स्तुति बालिका मानस मंडली अमोरी, मधुरिमा मानस मंडली झालखम्हारिया ऐसे 18 ख्याति प्राप्ति मानस मंडलियों ने भाग लेकर श्रोताओं को श्री राम चरित मानस की विविध प्रसंगों की यात्र करवाई। साथ ही अपने गीत संगीत व भजनों से भक्तिमय माहौल बना दिया। आयोजक समिति द्वारा ग्राम के नवनिर्वाचित पंच एवं सरपंच तानसिंग साहू को प्रतीक चिन्ह एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं. तरपोंगी तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.)

: सीमांकन के संबंध में सूचना :

दिनांक 28.02.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री हेंमत कुमार सतुजा पिता बल्लूमल निवासी लाखेनगर रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम बिलाडी प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. तरपोंगी तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 104/5 रकबा 0.092 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार तिल्दा-नेवरा के ज्ञापन दिनांक 24.02.2025 के परिपालन में दिनांक 07.03.2025 को 12:00 बजे से किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो वे उक्त दिनांक/समय तक मेरे कार्यालय में या पटवारी हल्का नंबर 07 के तिल्दा स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर कर सकते है। इसके बाद के प्राप्त किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही हो सकेगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक,
रा.नि.मं. तरपोंगी

25 साल की उपलब्धियों पर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं : महंत

रायपुर। विधानसभा में बजट पर सामान्य चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सरकार को इस बात के लिए आड़े हाथों लिया कि नए बजट में 25 साल की उपलब्धियों को शामिल कर आप अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक साल में कौन सा

संस्थान विकसित किया है एक का भी नाम बताएं। एक साल में आपने क्या किया है ये बताएं। डॉ. महंत ने अपने भाषण की शुरुआत इस बात से की कि वित्त मंत्री आंकड़ों के जादूगर हैं, बाजीगर हैं। एक मोटिवेशनल स्पीकर हैं। उन्होंने वित्त मंत्री के लिए कहा कि आपने बजट भाषण में एक बात गलत कही कि पिछली सरकार ने लोकतंत्र के विश्वास की हत्या की। ये कहना आपत्तिजनक है। आपको ये कहने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि आपने एक साल में क्या विकसित किया है। एक बड़े संस्थान का नाम बताएं जिसकी नींव रखी गई है। नेता प्रतिपक्ष ने ये भी कहा कि आपने बजट में 25 साल का उल्लेख कर अपनी पीठ थपथपाई है। उन्होंने सरकार के पिछले बजट के दौरान पेश किए गए स्लोगन ज्ञान(जीवायएएन) की बात करते हुए कहा कि आप गरीब किसे मानते हैं। उनके लिए क्या किया। सरकार की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के हवाले से उन्होंने कहा कि इसी सर्वे में बताया गया है कि वर्ष 2025 में कुल 6 पीए आवास बने हैं। यही नहीं 17 लाख बेरोजगारों के भत्ता देना बंद कर दिया। 33 हजार शिक्षकों की भर्ती करने की बात कही थी। लेकिन नहीं किया। राज्य के पांच शक्कर कारखाने बंद हो गए हैं। वहां शक्कर गुड़ नहीं नही बन रहा है, राब से शराब बन रही है। अपराध की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि 2024 में बलात्कार के 3191 मामले सामने आए हैं। रायपुर, बिलासपुर, कोरबा में सबसे ज्यादा मामले हैं। राज्य में हर तीन घंटे में एक महिला से रेप हो रहा है। सुशासन अभिसरण मुख्यमंत्री का विभाग है, लेकिन इसका काम दो एनजीओ से करवा रहे हैं। क्या राज्य में इस काम के लिए अधिकारी नहीं है।

भूपेश ने हस्तलिखित बजट में निकाली खामियां

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए हस्तलिखित बजट भाषण के संबंध में कहा कि यह सौ पेज की एक रफ कॉपी है। क्या वित्त मंत्री को अपने सचिवालय पर भरोसा नहीं है। बजट एक दस्तावेज है जो

हमेश रहेगा, लेकिन बजट भाषण में जिस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल किया गया है वह हास्यास्पद है। पेज 97 का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें हिंदी और अंग्रेजी में लिख रहे हैं। वित्त मंत्री द्वारा बजट भाषण में कहा गया कि हमने 10 में से 10 निगम जीतकर रिकार्ड तोड़ा है। इस पर श्री बघेल ने कहा कि रिकार्ड बनाया है, तोड़ा नहीं है। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने भी दस सीटें जीती थीं। उन्होंने ये भी कहा कि सरकार 25 साल की उपलब्धियों को आप आपने खाते में कर रहे हैं। पीएम आवास योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 18 लाख आवास की योजना बनी थी। सर्वे हुआ था तब भी। 7 लाख आवास हमने बनाए, आपने 11 लाख। अब तक 13 हजार लोगों ने ही गृह प्रवेश किया है ये आपकी स्पीड है। उन्होंने कहा कि सरकार का बजट दिशाहीन है। इससे किसी का भला नहीं होने वाला है।

बजट पर सामान्य चर्चा का हुआ समापन

वित्त मंत्री ने विपक्ष के आरोप पर चुन-चुन कर दिया जवाब
आपके थोथे नारों से जनता त्रस्त थी, अब ब्लेम गेम नहीं चलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट पर सामान्य चर्चा में विपक्ष के आरोप का जवाब देते हुए जबरदस्त पटलवार किया। खास बात ये रही कि उन्होंने विपक्ष के नेता, सदस्यों द्वारा लगाए गए आरोप का चुन-चुनकर जवाब दिया। श्री चौधरी ने कहा कि आपके थोथे वादों से जनता त्रस्त रही, अब ब्लेम गेम नहीं चलेगा। केवल राजनीति के लिए आलोचना नहीं होनी चाहिए।

श्री चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर कहा जिसमें उन्होंने कहा था कि निगम की दस सीट जीतकर भाजपा ने रिकार्ड तोड़ा नहीं है। इसके जवाब में कहा कि वे भी दस में दस जीते थे, लेकिन स्थानीय चुनाव में दो वोट के अधिकार को छीनकर एक वोट कर दिया गया था। एक व्यक्ति को रायपुर का मेयर बनाने के लिए नगरीय इलेक्शन का सिस्टम बदला था। वह डायरेक्ट चुनाव जीत नहीं सकता था। वह पार्षद चुनाव भी हार गया। ये जनका के अधिकार की हत्या कर रिकार्ड बनाते हैं। ऐसी जीत उन्हें ही मुबारक। अब हमारी सरकार ने दो वोटों का अधिकार वापस दिया है। ये चुनाव जनमत संग्रह है। हमारी सरकार ने इसकी हिम्मत की। डायरेक्ट इलेक्शन अलग होता है, इनडायरेक्ट अलग होता है। दस में दस सीधे वोट देकर जनता ने हमारे प्रत्याशी जिताए, ये जनमत संग्रह है। पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा मानव विकास के संबंध में कही गई बात के जवाब में वित्त मंत्री ने आंकड़ो सहित बताया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत इन्होंने कुल मिलाकर 5- 7 हजार करोड़ रुपए बांटे वह भी चार किस्तों में। लेकिन हमारी सरकार ने पिछले साल में 13 हजार 30 करोड़ और इस साल 12 हजार करोड़ रुपए किसानों को एक साथ भुगतान किया। किसानों के धान के भुगतान, प्रधानमंत्री कृषक सम्मान, दीनदयाल भूमिहीन योजना, गन्ना किसानों को बोनस और गन्ना की एमएसपी सहित सवा साल में किसानों को एक लाख करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है। यही कारण है कि जनता का हर चुनाव में हमें आशीर्वाद मिल रहा है। विपक्ष के सदस्य उमेश पटेल और राधवेंद्र कुमार सिंह के आरोप का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विकास दर 7.51 है जो देश के राष्ट्रीय औसत 6.7 से अधिक है। वित्त मंत्री ने ये भी कहा कि सरकार ने एफआरबीएम एक्ट और आरबीआई की गाइड़ लाइन का अक्षरक्षः पालन किया है और जीएसडीपी का 19 प्रतिशत ही कर्ज लिया है। इसके जवाब में राधवेंद्र सिंह ने कहा कि आपका ही डाटा 28-29 प्रतिशत बता रहा है, इससे कम है तो आंकड़े रख दें। श्री चौधरी ने ये भी कहा कि हमने 19 हजार करोड़ का अनुपूरक पिछली सरकार के गड्ढे पाटने के लिए लाए थे। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत द्वारा गोल्फ कोर्स बनाए जाने पर ये कहा था कि इसकी जरुरत ही क्या है, यहां कौन गोल्फ खेलता है। इसके जवाब में वित्त मंत्री ने कहा कि किसी भी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए इनवायरमेंट बनाने के लिए ये किया गया है। जापान कोरिया के निवेशक वहां नहीं जाते जहां गोल्फकोर्स नहीं होता है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा उनकी सरकार के कार्यकाल में धान खरीदी पर केंद्र द्वारा अडंगा लगाए जाने के आरोप पर वित्त मंत्री ने कहा कियहां से केंद्र में 24 लाख मीट्रिक टन चावल पूर्व में लिया जाता था, जिसे बढ़ाकर 61 लाख मीट्रिक टन केंद्र ने किया। यह एक गैर भाजपा शासित राज्य से 93 लाख मीट्रिक टन धान के चावल लिए गए। अगर ये हुआ तो केंद्र सरकार की वजह से। बजट भाषण को हाथ से लिखे जाने के संबंध में उन्होंने कहा कि हाथ से लिखना विशेष बात नहीं है जो इमोशन फील कर रहा था इसलिए लिखना चाह रहा था। उन्होंने अंत में कहा कि केवल राजनीति के लिए आलोचना नहीं होनी चाहिए।

केज कल्चर की अनुदान राशि में अनियमितता का मामला

मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी का कारनामा
अपनी पत्नी के नाम पर निकाल लिया सरकारी पैसा

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने बालोद में केज कल्चर अनुदान राशि में अनियमितता का मुद्दा उठाया। उन्होंने अनुदान की पात्रता शर्तों और भौतिक सत्यापन को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, बालोद जिले में एक अधिकारी की पत्नी के नाम पर 19 लाख रुपए जारी हुआ है। स्वीकृत अनुदान राशि में अनियमितता की गई है। उन्होंने पूछा कि आपके पास बिना भौतिक सत्यापन के राशि जारी करने का कोई मामला आया है क्या? मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अनुपस्थिति में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जवाब दिया। उन्होंने कहा, अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। कांग्रेस विधायक ने कहा, जिले का एक अधिकारी ने अपनी पत्नी के नाम पर केज कल्चर की राशि निकाली है। उन्होंने इस पर कार्रवाई की मांग की। मंत्री जायसवाल ने कहा, इस पर जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। मामले में कांग्रेस विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि इस मामले में शासन को शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। सहायक संचालक आरके बंजारे को अब रिटायर होने के बाद आरोप पत्र जारी किया गया है। 3 करोड़ से अधिक की अनियमितता का यह मामला है। उन्होंने कहा, मामले में जांच करने वाले अधिकारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। अलग-अलग परिवार व लोगों के लिए काम किया गया। तीन साल में लीज लेकर अपनी पत्नी के नाम से 19 लाख 30 हजार रुपए की सब्सिडी का मामला है। विधानसभा अध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद मंत्री ने मामले की जांच कराने की घोषणा करते हुए कहा, इस पर जल्द से जल्द जांच कर कार्रवाई करेंगे।

छत्तीसगढ़ के सर्पलोक जशपुर में पिछले 3 साल में सर्पदंश से 96 मौतें, बिलासपुर में 431 मौतें

छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रश्नकाल में भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने सर्पदंश से हुई मौत के बाद मुआवजा देने को लेकर पूछा कि जशपुर को छत्तीसगढ़ का सर्पलोक कहा जाता है। जशपुर में 2022, 23, 24 में तीन साल में सर्पदंश से 96 मौतें हुई हैं, जबकि बिलासपुर में सर्पदंश से 431 मौतें हुई हैं। उन्होंने कहा, पूर्ववर्ती सरकार में मुआवजे के भ्रष्टाचार का रैकेट चल रहा था।

बिलासपुर में 17 करोड़ 24 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया। जशपुर में 3 करोड़ 84 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया। जिन मरीजों को फर्जी मुआवजे के आधार पर रैकेट के माध्यम से भुगतान किया गया, अगर जांच कराई गई है, तो दोषी अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, फर्जी प्रकरण बनाकर मुआवजा दिया गया है। पहली बार ये जानकारी सामने आई है, इसकी जांच कराई जाएगी। विधायक ने कहा, पूर्ववर्ती सरकार में शिकायत हुई है। सर्पलोक जशपुर में 96 मौतें होती हैं और बिलासपुर में 400 से ऊपर मौतें सांप काटने से बताई जा रही है। राजस्व के अधिकारी सीएमओ से पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट की जानकारी मांगते हैं और सीएमओ उस रिपोर्ट के बिना डॉक्टर के प्रतिवेदन को सत्यापित करते हैं। राजस्व और स्वास्थ्य अधिकारी की मिलीभगत से करोड़ों का घोटाला हुआ है। क्या इसकी सचिव स्तर के अधिकारी से जांच कराएंगे? मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, मुआवजे की प्रक्रिया ही यही है। जैसे सर्पदंश से कोई पीड़ित हॉस्पिटल गया और उसकी मौत हो गई, तो स्वास्थ्य विभाग से मिले प्रमाणपत्र के आधार पर राजस्व विभाग उन्हें मुआवजा देते हैं। अब तक ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली। विधायक के पास यदि ऐसी कोई शिकायत है, तो इसके बारे में बताएं, इसकी जांच और कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने कहा कि कलेक्टर और एसडीएम द्वारा मुआवजा देने की बात है, क्या इसकी सचिव स्तर के अफसर से जांच कराई जाएगी।

संर्पदंश पर कैसे मिलेगा मुआवजा

भाजपा विधायक धरमजीत सिंह ने पूछा कि दूरस्थ किसी क्षेत्र में यदि किसी को सांप काट लेता है, तो इसके लिए क्या-क्या करना पड़ता है। इसकी पूरी प्रक्रिया के बारे में बताइए। मंत्री टंकराम वर्मा ने

कहा, सर्पदंश और इसके इलाज के लिए वैक्सीन सभी स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध रहता है। किसी को यदि सांप काटता है, तो तुरंत अस्पताल पहुंचाया जाता है। समय पर अस्पताल पहुंच जाते हैं, तो इलाज हो जाता है। यदि समय पर नहीं पहुंच पाए, तो स्वास्थ्य विभाग की तरफ से उन्हें सर्टिफिकेट देते हैं। स्वास्थ्य विभाग के प्रमाणपत्र के बाद एसडीएम या कलेक्टर की तरफ से मुआवजा दिया जाता है। विधायक धरमजीत सिंह ने कहा, सांप काटने के बाद क्या-क्या प्रमाण दिखाने पड़ते हैं। मंत्री ने जवाब दिया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में ये बात आएगी कि सर्पदंश से मौत हुई है। इसके बाद प्रमाणपत्र बनेगा, इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सभी लोगों का पोस्टमार्टम हुआ कि नहीं

विधायक भावना बोहरा ने पूछा कि सर्पदंश के बाद एंटी वेनम सिर्फ जिला चिकित्सालय में है.। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी वेनम नहीं है,

जिससे समय पर इलाज नहीं हो पाता। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी ने जवाब दिया कि सभी अस्पतालों में एंटी वेनम है। धरमलाल कौशिक ने कहा, पूरे छत्तीसगढ़ में नाग लोग जशपुर है, लेकिन हैरानी हो रही है कि बिलासपुर में 400 से ज्यादा लोगों की सर्पदंश से मौतें हो रही हैं। पहचान बदल रही है। सवाल है कि सारे लोगों को पोस्टमॉर्टम हुआ है या नहीं। यदि पोस्टमॉर्टम नहीं हुआ है, तो उसका मुआवजा नहीं दिया जाएगा।

अमलीडीह में रामा बिल्डकॉन को आवंटित शासकीय जमीन का आवंटन निरस्त

अमलीडीह की शासकीय भूमि का आवंटन रामा बिल्डकॉन को किए गए जाने पर भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने पूछा जमीन आबंटन निरस्त होने का कारण क्या है? जवाब में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, मंत्रिमंडल में नियम में बदलाव की वजह से आबंटन निरस्त कर दिया गया था। जमीन आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई थी, बल्कि प्रक्रियाधीन थी, इस दौरान कैबिनेट का फैसला आ गया, जिसके बाद जमीन का आवंटन नहीं किया गया। प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने पूछा, जब भूमि का आबंटन निरस्त किया गया, तब बाजार की दर क्या थी? चराई की भूमि का आबंटन नहीं किया जा सकता है। 56 करोड़ रुपए पटाया जाना था, लेकिन सिर्फ 9 करोड़ रुपए की राशि जमा की गई थी। अधिकारियों ने जो इस तरह से काम किया था उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी? जवाब में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, भूमि का आबंटन की प्रक्रिया चल रही थी। राशि नहीं पटाई गई थी। शासन ने आबंटन निरस्त कर दिया था। विधायक धरमलाल कौशिक ने पूछा कि भूमि रिकॉर्ड में किसके नाम पर है? राजस्व मंत्री ने बताया कि आबंटन कलेक्टर द्वारा किया जाता है, जब राशि पटाई जाती है। राशि जमा करने के पूर्व ही आबंटन रद्द कर दिया गया था। रिकॉर्ड में भूमि शासन के नाम पर ही दर्ज है। कलेक्टर द्वारा डिमांड लेटर दिया ही नहीं गया था।

मंत्री सदन में झूठ बोल रहे

भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने पूछा कि आबंटन की प्रक्रिया गलत थी, इस पर क्या कार्रवाई की जाएगी? सरकार की जमीन की अफरा तफरी करेंगे? 56 करोड़ की जमीन को 9 करोड़ रुपए में कर देंगे? जवाब में राजस्व मंत्री ने कहा, आबंटन किया ही नहीं गया। भाजपा विधायक कौशिक ने पूछा कि सरकारी जमीन में बंदरबांट की गई है। यह सिर्फ एक प्रकरण नहीं है। मंत्री सदन में असत्य कथन कर रहे हैं। भाजपा विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि मेरी ही शिकायत पर रामा बिल्डकॉन को आबंटित जमीन निरस्त की गई थी, लेकिन सदन में दिये गए जवाब में रिकॉर्ड में जमीन बिल्डकॉन के नाम पर ही दर्ज दिख रहा है।

खबर संक्षेप

बड़े बकायादारों पर निगम की कार्रवाई

रायपुर। नगर निगम जोन 1 के राजस्व विभाग की टीम ने डिमांड बिल और नोटिस देने के बाद भी संपत्तिकर जमा नहीं करने वाले बकायादारों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की। 2 बड़े बकायादारों के भवन सीलबंद करने की कार्रवाई की गई। यतियतन लाल वार्ड क्षेत्र के बड़े बकायादार नवीन चौधरी को वर्ष 2016-17 से बकाया राशि 5,10,401 रुपये और रामगोपाल अग्रवाल की वर्ष 2016-17 से बकाया राशि 1,0,5408 रुपये के संपत्ति कर का भुगतान सूचना के बाद भी नहीं करने पर तालाबंदी की कार्रवाई की गई।

नाली सफाई अभियान

रायपुर। नगर निगम जोन 4 के स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड में नालियों की सफाई के लिए अभियान चलाया। सफाई कामगारों से गैंग से नालों की मेनुवल सफाई कराई गई। सफाई कार्य का वार्ड पार्षद अमर गिदवानी, जोन प्रभारी अधिकारी सूर्यकांत श्रीवास्तव सहित जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र चंद्राकर ने प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

इंडिया टीम की जीत जश्न

रायपुर। चैंपियंस ट्राफी के सेमीफायनल मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमाचंक मैच में भारतीय क्रिकेट टीम ने जीत दर्ज की है। इसे लेकर राजधानी में भी क्रिकेट प्रेमियों में दोगुना उत्साह नजर आया। फायनल में इंडिया टीम की जगह सुनिश्चित होने पर लोगों ने विभिन्न तरीके से खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न इलाकों में पटाखे फूटे और कई हिस्सों में लोगों ने हो हल्ला मचाकर खुशियां मनाई।

महिलाओं को समझाया गया जन औषधि की महत्ता

रायपुर। जन औषधि के बारे में लोगों को जागरुक करने चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को महिलाओं को इसकी महत्ता और सस्ती होने के गुण बताए गए। एमआर कालोनी के जवाहर गार्डन स्थित बापू की कुटिया में आयोजित कार्यक्रम में शामिल भाग्यश्री दीवान, चेतना सैनिक, सरिता नासरे, शुभांगी आप्टे, श्रुति नंदा, शताब्दी पांडे, कृष्णा लाहोटी, ममता जैन सीमा पाटनकर, सुनीता चंसुरिया एवं विशाखा तोपखानेवाले ने विभिन्न क्षेत्रों में अपने अनुभव साझा किए। जन औषधि परियोजना के छत्तीसगढ़ के प्रबंधक अनिश वोडीतेलवार ने परियोजना एवं महिला स्वावलंबन की दिशा में जन औषधि कि प्रतिबद्धता एवम उत्पादों के बारे में बताया। पार्षद स्वप्निल मिश्रा ने सभी महिलाओं के कार्य को सराहा एवम जन औषधि परियोजना की ओर से महिलाओं के लिए उपयोगी किट का वितरण किया।

जिला पंचायतों में भाजपा समर्थितों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में आज जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव में दुर्ग, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर, खैरागढ़, बेमेतरा, कांकेर, दंतेवाड़ा, बस्तर, कोरिया, बलरामपुर, सक्ती, जांजगीर-चांपा, गरियाबंद, बीजापुर और सूरजपुर जिले से बीजेपी के प्रत्याशी की जीत अध्यक्ष पद के लिए हो गई है। बीजेपी प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बताया कि जनता ने विश्वास दिलाया है और क्षेत्र का विकास के लिए आम जनता आशीर्वाद लेकर विकास करेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए 16 जिलों के जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव के परिणाम भाजपा के पक्ष में आया है। आने वाले दिनों में अन्य जिलों में भी भाजपा के पक्ष में परिणाम आएंगे। कांग्रेस पंचायतों में पूरी तरह साफ हो गई है।

इन जिलों में हुए चुनाव : कांकेर जिले से भाजपा की किरण नरेटी जिला पंचायत अध्यक्ष बन गई है। भाजपा की किरण नरेटी ने कांग्रेस की झरना ध्रुव को हराया। भाजपा की तारा ठाकुर उपाध्यक्ष बनी है। दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष पद एससी महिला के लिए आरक्षित है। भाजपा से सरस्वती बंजारे का नाम पहले ही तय था. नामांकन के दौरान कांग्रेस की ओर से एक भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं भरा. भाजपा से अध्यक्ष पद के लिए सरस्वती बंजारे पति सत्य प्रकाश बंजारे का एक मात्र नामांकन प्राप्त हुआ, जिससे जिला पंचायत दुर्ग अध्यक्ष पद पर सरस्वती बंजारे को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा के पवन शर्मा निर्वाचित हुए। वहीं जिला पंचायत बस्तर में भाजपा काबिज हुई है। भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी वेदमति कश्यप को निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर भारतीय जनता पार्टी के ही बलदेव मंडावी चुने गए। कोरिया जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर मोहित पैकरा ने जीत हासिल की. उपाध्यक्ष पद के लिए वंदना राजवाड़े निर्विरोध चुनी गईं। बलरामपुर जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामनी निकुंज और धीरज सिंह देव को जिला पंचायत का उपाध्यक्ष चुना गया है। जांजगीर चांपा जिला में जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता आंनद मिरी निर्विरोध अध्यक्ष और बीजेपी के गगन जयपुरिया को निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना गया। कोरबा जिला पंचायत के अध्यक्ष पद पर भाजपा के पवन कुमार सिंह, सक्ती जिला पंचायत से भाजपा के कीर्तन चंद्र, जांजगीर-चांपा जिला पंचायत में सत्य लता मिरी, गरियाबंद जिला पंचायत में गौरीशंकर कश्यप, सूरजपुर से चंद्रमणि निर्विरोध, बस्तर जिला पंचायत में वेतमति कश्यप निर्विरोध निर्वाचित हुए। बीजापुर जिला पंचायत से भाजपा की जानकी कोर्स चुनाव जीती। खैरागढ़ जिला पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए प्रियंका खंबन ताम्रकार और उपाध्यक्ष के तौर पर विक्रांत सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए।

दंतेवाड़ा में रोचक रहा मुकाबला

दंतेवाड़ा में उछला सिक्का भाजपा के पक्ष में : दंतेवाड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए हो रहे चुनाव में बेहद रोचक मुकाबला दिखा। यहां भाजपा से नंदलाल मुड़ामी और कांग्रेस की तुलिका कर्मा के बीच रोचक और कड़ा मुकाबला हुआ। यहां 5 सीटों पर बीजेपी, 3 पर कांग्रेस और 2 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों का कब्जा है। यहां बीजेपी के प्रत्याशी को 5 वोट मिले और कांग्रेस की प्रत्याशी को भी 5 वोट मिले। दोनों प्रत्याशियों को बराबर-बराबर वोट मिलने से मुकाबला रोचक हो गया। जिसके बाद दोनों प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला ड्रॉ सिस्टम से निकालना पड़ा। भाजपा के प्रत्याशी नंदलाल मुड़ामी का भाग्य खुला और मुड़ामी की जीत हो गई। अरविंद कुंजाम उपाध्यक्ष बने।

भाजपा को नगरीय निकाय में मिली जीत के कारण बना है दौरा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा रायपुर आएंगे विस सत्र के बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में भाजपा को नगरीय निकाय चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत के कारण भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रायपुर आ रहे हैं। पहले उनका यहां पर 9 मार्च को आने का कार्यक्रम तय हो गया था, लेकिन पंचायत चुनावों के बाद जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव 12 मार्च तक होने के कारण अब उनका 24 मार्च को आने का कार्यक्रम बना है। अपने इस दौरे में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश संगठन और प्रदेश सरकार के साथ कई मुद्दों पर मंथन करेंगे। कुछ बड़े फैसले भी होने की संभावना है। अध्यक्ष के रूप में यह उनका अंतिम दौरा होगा, क्योंकि भाजपा में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव इसी माह होने की संभावना है।

नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा के सभी दस नगर निगमों में महापौर बने हैं। इसी के साथ 49 नगर पालिकाओं में से 35 में भाजपा के अध्यक्ष बने हैं। इसी के साथ 114 नगर पंचायतों में से 81 में भाजपा के जहां अध्यक्ष बने हैं, वहीं 84 में भाजपा को बहुमत मिला है। भाजपा की इस सफलता से भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व बहुत ज्यादा खुश है। ऐसे में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यहां पर आकर प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों और प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल से मिलने का फैसला किया है। उनकी यहां पर बैठकें होगी तो प्रदेश सरकार और संगठन के साथ मंथन करके कुछ बड़े फैसले भी हो सकते हैं। जहां प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी का ऐलान होना है, वहीं निगम, मंडल, आयोगों में नियुक्तियां होनी हैं। इसी के साथ मंत्रिमंडल का विस्तार भी बचा हुआ है। इन मुद्दों पर भी कोई बड़ा फैसला हो सकता है। उनके दौरे के एक दिन पहले प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन रायपुर पहुंच जाएंगे।

अध्यक्ष के रूप में होगा अंतिम दौरा

श्री नड्डा का रायपुर का यह दौरा अध्यक्ष के रूप में अंतिम दौरा होगा। भाजपा के नए अध्यक्ष को लेकर कवायद चल रही है। होली के बाद कभी भी चुनाव की तिथि का ऐलान हो जाएगा। 21 से 23 मार्च तक बेंगलुरु में आरएसएस की बड़ी बैठक होनी है। इसमें भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जाएंगे। आरएसएस की यह बैठक भी श्री नड्डा की अध्यक्ष के रूप में अंतिम बैठक होगी। इस बैठक के ठीक दूसरे दिन उनका रायपुर आने का कार्यक्रम है।

धमतरी और दुर्ग कलेक्टर बदले गए

रायपुर। राज्य शासन ने दो कलेक्टर सहित पांच आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। रायपुर नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा को धमतरी का कलेक्टर बनाया गया है। वहीं आईएएस अभिजीत सिंह को दुर्ग जिले कर कलेक्टर नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसके आदेश जारी किए हैं। जिन आईएएस अधिकारियों का हुआ तबादला किया गया है, उनमें 2012 बैच के आईएएस अभिजीत सिंह को दुर्ग का कलेक्टर बनाया गया है, इससे पहले वह विशेष सचिव गृह एवं जेल विभाग और चिकित्सा विभाग सहित कई विभागों में अहम जिम्मेदारी निभा रहे थे। 2018 बैच के आईएएस अबिनाश मिश्रा को धमतरी का कलेक्टर बनाया गया है। वे रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त और रायपुर स्मार्ट सिटी में पदस्थ थे। इसके अलावा साल 2019 बैच की आईएएस रेना जमील, उप सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सचिव, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। 2019 बैच के आईएएस ऑफिसर विश्वदीप को रायपुर नगर निगम का आयुक्त बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें रायपुर स्मार्ट सिटी का प्रबंध संचालक भी नियुक्त किया गया है। 2020 बैच के आईएएस कुमार बिश्वरंजन को चिप्स का मुख्य कार्यपालन अधिकारी और सीईओ जिला पंचायत रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है।

खबर संक्षेप

शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव को सौंपा ज्ञापन

रायपुर। बर्खास्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक जो अपनी सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर लगातार संघर्षरत हैं, ने आज सेवा सुरक्षा के लिए गठित समिति को ज्ञापन सौंपकर मुख्य सचिव से जल्द से जल्द बैठक आयोजित करने ज्ञापन सौंपा। सहायक शिक्षकों ने बताया कि अचानक नौकरी से निकाले जाने से वे बेरोजगार हो चुके हैं, जिससे उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उनकी योग्यता और मेरिट के बावजूद उन्हें नौकरी से निकाले जाने के कारण समाज में उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है, जिससे वे मानसिक अवसाद में चले गये हैं। बर्खास्त किये गये शिक्षकों को अन्य स्कूल कालेजों में भी नौकरी नहीं मिल रही है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द समायोजन कि प्रक्रिया जल्द शुरू करने की सरकार से अपील की है, जिससे बेरोजगारी और मानसिक अवसाद से जूझ रहे शिक्षकों को न्याय मिल सके।

रंगमंदिर में ऑल इंडिया मुशायरा 22 को

रायपुर। गांधी चौक स्थित रंगमंदिर में 22 फरवरी को रात्रि 8 बजे से बदस्तूर जारी ब यादगारे कामरेड अकबर व सलमा सरोश ऑल इंडिया मुशायरा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कामरेड अकबर की स्मृति में फिल्म आर्ट कल्चर एंड थिएट्रिकल सोसायटी (एफ एसी टी एस) द्वारा किया जा रहा है। इस मुशायरे में देशभर शिरकत करेंगे। यह जानकारी एफएसीटीएस के से संयोजक जीवेश चौबे ने देते हुए बताया कि मुशायरे की सदारत वरिष्ठ शायर इक़बाल अशहर एवं निज़ामत शायर प्रो. रहमान मुसव्विर करेंगे। इनके साथ तारा इक़बाल, शगुफ्ता यास्मीन गज़ल, रश्मि सबा, माधवी शंकर एवं जनाब जावेद नदीम नागपुरी, इम्माइल राज, डॉ दिलावर हुसैन शामिल हैं। मुशायरे की शुरुवात इक़बाल साहब की दुआ से होगी। इसके बाद शरीफ रायपुरी की किताब छत्तीसगढ़ के उर्दू मुसान्निफिन व शोअरा का विमोचन होगा। इस मुशायरे में नगर के सभी सुधिजन सादर आमंत्रित हैं।

पीएचडी कोर्स वर्क अब अप्रैल से

रायपुर। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा पीएचडी कोर्स वर्क की तिथियों में बदलाव किया गया है। पूर्व में पीएचडी कोर्स वर्क की शुरुआत एक मार्च से होनी थी। अब इसकी कक्षाएं एक अप्रैल से लगेंगी। रविवि ने इसके लिए आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। शोधार्थियों को भी इसकी सूचना दे दी गई है। हालांकि विवि द्वारा यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि तिथियों में यह बदलाव किस कारण हुआ है। गौरतलब है कि शोध प्रारंभ करने के पूर्व शोधार्थियों को निर्धारित अवधि तक सैद्धांतिक कक्षाओं में उपस्थित होना अनिवार्य होता है।

दवाओं और खाद्य पदार्थों की जांच करने वाला एफडीए होगा अपडेट, हर जिले में अपना भवन और गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दवाओं और विभिन्न तरह के खाद्य पदार्थों की जांच करने वाले खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) को संसाधनों से लैस किया जाएगा। हर जिले में इनका अपना भवन और गाड़ियां होंगी। राज्य शासन ने अपने बजट में नवा रायपुर में आधुनिक लैब बनाने के लिए जमीन और मशीन खरीदी के लिए लिए 378.80 लाख रुपए का प्रावधान किया है। इसके अलावा लैब में मानव संसाधन की व्यवस्था के लिए 35 पद सृजित किए गए हैं।

राज्य शासन प्रदेश में गुणवत्ता पूर्ण दवाओं और खाद्य पदार्थों की बिक्री को लेकर काफी गंभीर है। इसे ध्यान में रखते हुए इनकी जांच और निगरानी करने वाले एफडीए को सुविधा संपन्न बनाने की तैयारी की जा रही है। बजट में इन

नवा रायपुर में आधुनिक लैब, जमीन और मशीन खरीदी के लिए 378.80 लाख का प्रावधान

जब्त सामान में खुले में रखना मजबूरी

एफडीए के मैदानी टीम के पास अभी अपना कार्यालय नहीं होने की वजह से किसी प्रकरण में जब्त किए गए सामानों खुले में रखना मजबूरी होता है। कुछ ही जिलों के पास अपना भवन है यहां तक रायपुर जिले की एफडीए टीम का कार्यालय भवन भी लैब की बिल्डिंग में संचालित होगा। अपनी बिल्डिंग होने के बाद मैदानी अमले को जब्ती सामान और दस्तावेज सुरक्षित रखने में आसानी होगी।

औषधि प्रयोगशाला के लिए यह पद सृजित

- उप औषधि नियंत्रक के 6 पद
- सहायक संचालक (प्रशासन) के 5 पद
- सहायक ग्रेड-2 के 7 पद
- सहायक ग्रेड 3 के 3 पद
- चौकीदार के 8 तथा भृत्य के 3 पद

जिला कार्यालय के लिए अपना भवन बनाने के लिए 524.40 लाख रुपए का व्यय होगा। इस वर्ष 150 लाख का व्यय संभावित है। इसके साथ ही मैदानी अमले को सक्रिय रखने के लिए 10 नयी गाड़ियां खरीदने का प्रावधान भी किया गया है। बजट में नवा रायपुर में आधुनिक सुविधाओं वालों इंटीग्रेटेड लैब बनाने के लिए जमीन खरीदी और भवन निर्माण के लिए भी 268 लाख रुपए खर्च होगा। लैब मानव संसाधन से सुसज्जित होगा। इसके लिए 35 पद सृजित किए गए हैं। वर्तमान में एफडीए का राज्य स्तर लैब का संचालन राजधानी में कालीबाड़ी के समीप संचालित होता है। आवश्यकता के हिसाब से कार्यालय काफी छोटा है और यहां जरूरतों के हिसाब से जांच की सुविधा नहीं मिल पाती है। सीमित संसाधन होने की वजह से जांच टीम को भी भेजे गए सैंपलों की रिपोर्ट के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है।

एमबीए के एक्जाम में मैनेजमेंट फेल

परीक्षा खत्म होने के पांच मिनट पहले छात्रों से कहा-एक प्रश्न बदला जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वामी विवेकानंद विवि द्वारा आयोजित की जा रही सेमेस्टर परीक्षाओं में बुधवार को अपने स्तर का अलग ही मामला सामने आया। मैनेजमेंट की परीक्षा में मिस मैनेजमेंट हो गया।

एमबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान समय समाप्त होने के महज पांच मिनट पहले ही विद्यार्थियों को बताया गया कि एक सवाल में बदलाव किया गया है। कई छात्र उक्त सवाल को हल कर चुके थे। ऐसे में चंद मिनट पूर्व ही सवाल बदले जाने से वे असमंजस में पड़ गए। अधिकतर छात्र सवाल हल ही नहीं कर सके।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

वहीं विश्वविद्यालय का कहना है कि उनके द्वारा प्रश्न में बदलाव परीक्षा प्रारंभ होने के कुछ मिनट बाद ही कर दिया गया था। महाविद्यालयों को तत्काल मेल भी कर दिया गया था। यदि छात्रों को अंतिम समय में जानकारी मिली है तो इसके लिए कॉलेज प्रबंधन ही जिम्मेदार है। प्रबंधन द्वारा एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच विद्यार्थी बोनस अंक देने अथवा उक्त प्रश्न को विलोपित करने की मांग कर रहे हैं।



6 अंकों का था सवाल

छात्र इसलिए भी अधिक परेशान हो रहे हैं क्योंकि यह सवाल एक-दो अंकों का ना होकर 6 अंकों का था। उल्लेखनीय है कि 5 मार्च आयोजित एमबीए प्रथम सेमेस्टर के अंतर्गत अकाउंटिंग फॉर मैनेजर्स विषय की परीक्षा थी। कई परीक्षा केंद्र के छात्रों का आरोप है कि परीक्षा समाप्त होने से पहले आखिरी पांच मिनट में एक प्रश्न अचानक बदल दिया गया, जिससे कई छात्रों को भ्रम हुआ और नुकसान हुआ। मूल प्रश्न में कार्य लागत और प्रक्रिया लागत के बीच अंतर स्पष्ट करने कहा गया था। इसे बाद में बदलकर अनुबंध लागत और प्रक्रिया लागत के बीच अंतर स्पष्ट करने कहा गया। यह प्रश्न यूनिट 4 का था और 6 अंक का था।

मूल प्रश्न के आधार पर मूल्यांकन

एक परीक्षा केंद्र के छात्र ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया, अंतिम क्षण में अचानक हुए बदलाव के कारण कई छात्र संशोधित प्रश्न का प्रयास करने में असमर्थ रहे, जिससे परीक्षा में हमारे प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। यदि इस परिवर्तन के बारे में पहले ही सूचित कर दिया गया होता, तो कई छात्रों ने संशोधित सवाल ही हल किया होता। छात्रों ने विवि से उचित कार्रवाई की मांग करते हुए बोनस अंक देने, प्रश्न को विलोपित करने अथवा मूल प्रश्न के आधार पर ही मूल्यांकन करने का आग्रह किया है।

पाठ्यक्रम से बाहर था सवाल

परीक्षा प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा प्रारंभ होने के कुछ देर बात सूचना मिली की एक प्रश्न पाठ्यक्रम से बाहर पूछा गया है। इसके बाद इसमें बदलाव किया गया। हमने 10 बजकर 50 मिनट तक सभी महाविद्यालयों को प्रश्न बदले जाने की सूचना दे दी थी। विलंब महाविद्यालय स्तर पर हुआ है।

- डॉ.अमित राजपूत, परीक्षा नियंत्रक, सीएसवीटीयू

डीजे की तेज आवाज से आ गया बहरापन, आईटी इंजेक्शन लगाकर हुआ इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डीजे की तेज आवाज के लगातार संपर्क में आने की वजह से मरीज को कम सुनाई देने की समस्या आने लगी थी। इसी तरह दूसरे के कान में थर्माकोल का टुकड़ा घुस गया और श्रवण शक्ति बाधित हो रही थी।

- जिला अस्पताल में राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम कार्यक्रम

जिला अस्पताल के डाक्टरों ने इंट्राटिम्पैनिक इंजेक्शन के जरिए उनकी समस्या का समाधान किया। इस दौरान ओपीडी में पहुंचे 83 मरीजों की कान से संबंधित परेशानी का निदान किया गया।

जिला अस्पताल पंडरी में राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के तहत श्रवण संबंधी समस्याओं के उपचार के लिए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस दौरान ओपीडी में पहुंचे 83 और आईपीडी के 47 मरीजों की समस्याओं का समाधान किया गया। जांच शिविर में कानों की विभिन्न समस्या लेकर मरीज पहुंचे थे, जिसमें डीजे की अत्याधिक तेज आवाज की वजह से कम सुनाई पड़ने की शिकायत होने लगी थी। संबंधित मरीज जिस इलाके में रहता था, वहां अक्सर डीजे का प्रयोग होता था, जिसके शोर की वजह से उसकी श्रवण शक्ति कम हो गई थी। इसी तरह दूसरे मरीज के कान में खेल-खेल में थर्माकोल का टुकड़ा घुस गया था जो उसके उसके कान में दर्द का कारण बन रहा था। अस्पताल के ईएनटी विशेषज्ञ एवं नोडल अधिकारी एनपीपीसीडी डॉ. नीति वर्मा ने उनकी जांच कर इंट्राटिम्पैनिक इंजेक्शन का उपयोग कर उन्हें उपचार प्रदान किया।

श्रवण यंत्र का वितरण भी

इस कार्यक्रम के दौरान मरीजों की श्रवण जांच के लिए आडियोमिट्री टेस्ट भी किया गया। जिन्हें बेहद आवश्यकता थी, उन्हें श्रवण यंत्र का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डा. एसके भंडारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव वोरा, जिला सलाहकार डॉ. प्रगति जायसवाल, ऑडियोलॉजिस्ट खुशबू भुआर्या, मंजुलता बघेल, ऑडियोमेट्रिक असिस्टेंट विनीता साहू और स्पीच इंस्ट्रक्टर हेमश्री दीप ने अपनी भागीदारी निभाई।

अनियमित कर्मचारी 13 अप्रैल को करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अनियमित कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर 13 अप्रैल को नवा रायपुर में धरना देंगे। नियमितीकरण, स्थायीकरण और निकाले गये कर्मचारियों के बहाली, अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालिक करने सहित अन्य मांगों को लेकर अनियमित कर्मचारी प्रदर्शन करेंगे।

- नियमितीकरण, स्थायीकरण और निकाले गये कर्मचारियों की बहाली की मांग
- बजट में अनियमित कर्मचारियों के लिए प्रावधान नहीं होने से नाराज

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू ने बताया कि अपने अधिकार के लिए संघर्षरित अनियमित कर्मचारियों के मंच पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने पूर्व में मंच पर समस्याओं को सुना और प्रदेश में पार्टी की सरकार बनने पर समस्या का निराकरण की बात कही। इसके बाद भी राज्य सरकार के बजट में प्रदेश के शासकीय विभागों में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया। इससे प्रदेशभर के अनियमित कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। फेडरेशन अपनी 50 से अधिक सहयोगी अनियमित संघों के साथ मिलकर 13 अप्रैल को रायपुर में धरना प्रदर्शन कर लंबित मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित करायेगा।

चोरी के आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। कबीर नगर थाना क्षेत्र के एक सूने मकान में 60 हजार रुपए से ज्यादा कीमत के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स चोरी के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरी के आरोप में पुलिस ने सागर रविंद्र शेंडे को गिरफ्तार किया है। सागर ने चार माह पूर्व सात नवंबर को पंचू साहा के सूने मकान में चोरी की थी। सागर को पुलिस ने एक अन्य मामले में पूछताछ करने थाने बुलाया था। इस दौरान सागर ने पूछताछ के दौरान पंचू के यहां चोरी करने का अपराध कबूल किया।

सिंधु पैलेस में होली मिलन समारोह 9 को : रायपुर। विगत दिनों सिंधी साहिती बिरादरी मंडल की कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चेट्रीचड़ महोत्सव और होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। यह कार्यक्रम बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस में 9 मार्च को होगा। यह जानकारी सचिव सुनील अजवानी ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के लिए समिति ने एक टीम का गठित की गई है, जिसमें सोनू गोवानी, नरेश लालवानी एवं अनिल हेमानी, हरीश अजवानी आदि को सारी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी दौरान चेट्रीचड़ महोत्सव 30 अप्रैल को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जयस्तंभ चौक पर जनसेवा के साथ मनाया जाएगा, जिसका नेतृत्व दिलीप इसरानी करेंगे।

डायरी खोल रही ....

आशा वारियर अहम कड़ी हैं। इस वजह से दोनों से पूछताछ करने विशेष कोर्ट से रिमांड ली गई है। रिमांड के दौरान अफसर जानने की कोशिश करेंगे कि डीएमएफ घोटाले की रकम अफसरों के साथ राजनेताओं तक कैसे पहुंचती थी। रकम पहुंचाने किस तरह से लिंक का उपयोग करते थे।

जयस्तंभ चौक से फाफाडीह ....

40 फीट की सड़क 20 फीट तक सिमटी, प्रशासन ने मुंह फेरा शीर्षक से प्रकाशित किया था। इस खबर पर संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन, नगर निगम और ट्रैफिक विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को संयुक्त अभियान चलाकर मुख्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया। राजधानी वासियों को एक अरसे बाद शहर के जयस्तंभ चौक से मौदहापारा होते हुए फाफाडीह तक मुख्य मार्ग में ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिली। सड़क घेरकर अवैध रूप से ठेला, गुमटी और दुकान लगाने वालों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ाई बरती। नगर निगम अमले ने पुलिस बल की मौजूदगी में जयस्तंभ चौक से लेकर फाफाडीह तक सड़क के इर्द-गिर्द बनी अवैध दुकानों, ठेले और गुमटियों को बुलडोजर से हटाने की कार्रवाई की। साथ ही सड़क पर रखे कबाड़ी दुकानों के लोहा, पाइप सहित अन्य सामग्री को हटाया गया। नगर निवेशक व मुख्यालय उड़नदस्ता प्रभारी आभाष मिश्रा ने बताया कि 3 डंपर, 3 जेसीबी की सहायता से 30 से 32 अवैध ठेले गुमटियों को सड़क से हटाकर मुख्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

पीक टाइम पर .....

चली थी। बुधवार को नगरवासियों को सुगम आवागमन देने के चलाये गये अभियान में नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन 2 कमिश्नर डॉ. आरके

पेज 11 के शेष ...

डोंगरे, सहायक अभियंता नगर निवेश आशुतोष सिंह, अमित सरकार, जोन 2 नगर निवेश विभाग उप अभियंता अंजलि बारले सहित निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग टीम, यातायात विभाग का सहयोग रहा।

ठंडी हवा के झोंके ....

कम होकर 33 तक पहुंच गया। पारा जरूर नीचे हुआ मगर इसका प्रभाव बढ़ती गर्मी पर नहीं हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक गुरुवार को भी इसी तरह की स्थिति रहने की संभावना है जिसके बाद नया पश्चिमी विक्षोभ हवा की दिशा बदल देगा। मंगलवार को राजनांदगांव में अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान अंबिकापुर का पारा 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

भारत-आस्ट्रेलिया चैंपियंस ...

जब्त किया है। इसके अलावा पुलिस को दोनों बुकी से करोड़ों रुपए के सट्टा ट्रांजेक्शन की पुलिस को जानकारी मिली है। ऑनलाइन सट्टा संचालित करने के आरोप में पुलिस ने सौरभ जैन तथा विकास कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। विकास पूर्व में आपसी विवाद के चलते वीआईपी रोड स्थित हाईपर क्लब में हवाई फायरिंग करने के आरोप में जेल जा चुका है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी जगुआर कार में घूम-घूम कर क्रिकेट में दांव लगवा रहे थे। पुलिस को दोनों बुकी द्वारा क्लासिक 777 तथा बैट 999 जैसे आईडी के माध्यम से राष्ट्रीय के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दांव लगवा रहे थे। इसके अलावा पुलिस को दोनों बुकी द्वारा ऑनलाइन कैसिनो तथा अन्य स्पोर्ट्स के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालित करने की जानकारी मिली है।

रामा ग्रुप के ....

आयकर विभाग की टीम ने दस्तावेजों की पड़ताल करने के साथ ही कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों को जब्त किया है। इसके अलावा कम्प्यूटर तथा लैपटॉप से बैकअप ले रही है। छापे की कार्रवाई में आयकर विभाग की साइबर एक्सपर्ट की टीम भी पहुंची हुई है। छापे की कार्रवाई में अब तक की कितनी की जब्ती हुई है, कितनी संपत्ति की जानकारी मिली है, इस बात का अब तक खुलासा नहीं हुआ है। **टैक्स चोरी की आशंका में यहां सर्वे करने पहुंची टीम** : आयकर विभाग की 25 सदस्यी टीम बुधवार को तेलीबांधा स्थित अग्रवाल ग्लोबल इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड में सर्वे करने के लिए पहुंची है। सूत्रों के मुताबिक वित्तीय अनियमितता की जानकारी मिलने पर टीम अग्रवाल ग्लोबल के ठिकाने पर सर्वे करने के लिए पहुंची है। अग्रवाल ग्लोबल पुल, पुलिया तथा सड़क निर्माण करने सरकारी ठेका लेती है।

70 से अधिक ....

अन्य लोगों से मैच के दौरान दूसरे लोगों से ऑनलाइन सट्टा के माध्यम से दांव लगवाकर सौरभ तथा विकास को ट्रांसफर किया गया हो। पुलिस के अनुसार आईपीएल क्रिकेट मैच के लिए दोनों बुकी लोकल स्तर पर अपनी टीम खड़ी करने की तैयारी में थे।

नवंबर में बैठी ....

मामले से जुड़े दस्तावेज खंगाले। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सर्वप्रथम इस मामले की जांच के लिए नवंबर में उपसंचालक डॉ.पंकज मेहता को जांच के लिए अधिकृत किया गया था लेकिन उनके द्वारा जांच ही नहीं की गई। पुनः माह जनवरी में सहायक संचालक डॉ. जेएस विरदी को जांच का जिम्मा सौंपा गया, किंतु उनके द्वारा भी जांच नही की गई।

न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)
// ईश्तहार //
रा.मा.क्र./ /ब / 121 वर्ष 2024-25
धरसींवा, दिनांक 03/03/2025
ग्राम रावांभाठा प.ह.नं. 86 रा.नि.मं. रायपुर-21
रावांभाठा तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)
एतद द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि आवेदक प्रेमीन साहू पति मनहरन साहू निवासी नरदाहा, तहसील जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा अभिलेख सुधार बाबत आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम रावांभाठा प.ह.नं. 86 रा.नि.मं. रायपुर-21 रावांभाठा, तहसील धरसीवा जिला रायपुर में स्थित भूमि ख.न. 246/2 रकबा 0.0080 हे. भूमि तुलाराम साहू, मोहन, दुर्गा पिता मनराखन साहू, शांतिबाई पति स्व. मनराखन, भोजराम, रूपराम, ठाकुरराम पिता स्व. केजूराम, गणेशराम साहू पिता थानूराम साहू, लक्ष्मीबाई पिता हेमन, उषा बाई पिता संतोष साहू, कुसुम बाई पिता थानूराम साहू, राजकुमारी साहू पिता तुलाराम साहू, देवकुंवर, मुन्नी पिता स्व. केजुराम, हिमांश, नेहा पिता संतोष कुमार साहू के संयुक्त नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त अभिलेख में आवेदिका का नाम त्रुटिवश कुसुम बाई दर्ज हो गया है। आवेदिका का वास्तविक नाम प्रेमीन साहू है। आवेदिका द्वारा आवेदित भूमि के अभिलेख में कुसुम बाई को सुधार कर प्रेमीन कर अभिलेख सुधार किये जाने का निवेदन किया गया है।
अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख सुधार बाबत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 18/03/2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
तहसीलदार
धरसींवा
मुहर

NAME CHANGE
It is informed to the general public that I BESANT KUMAR DEWANGAN S/o MURIT RAM DENANGAN resident Davara Colony Raipur, DISTRICT- RAIPUR Pin-492001 (C.G.) have Changed my old name BESANT KUMAR DEWANGAN S/o MURIT RAM DENANGAN so in future I should be recognised by my new name that is BASANT KUMAR DEWANGAN S/o MURIT RAM DENANGAN in all Government and Other document.
BASANT KUMAR DEWANGAN
Davara Colony Raipur
Dist- Raipur (C.G.)
Pin. 492001

आम सूचना
दिनांक- 05/03/2025
आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री अर्पिता यादव के आधार कार्ड क्रमांक 6628 5982 9032 में उसका नाम अर्पिता यादव (Arpita Yadav) दर्ज है। मेरे द्वारा अपनी पुत्री अर्पिता यादव के लिए क्रय की गई एल.आई.सी. पॉलिसी क्रमांक- 386807079 में मेरी पुत्री का नाम संजीदा यादव (SANJEEDA YADAV) दर्ज है। दोनो नाम अर्थात अर्पिता यादव (Arpita Yadav) तथा संजीदा यादव (SANJEEDAYADAV) मेरी पुत्री के ही है मेरी पुत्री का वास्तविक नाम अर्पिता यादव (Arpita Yadav) है इस बाबत एक शपथ पत्र भी निष्पादित किया गया है। मेरी पुत्री को अर्पिता यादव (Arpita Yadav) निवासी- एल.आई.जी.- 48 दीनदयाल कॉलोनी ग्राम गातापार तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। सो सूचना जाने।
चुरामन लाल यादव
निवासी एल.आई.जी. 48 दीनदयाल कॉलोनी ग्राम गातापार तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.
मो.नं. 8889863363

न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला - रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
रा. प्र क्र. अ-6 (अ)/ वर्ष 2024-25
सारागांव दि. 05/03/2025
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ईश कुमार साहू पिता खेदूराम साहू निवासी ग्राम जरौदा द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम- जरौदा प.ह.नं. 11, तह व जिला रायपुर के अंतर्गत खसरा नं. 331/2 रकबा 0.283 हे. भूमि धारित था वर्तमान आनलाईन अभिलेख में खसरा नं. 331/2 का रकबा 0.083 हे. अंकित हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार हेतु निवेदन किया है।
उक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 24/03/2025 को उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/03/2025 को जारी किया जाता है।
नायब तहसीलदार
उप तहसील सारागांव
जिला रायपुर (छ.ग.)
मुहर

न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला - रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
रा. प्र क्र. अ-6 (अ)/ वर्ष 2024-25
सारागांव दि. 05/03/2025
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमलाल पिता खेदूराम साहू निवासी ग्राम जरौदा द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम- जरौदा प.ह.नं. 11, तह व जिला रायपुर के अंतर्गत खसरा नं. 470/3 रकबा 0.255 हे. भूमि धारित था वर्तमान आनलाईन अभिलेख में खसरा नं. 470/3 का रकबा 0.238 हे. अंकित हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार हेतु निवेदन किया है।
उक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 24/03/2025 को उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/03/2025 को जारी किया जाता है।
नायब तहसीलदार
उप तहसील सारागांव
जिला रायपुर (छ.ग.)
मुहर

खबर संक्षेप

सेक्योरिटी सर्विसेस कंपनी ने रोका कर्मचारी का वेतन, जनदर्शन में शिकायत के बाद मिला

रायपुर। आचार संहिता हटने के बाद कलेक्टोरेट में आम लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए स्थाई जनदर्शन कार्यक्रम फिर शुरू हो गया है। इस जनदर्शन में दो दिन पहले सेक्योरिटी सर्विसेस कंपनी में कार्यरत एक कर्मचारी ने वेतन नहीं मिलने की शिकायत की थी। इस शिकायत पर संबंधित प्रकरण को श्रम विभाग को मार्क कर भेजा गया था, जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए विभाग ने सेक्योरिटी सर्विसेस कंपनी प्रबंधक से कर्मचारी को उसका रोका गया वेतन लगभग चार हजार रुपए दिलाने की कार्यवाही की। स्थायी जनदर्शन के नोडल अधिकारी मनोज पैकरा ने बताया कि सेक्योरिटी सर्विसेस कंपनी में कार्य करने वाला लिंगराज साहू ने जनदर्शन में शिकायत की थी कि जिस कंपनी में वह कार्य करता है, उसके प्रबंधक ने उसका वेतन रोक दिया और और मांगने पर टालकर उसे लगातार घुमा रहा है। लिंगराज के इस शिकायत पर उन्होंने इस प्रकरण को श्रम विभाग को प्रेषित किया था, जिसके बाद विभाग के सहायक श्रमायुक्त आरके प्रधान ने इस मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए संबंधित कंपनी के प्रबंधक को कार्यालय में बुलवाया और लिंगराज को रुका वेतन नहीं देने का कारण पूछा। इस पर प्रबंधक ने अपनी गलती मानते हुए लिंगराज को उसका रोका गया वेतन तत्काल दिया गया।

विधि विवि का 8वां दीक्षांत 8 मार्च को

रायपुर। हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का आठवां दीक्षांत समारोह 8 मार्च को आयोजित किया जाएगा। छात्रों के आवेदन सहित अन्य प्रक्रिया विधि विवि द्वारा पूर्ण की जा चुकी है। बीएएलएलबी सहित अन्य लॉ पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों और पीएचडी धारकों को इस दौरान उपाधि प्रदान की जाएगी।

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज 8 से, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में इंटरनेशनल मास्टर्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज 8 मार्च से होने जा रहा है। इसके लिए स्टेडियम में तैयारियां जोरशोर से की जा रही हैं।

कलेक्टर गौरव सिंह ने बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह के साथ इन तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्टेडियम में वीवीआईपी, वीआईपी एवं दर्शकों के बैठने की व्यवस्था से लेकर पार्किंग, सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

सात मैच खेले जाएंगे स्टेडियम में

शहीद वीरनारायण सिंह स्टेडियम में 7 मैच खेले जाएंगे। ये मैच 8, 10, 11, 12, 13, 14 और 16 मार्च को होंगे। इन मैचों के दौरान स्टेडियम में दर्शकों की भारी भीड़ पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए ही कलेक्टर ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ स्टेडियम का निरीक्षण किया।

पार्किंग और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

कलेक्टर ने मैच देखने पहुंचने वाले दर्शकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसे देखते हुए पार्किंग व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित करने के साथ सीसीटीवी कैमरे, हाई मास्ट लाइट और मैदान में मौजूद अन्य उपकरण एवं सुविधाओं की स्थिति सही करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही खिलाड़ियों और दर्शकों की सुरक्षा के लिए समुचित मेडिकल व्यवस्था तथा पार्किंग क्षेत्र में हेल्थ स्टॉल और एंबुलेंस की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं।

सचिन, लारा, युवराज सहित कई दिग्गज खिलाड़ी दिखेंगे मैदान पर

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में देश-विदेश के कई पूर्व स्टार क्रिकेटर हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, संगकारा, इयान मॉर्गन, जोक कालिस, जॉन्टी रोड्स, शेन वाटसन, युवराज सिंह, यूसुफ पठान, इरफान पठान और स्टुअर्ट बिन्नी जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इन दिग्गज क्रिकेटरों के खेल को देखने के लिए दर्शकों में जबरदस्त उत्साह रहेगा।

पंच कमेटी की बैठक में प्रत्याशियों का चयन

व्यापारी एकता पैनल से अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशियों का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रैवार्षिक चुनाव के लिए व्यापारी एकता पैनल से सतीश थौरानी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी बनाये गये हैं। निकेश बरड़िया महामंत्री और अशोक अग्रवाल कोषाध्यक्ष के प्रत्याशी होंगे। पंच कमेटी की बैठक में प्रत्याशियों का चयन किया गया। चैंबर चुनाव को लेकर अमर पारवानी के जय व्यापार पैनल और पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी के व्यापारी एकता पैनल के बीच मुकाबला होना है। जय व्यापार पैनल ने पहले ही चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अमर पारवानी को सर्व सम्मति से अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं अजय भसीन महामंत्री और उत्तम गोलछा को कोषाध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाये गये हैं।

- सतीश थौरानी अध्यक्ष, निकेश बरड़िया महामंत्री, अशोक अग्रवाल कोषाध्यक्ष प्रत्याशी घोषित

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव में इस बार अध्यक्ष पद के लिए जय व्यापार पैनल से अमर पारवानी का मुकाबला व्यापारी एकता पैनल के अध्यक्ष पद प्रत्याशी सतीश थौरानी से होगा। महामंत्री पद के लिए जय व्यापार पैनल से अजय भसीन और व्यापारी एकता पैनल से निकेश बरड़िया चुनाव मैदान में आमने-सामने नजर आयेंगे। इसी तरह कोषाध्यक्ष पद के लिए जय व्यापार पैनल से उत्तम गोलछा का मुकाबला व्यापारी एकता पैनल के अशोक अग्रवाल से होगा। चैंबर चुनाव में प्रदेश भर से 27,480 सदस्य अपने पसंदीदा प्रतिनिधि चुनने मतदान करेंगे। 10 चरण में चुनाव होना है, जिसमें चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष चुनने प्रदेश भर में मतदान होगा।

चुनाव को लेकर आरोप -प्रत्यारोप का थमा नहीं सिलसिला



एकता पैनल का दोहरा मापदंड : विक्रम सिंह देव

जय व्यापार पैनल के विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन का कहना है कि छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के चुनाव को लेकर एकता पैनल चाहता क्या है आज संस्था के सारे सदस्य असमंजस में हैं। संविधान को लेकर एकता पैनल के श्रीचंद सुंदरानी द्वारा रजिस्ट्रार के समक्ष कई बिंदुओं पर आपत्ति लगाई थी। जिस पर रजिस्ट्रार ने विधिवत सुनवाई की, और संविधान संशोधन को नियम पूर्वक पाया। साथ ही श्रीचंद सुंदरानी द्वारा लगाई गई आपत्ति को खारिज कर दिया था। इसके बाद मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली के समक्ष श्रीचंद सुंदरानी ने लिखित में आश्वासन दिया कि आप चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाये हम इस विवाद को लेकर आगे किसी भी कानूनी प्रक्रिया में नहीं जाएंगे। चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए चुनाव अधिकारी द्वारा चैंबर चुनाव की अधिसूचना जारी किये जाने के बाद श्रीचंद सुंदरानी द्वारा सचिव वणिज्य एवं उद्योग छत्तीसगढ़ शासन के समक्ष चुनाव पर स्टे लगाने याचिका प्रस्तुत की गई है।

जय व्यापार पैनल के प्रतिनिधि द्वय ने कहा है एक तरफ श्रीचंद सुंदरानी ने चुनाव अधिकारी को लिखित में कानूनी प्रक्रिया में न जाने का आश्वासन दिया है, इसके विपरीत चुनाव पर स्टे लगाने याचिका दायर कर दिया है। यही नहीं प्रत्याशियों का ऐलान की मीटिंग भी बुला ली। यह सारी बातें एक दूसरे के विपरीत है। एकता पैनल के प्रमुख श्रीचंद सुंदरानी किसी भी तरह से चैंबर चुनाव को टालने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि जय व्यापार पैनल का यह स्पष्ट मानना है कि संस्था संविधान के अनुरूप छत्तीसगढ़ चैंबर चुनाव होने चाहिए।

चुनाव पर रोक लगाने मांग नहीं की थी : शिव ग्वालानी विसिल ब्लौअर

व्यापारी एकता पैनल के प्रमुख श्रीचंद सुंदरानी के रजिस्ट्रार के फैसले के खिलाफ सचिव के पास अपील फाइल करने पर जय व्यापार पैनल द्वारा लगाये गये आरोप का खंडन करते हुये विसिल ब्लौअर शिव ग्वालानी ने कहा कि उन लोगों ने कभी भी चुनाव पर रोक लगाने की मांग नहीं की थी। जहां तक मुख्य चुनाव अधिकारी को दिये पत्र का सवाल है तो वे उस पर अभी भी कायम हैं। और चुनाव रोकने की मांग नहीं कर रहे हैं। चूंकि इस विषय में 60 दिन के अंदर अपील करनी होती है, इसलिए समय-सीमा खत्म न हो जाये इसलिए समय सीमा के अंदर अपील फाइल की गयी है।

छुट्टी मसले पर हुआ विवाद तो डाक्टर की ओपीडी पर्ची में प्रिंट करा दिया फर्जी...



- धमतरी के मोबाइल मेडिकल यूनिट के डाक्टर ने की स्वास्थ्य मंत्री से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छुट्टी लेने के मामले में विवाद हुआ तो मोबाइल मेडिकल यूनिट में तैनात मेडिकल ऑफिसर के नाम के आगे ओपीडी पर्ची में फर्जी डाक्टर प्रिंट करवा दिया। धमतरी में एमएमयू के एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर पर दुर्भावनावश डाक्टर को बदनाम करने ऐसी करतूत करने का आरोप लगाया गया है।

धमतरी के मोबाइल मेडिकल यूनिट 3 में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डा. वैभव सिन्हा ने इस मामले में एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर अनुराग साहू के साथ साफ्टवेयर प्रबंधन कमेटी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से की है। डा. ने इस मामले में आवश्यक कार्रवाई के लिए छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन से भी मदद की गुहार लगाई गई है। डा. सिन्हा ने अपनी शिकायत में बताया कि तीन मार्च को एमएमयू में आने वाले मरीजों की दी जाने वाली ओपीडी पर्ची में उनके नाम के आगे फर्जी डाक्टर प्रिंट किया गया था। डा. सिन्हा ने बताया कि एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर यह करतूत उसे बदनाम करने के लिए किया है। पिछले दिनों छुट्टी को लेकर एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर से विवाद हुआ था संभवतः इसी दुर्भावनावश एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा इस तरह की हरकत की जा रही है। डाक्टर ने बताया कि विवाद के दौरान एरिया मैनेजर ने उस पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाकर निष्कासित किए जाने का मैसेज में एमएमयू ग्रुप में चलाया था जबकि इस बारे में अब तक उससे नगर-निगम द्वारा कोई स्पष्टीकरण नहीं मांगा गया है।

बिजनेस साइट

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने शुरू किया मेगा एमएसएमई आउटरीच अभियान

रायपुर। भारत सरकार के विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने देशभर में सप्ताहांत तक चलने वाले मेगा एम.एस.एम.ई. (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) आउटरीच अभियान की शुरुआत की। रायपुर में इस अभियान का उद्घाटन सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने महाप्रबंधक (स्ट्रेटेजी, केंद्रीय कार्यालय मुंबई) राजीव झा और क्षेत्र प्रमुख रायपुर अनुज कुमार सिंह की उपस्थिति में किया।इस अभियान के माध्यम से बैंक ने अपने उद्यमी अनुकूल एमएसएमई उत्पादों जैसे एमएसएमई सुपरफास्ट, युवाशक्ति, यूनियन नारीशक्ति, सरकारी योजनाएं और वित्तीय समावेशन को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर आयोजित कैंप में 500 से अधिक उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों ने भाग लिया। इसके अलावा इस अभियान के दौरान 200 करोड़ रुपये की मंजूरी भी दी गई, जो राज्य के विकास लक्ष्यों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

श्री बालाजी गारमेंट सेल के स्टॉक क्लीयरेंस सेल को मिल रहा शानदार रिस्पांस

रायपुर। गढ़कलेवा के पास, राजभवन गेट नंबर-3 के सामने, घड़ी चौक स्थित गुरुतेग बहादुर हॉल में श्री बालाजी गारमेंट सेल द्वारा आयोजित साल की सबसे बड़ी स्टॉक क्लीयरेंस सेल को शानदार रिस्पांस मिल रहा है। यह सेल खासतौर पर उन लोगों के लिए है जो किफायती दरों पर बेहतरीन कपड़े खरीदना चाहते हैं। संचालक ने जानकारी दी कि इस सेल में ग्राहकों को ब्रांडेड कपड़े बेहद सस्ती दरों पर मिल रहे हैं। जिसमें शर्ट, लोअर, शॉर्ट्स, प्लाजो, रेयॉन कुर्ती और कॉटन जयपुरी कुर्ती जैसे कपड़े शामिल हैं। संचालक ने कहा कि रायपुरवासियों के लिए यह होली पर दिवाली जैसा एक विशेष ऑफर है। 'होली में ले जाएं दिवाली वाला ऑफर' के तहत ग्राहकों को एक यादगार खरीदारी का अनुभव मिलेगा। साथ ही ग्राहकों की सुविधा के लिए फ्री एंट्री और फ्री पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है।

कोलंबिया के विद्यार्थियों द्वारा कून्नूर एवं बेंगलुरु के संयंत्रों का सफल भ्रमण

रायपुर। कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के बैचलर ऑफ फार्मेसी 7वें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने तकनीकी विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम के तहत 10 दिनों के औद्योगिक भ्रमण के दौरान बेंगलुरु और ऊटी स्थित कून्नूर के प्रमुख फार्मास्युटिकल संस्थानों का दौरा किया। इस भ्रमण ने विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल उद्योग के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराने का अनमोल अवसर प्रदान किया। इस यात्रा का एक प्रमुख आकर्षण कर्नाटका एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड था, जो एक सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी है। यहां छात्रों को फार्मास्युटिकल निर्माण और उद्योग संचालन के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानकारी मिली, जिससे उन्हें दवा उत्पादन और गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं को समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

मैट्स यूनिवर्सिटी में सफल बांस प्रोडक्ट कार्यशाला पर्यावरण-अनुकूल डिज़ाइन पर विशेष जोर

रायपुर। मैट्स स्कूल ऑफ फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी में हाल ही में एक दो दिवसीय बांस प्रोडक्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण-अनुकूल डिजाइन तकनीकों से परिचित कराना था, जिससे वे प्राकृतिक संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग कर सकें। कार्यशाला में कोरबा के प्रसिद्ध बांस शिल्पकार चूड़ामणि सूर्यवंशी ने छात्रों को मार्गदर्शन दिया। इस कार्यशाला में छात्रों ने बांस से विभिन्न कलात्मक और उपयोगी उत्पाद बनाने की तकनीकों को सीखा। उन्होंने बांस से पार्टीशन, गार्डन वॉल हैंगिंग और समुद्री जहाज के प्रोटोटाइप तैयार किए। कार्यक्रम के दौरान मैट्स यूनिवर्सिटी के चांसलर गजराज पगारिया, प्रो वाइस चांसलर डॉ. दीपिका ढांड, वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. केपी यादव, डीजी प्रीयेश पगारिया, विभागाध्यक्ष परविंदर कौर और रजिस्ट्रार गोकुलानंद पांडा ने छात्रों के कार्यों की सराहना की और उन्हें पारंपरिक शिल्प को आधुनिक डिजाइन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया।

हियरिंग केयर सेंटर में निशुल्क बहरापन जांच और परामर्श शिविर

रायपुर। हिअर जॅप (हियरिंग केयर सेंटर) ने बहरापन की समस्या से पीड़ित व्यक्तियों के लिए निशुल्क श्रवण जांच और परामर्श शिविर का आयोजन किया है। यह शिविर रायपुर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है, जिनमें विमला सदन छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास और शंकर नगर के एसआर प्लाजा के प्रथम तल शामिल हैं। इस शिविर में श्रवण यंत्रों पर भारी छूट और कोक्लियर इम्पलांट (परामर्श) तथा स्वीच थेरेपी पर विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। हियरिंग केयर सेंटर द्वारा आयोजित यह शिविर खासकर वयस्कों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए फायदेमंद है, जो श्रवण समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऑडियोलॉजिस्ट रुचिरा राज ने बताया कि ग्लोबल स्तर पर लगभग पांच प्रतिशत आबादी गंभीर श्रवण हानि से प्रभावित है। यदि समय रहते इसका उपचार न किया जाए, तो यह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है।

अमिटी भाग इंडिया मैराथन ने रायपुर में 'बालिकाओं की शिक्षा के लिए दौड़' के साथ जोश भरा

रायपुर। राजधानी में आयोजित अमिटी भाग इंडिया मैराथन एक बड़ा आयोजन साबित हुआ। इस मैराथन का उद्देश्य 'बालिकाओं की शिक्षा के लिए दौड़' था। जिसमें सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया और एक नेक कार्य के लिए दौड़े। अमिटी ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक के. चौहान के 'भाग' मंत्र से प्रेरित इस कार्यक्रम का आयोजन अमितशा फाउंडेशन द्वारा किया गया, जिसका मकसद गरीब लड़कियों की शिक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाना था।कार्यक्रम का मार्गदर्शन डॉ. अमिता चौहान के नेतृत्व में किया गया, जो लड़कियों को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। इस पहल के जरिए उनका उद्देश्य छात्रों के उज्जवल भविष्य के निर्माण में योगदान देना है। इस अवसर पर ट्रैफिक पुलिस के एआईजी संजय शर्मा, अमितशा फाउंडेशन की डायरेक्टर गुंजन सिंह, अमिटी इंटरनेशनल स्कूल रायपुर की प्रिंसिपल अर्पिता मजूमदार और तौफीक जी शामिल थे।

छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेशाध्यक्ष का किया सम्मान

रायपुर। पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश कार्यालय में सिंधु साधु समाज के अध्यक्ष मुरली उदासी का आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही महासचिव बलराम आहूजा का पुष्प गुच्छ, शॉल और श्रीफल से सम्मान किया। इसी दौरान अध्यक्ष श्री दरयानी ने अपने कार्यकाल की विभिन्न उपलब्धियों से अवगत कराया। सम्मान करने वालों में राजा जेठानी, अमर चंदानी, गौरव मंघानी, रितेश वाधवा, अनिल लाहोरी, विनोद संतवाणी, रतन वरलायनी, अनिल जोतसिंघानी, अजीत मोटवानी, मनीष पंजवानी, विक्की वाधवानी, हरीश जेठवानी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

सभी राजनैतिक दलों को गौमाता को राष्ट्रमाता स्वीकारने की सहमति देने 17 तक अंतिम अवसर : साईं मसन्द

रायपुर। देश के पूज्यपाद चारों शंकराचार्यों के नेतृत्व व मार्गदर्शन में कार्यरत भारत सहित एक सौ देशों के 1008 धार्मिक व सामाजिक प्रतिमाओं के संगठन परम धर्म संसद 1008 द्वारा पिछले दो वर्षों से देश में गौ प्रतिष्ठा अभियान चलाकर केंद्र व सभी राज्य सरकारों से गौमाता को पशु सूची से बाहर कर उसे राष्ट्रमाता स्वीकारे जाने का प्रस्ताव पारित करने का लगातार अनुरोध किया गया है। इस निर्णय के अंतर्गत शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज धर्म संसद के सैकड़ों प्रतिनिधियों के साथ 17 मार्च को सुबह 6 बजे से शाम बजे 5 तक इस संबंध में दिल्ली के रामलीला मैदान में उपस्थित रहेंगे। महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने चुनाव से पहले शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज की उपस्थिति में गौमाता को महाराष्ट्र की राज्यमाता घोषित कर राज्य में उसके भरण-पोषण की समुचित व्यवस्था किए जाने की घोषणा की गई है।

धोबी समाज ने मनाई जयंती महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

रायपुर। माना बस्ती के धोबी समाज द्वारा सामाजिक भवन में बुधवार को माता नातिन धोबिन दाई एवं संत शिरोमणि गाडगे महाराज की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद माना बस्ती की नवनिर्वाचित सरपंच सुनीता और जनपद प्रतिनिधि किरण का सम्मान भी किया गया। इसी दौरान वैवाहिक बंधन में बंधने वाले बेटियों को समाज की ओर से 3 हजार की राशि विभिन्न क्षेत्र के सामाजिक मुखिया प्रदान कर रहे हैं, जिसमें सड्डू क्षेत्र के अध्यक्ष रमेश निर्मलकर अनुकरणीय उदाहरण है। इस मौके पर सामाजिक पदाधिकारियों ने कहा- हमारे प्रदेशाध्यक्ष सूरज निर्मलकर के प्रेरणा से पूरे प्रदेश में समाज का नाम रोशन हो रहा है और पूरा समाज एक से बढ़कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाज का अगला अधिवेशन 8 मार्च को सड्डू में होगा, जहां पर प्रदेशाध्यक्ष सहित अनेक मुखिया शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में धरमलाल निर्मलकर, नीलू निर्मलकर, मुकेश निर्मलकर, टीकम निर्मलकर, रामचरण निर्मलकर, दिनेश निर्मलकर, दुर्जन, जोहन, कुंजीलाल, रामगुलाल, धनसुख, अर्जुन, इंदल, पवन निर्मलकर, माना बस्ती के अलावा आसपास के सभी सामाजिक मुखिया एवं महिलाएं उपस्थित थीं।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

हरिभूमि

रायपुर, गुरुवार 6 मार्च 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

कर्मा, ददरिया से सजा महिला उत्सव...

लाइव इवेंट

महिला दिवस पर सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कैंप का आयोजन

रायपुर। महिला अध्ययन केन्द्र, शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला एवं रविवि के संयुक्त तत्वानधान में 'सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कैंप' का आयोजन किया गया। बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर दो दिवसीय ट्रेनिंग कैंप की शुरुआत की गई, जिसमें सौ से अधिक युवतियों की उपस्थिति रही। रक्षा प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सेल्फ डिफेंस टेकनिक सीखना, आत्मविश्वास बढ़ाना और विपरीत परिस्थितियों में चुनौतियों का सामना करना सिखाना है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला, महिला अध्ययन केंद्र संचालक प्रो. रीता वेणुगोपाल, डॉ. आशीष श्रीवास्तव शामिल रहे।

ट्रेनिंग से महिलाओं का कौशल विकास-प्रशिक्षक

कार्यक्रम की संरक्षक प्रो. रीता वेणुगोपाल ने बताया कि महिलाओं के आत्मनिर्भर और सशक्त होने की आवश्यकता है। प्रतिभागियों को सक्रिय रूप से प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा, सेल्फ डिफेंस केवल शारीरिक शक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास का विषय भी है। यह प्रशिक्षण प्रतिभागियों को आत्मरक्षा के आवश्यक कौशल प्रदान करेगा और स्वतंत्रता की भावना को बढ़ावा देगा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को रोजाना नई टेक्निक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्थान द्वारा 9 मार्च को 'पिंक संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शहरवासियों को साइकिलिंग और हेल्थ टिप्स संबंधित जानकारी दी जाएगी।

● इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में 1700 छात्र-छात्राओं को बांटी गई डिग्री

प्राइवेट जॉब के साथ घर संभालने वाली महिलाओं ने भरी हौसले की उड़ान, डिग्री पाकर खिले चेहरे

'घर-परिवार की जिम्मेदारी निभाने के साथ ही प्राइवेट जॉब करने वाली महिलाओं ने हौसले की उड़ान भरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अलग-अलग कोर्स करने वाली महिलाओं को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्व विद्यालय ने बुधवार को 38वें दीक्षांत समारोह में डिग्रियां बांटी। इसे हासिल करने वाली महिलाओं ने कहा कि हौसले की उड़ान आसान नहीं होती है। इसे हासिल करने के लिए कई तरह की चुनौतियों का सामना भी करना पड़ता है। मुश्किल समय में खुद पर भरोसा करके प्रयास करने से सफलता भी मिलती है।'

शिक्षार्थियों का पेश किया ब्योरा

इस कड़ी में इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. विजय कुमार साहू ने समारोह की अध्यक्षता की। वहीं, कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. गौडा राजेन्द्र ने इग्नू से देशभर में कोर्स करने वाले विद्यार्थियों के बारे में बताया कि आज का दिन कई कारणों से खास है। देशभर में जहां एक साथ, एक समय में 313770 शिक्षार्थियों को डिग्रियां बांटी जा रही हैं। वहीं, रायपुर केन्द्र से इस बार 1700 छात्र-छात्राओं को डिग्री देने हम सब मौजूद हैं। शिक्षा व्यवस्था के साथ ही कोर्स करने वाले छात्र-छात्राओं का उन्होंने ब्योरा भी पेश किया।

रायपुर। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय केन्द्र रायपुर में 38वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें डिग्री लेने के लिए पहुंचे छात्र-छात्राओं का उत्साह देखने लायक था। गले में स्कार्फ बांधे 1700 छात्र-छात्राएं सुबह साढ़े 10 बजे ही कचना स्थित क्षेत्रीय केन्द्र के सभागार में जुटने लगे थे। 11 बजे दिल्ली मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह के माध्यम से केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने दीक्षांत समारोह का शुभारंभ किया। इसका लाइव दिखाने के साथ ही क्षेत्रीय केन्द्र में चीफ गेस्ट के रूप में डिग्री बांटने के लिए आईआईएम रायपुर के

निदेशक प्रो. राम कुमार काकानी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि जॉब और परिवार की जिम्मेदारी निभाते हुए आपने डिग्रियां हासिल की हैं। अब मेक इन इंडिया को मूर्तरूप देने में सहभागिता भी सुनिश्चित करें।

दो घंटे 45 मिनट तक चला दीक्षांत

सुबह 11 बजे से लेकर पौने एक बजे के बीच शिक्षार्थियों को डिग्रियां बांटने का सिलसिला चला। इस बीच 60 से ज्यादा विषयों में से पसंदीदा सब्जेक्ट में डिग्री कोर्स करने वालों में महिलाओं की तादाद ज्यादा देखने को मिली। इनमें ज्यादातर ऐसी महिलाएं शिक्षार्थियों की कतार में शामिल थीं, जो प्राइवेट नौकरी के साथ ही घर की जिम्मेदारी निभाते हुए अलग-अलग विषयों में डिग्री लेने के लिए पहुंची थीं।

डिग्री कोर्स करने का निर्णय लिया

याशिता शर्मा को अंग्रेजी में एमए की डिग्री प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि मैं प्राइवेट जॉब करने के बाद भी पढ़ाई करना चाहती थी। मां और भाई ने सपोर्ट किया तो मैंने इग्नू से डिग्री कोर्स करने का निर्णय लिया। इस तरह की चुनौती का सामना सिर्फ हौसले से किया जा सकता है। मैंने नियम बनाया कि रोज दो घंटे पढ़ाई के लिए निकालूंगी। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए दो साल तय टाइम टेबल को फालो किया। इससे दीक्षांत का हिस्सा बनने का अवसर मिला। आत्म विश्वास बढ़ाने में यह संजीवनी की तरह काम करेगी।

आत्म विश्वास बढ़ाने करें पढ़ाई

इग्नू ने रेणुका सोनी को सोशल क्षेत्र से जुड़े कोर्स के लिए मास्टर डिग्री प्रदान की। उन्होंने बताया कि घर की जिम्मेदारी निभाने के साथ प्राइवेट जॉब करती हूं। इसके बाद भी पढ़ाई का शौक जिंदा रखने के लिए समय निकालने में सफल रही। कोर्स के लिए ऑनलाइन प्रोसेस करने के बाद टाइम टेबल तय किया था। इसका पालन करने का प्रयास करती रही। इसका रिजल्ट आज डिग्री के रूप में मिलने की खुशी है। जो महिलाएं ग्रेजुएशन के बाद पढ़ाई से तौबा कर चुकी हैं, उनसे कहूंगी कि आत्म विश्वास बढ़ाने पढ़ाई करें।

समाज के क्षेत्र में ही काम करूंगी

रायपुरा में रहने वाली उषा साहू को सोशल वर्कर के रूप में मास्टर डिग्री प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि घर और जॉब के साथ पढ़ाई के लिए समय निकालना आसान नहीं होता है। लेकिन, कुछ करने की दृढ़ इच्छा हो तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं लगती है। मैं अपने बच्चों के साथ बैठकर पढ़ती थी। इससे बच्चों के साथ मेरा कोर्स भी समय पर पूरा होता था। दो साल का कोर्स मैंने 2023 में पूरा कर लिया था। आज डिग्री भी मिल गई। इस तरह सफलता से आत्म विश्वास बढ़ता है। मैं समाज सेवा के क्षेत्र में ही काम करती रहूंगी।

एजूकेन लाइव

बेहतर तैयारी के लिए भौतिक शास्त्र और विज्ञान विषय संबंधित टिप्स

रायपुर। इन दिनों बोर्ड परीक्षा की तैयारी में विद्यार्थी जुटे हुए हैं। आने वाले दिनों में विज्ञान और भौतिक शास्त्र की परीक्षा संचालित की जाएगी। दसवीं, बारहवीं एग्जाम में बेहतर अंक हासिल करने के लिए छात्रों को लेखन शैली पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। शिक्षकों के अनुसार समय प्रबंधन और उत्तरपुस्तिका में लिखने की तैयारी जरूरी है। परीक्षा के वक्त निम्न बिन्दुओं के आधार पर छात्र तैयारी करें।

भौतिक शास्त्र में मानव नेत्र को याद करें

वार्षिक परीक्षा के दौरान उत्तरपुस्तिका में लेखन शैली सबसे महत्वपूर्ण है, जिसमें आधार पर छात्रों की तैयारी और मेहनत का आकलन किया जा सकता है। भौतिक शास्त्र विषय के शिक्षक अजय खुट्टे ने बताया कि उत्तरपुस्तिका में बड़े अंक के प्रश्नों को पहले लिखें, और ब्लू प्रिंट के अनुसार तैयारी करें।

- भौतिक शास्त्र में न्यूमेरिकल और फार्मूला को समझें।
- मानव नेत्र नामंकित चित्र को सही से बनाएं।
- परीक्षा में टेलीस्कोप और माइक्रोस्कोप पूछा जा सकता है।
- संपूर्ण अध्याय में 17-18 लॉ हैं, जिसके स्टेटमेंट को याद करें।
- किताब में हाईलाइट बॉक्स से आंकिक प्रश्न पूछा जाएगा।
- उत्तर लेखन के दौरान सूत्रों को हाईलाइट करें, सिंबोल का मतलब समझाएं।

धातुकर्म, आवर्त सारणी, तत्वों का वर्गीकरण अध्याय की तैयारी

जिन अभ्यार्थियों ने सालभर पढ़ाई नहीं कि वे पांच साल के प्रश्न पेपर और मॉडल प्रश्नों से तैयारी कर सकते हैं। शिक्षक गिरीश वर्मा ने बताया कि कम समय में सभी अध्याय की तैयारी संभव नहीं है, इस स्थिति में कमजोर विद्यार्थी पास होने पर अधिक ध्यान दें। ब्लू प्रिंट के आधार पर अध्याय का चयन करें और पढ़ाई शुरू करें।

- मॉडल पेपर, पांच साल के प्रश्न पेपर को याद करें।
- आंकिक प्रश्नों की तैयारी करें।
- धातुकर्म, आवर्त सारणी, तत्वों का वर्गीकरण तीनों अध्याय को पढ़ें।
- श्वसन तंत्र चित्र की तैयारी जरूर करें।
- डायग्राम बनाते वक्त एक डिटेल दाएं या बाएं किसी एक ओर लिखें।
- कम समय में केवल शॉट नोट्स की तैयारी करें।

गंभीर रोग संबंधित समस्याओं से बचने, कैंसर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

ब्रेस्ट कैंसर में निश्चित उम्र तय नहीं बच्चियों से लेकर बुजुर्ग महिलाओं को रोग

रायपुर। अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन एवं संजीवन सिद्धा स्वास्थ्य समिति की ओर से 'कैंसर से सतर्क एवं सुरक्षित' रहने कार्यशाला का आयोजन किया गया। सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में घरेलू महिलाएं एवं बुजुर्ग वर्ग की उपस्थिति देखी गई। एक दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 3 बजे से हुई, जिसमें कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज पहलाजानी प्रमुख व्याख्याता के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम संयोजिका दिव्या राठी ने बताया कि विगत कई वर्षों से संगठन द्वारा सामाजिक कार्य किया जा रहा, जिसमें लोगों को स्वास्थ के प्रति जागरूक किया जा रहा। सेमिनार में कैंसर की नवीन चिकित्सा पद्धति और महिलाओं की समस्याओं पर जोर दिया गया।

महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर की समस्या

भारत में अधिकतर महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर की समस्या हो रही है। वर्तमान समय में ब्रेस्ट कैंसर भी तेजी से बढ़ता जा रहा। इससे बचाव के लिए शुरुआती दिनों में रोग के लक्षण की जांच और सही समय में उपचार जरूरी है। कार्यशाला में गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. नीरज पहलाजानी ने सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण, कारण और उपचार संबंधित जानकारी साझा की। ब्रेस्ट कैंसर में निश्चित उम्र तय नहीं है। बच्चियों से लेकर बुजुर्ग वर्ग को यह समस्या हो रही है। इससे बचने के लिए सेल्फ टेस्ट जरूरी है।

महिलाओं का अधिक मोटापा भी कैंसर का कारण

विशेषज्ञ ने बताया कि 40 से अधिक उम्र की महिलाओं में कैंसर की समस्या हो रही है। अधिक मोटापा और जेनेटिक भी इसका कारण है। वर्तमान में कैंसर की जांच अल्ट्रासाउंड की मदद से की जा रही है। नवीन तकनीक में थर्मल स्क्रीनिंग चिकित्सा प्रणाली को सरल बना रही, जिसमें शरीर के तापमान का आकलन कर भविष्य में ब्रेस्ट कैंसर की समस्या होगी या नहीं? इसका पता लगाया जा सकता है।

कैंसर जांच शिविर का आयोजन

संगठन और चिकित्सक के संयुक्त सहयोग से तीन दिवसीय कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा। शिविर 7, 8 और 9 मार्च को पहलाजानी क्लीनिक में दोपहर 2से शाम 5 बजे तक संचालित की जाएगी। जिसमें कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल होंगे। जांच शिविर के पश्चात टीकाकरण के लिए भी योजनाएं तैयार की गई। इसमें शहर की महिलाओं को कैंसर रोग संबंधित टीका लगाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष शशि गट्टानी, जिला अध्यक्ष पुष्पा लाहोटी, जिला सचिव वर्षा लाहोटी, सह प्रभारी प्रतिभा नत्थानी, संतोष चांडक, पुष्पा राठी की उपस्थिति बनी रहेगी।

श्री राधा कृष्ण सेवा समिति की नई कार्यकारिणी का गठन

रायपुर। समता कॉलोनी स्थित राधा कृष्ण मंदिर के संचालन के लिए श्री राधा कृष्ण सेवा समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। मंदिर समिति के सदस्य सत्येंद्र अग्रवाल ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से मंदिर समिति के अध्यक्ष घनश्याम पोद्दार के कुशल कार्यकाल को देखते हुए उन्हें दूसरी बार अध्यक्ष बनाया गया। बुधवार को मंदिर प्रांगण में आम सभा की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान चुनाव अधिकारी सत्यनारायण सिंघानिया के मार्गदर्शन में नई कार्यकारिणी में सदस्यों का चयन और जिम्मेदारी दी गई। नई कार्यकारिणी में सचिव के रूप में रमाशंकर पांडे, कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष शिव सिंघानिया, हरीश अग्रवाल, सहसचिव सत्येंद्र अग्रवाल, रजनीश तिवारी, लेखा परीक्षक सुरेश बधान का चयन किया गया।

20 से अधिक सदस्यों की नियुक्ति

एक दिवसीय बैठक में पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिनका शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया जाएगा। पदाधिकारियों ने बताया कि मंदिर सेवा समिति में 20 से अधिक सदस्यों का चयन किया गया है। इस दौरान मार्च और अप्रैल माह में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। चयनित सदस्य नवीन ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर सदस्यों ने 12 अप्रैल को हनुमान जयंती के उपलक्ष्य पर 201 सवामणि प्रसाद वितरण का संकल्प लिया है।

कार्नर न्यूज

बोर्ड एग्जाम के विद्यार्थियों को अधिक सावधानी की आवश्यकता

बदलते मौसम में सही आहार और तबियत का ख्याल जरूरी है, बेहतर स्वास्थ्य के लिए शरीर को हाइड्रेट रखें

रायपुर। मौसम में बदलाव का असर सेहत पर भी पड़ सकता है। सुबह-शाम मौसम में ठंडक और दिन में गर्मी से अनजाने में बरती लापरवाही का बुरा असर बोर्ड विद्यार्थियों के तबीयत पर पड़ सकता है। मौसम बदलने के साथ उन्हें सर्दी-जुकाम, वायरल या बैक्टीरियल इन्फेक्शन, लूज मोशन और बुखार जैसी परेशानियां हो रही हैं। बदलते मौसम में बच्चों में ज्यादातर मामले फ्लू के देखने को मिल रहे हैं। इस स्थिति में परिजन बोर्ड विद्यार्थियों का ध्यान किस प्रकार रखें, इसे लेकर शासकीय चिकित्सकों ने जानकारी साझा की है।

इन दिनों बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थी अपने दिनचर्या में थोड़ा परिवर्तन करें, गर्मी के मौसम के अनुसार भोजन और रहन-सहन में बदलाव जरूरी है। इससे परीक्षा की तैयारी में तनाव, नींद, शरीर में पानी की समस्या नहीं होगी। साथ ही शरीर में ताजगी महसूस होगी। एग्जाम के दौरान परिजनों एवं विद्यार्थियों के लिए अस्पताल के चिकित्सकों ने हरिभूमि से चर्चा की और मौसम परिवर्तन में सही देखरेख की जानकारी दी।

परीक्षा हॉल में पानी बोटल लेकर पहुंचें

जिला अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. निलय ने बताया कि गर्मी के मौसम में हाइड्रेटेड रहना बहुत जरूरी है। विद्यार्थी पढ़ाई के तनाव में स्वास्थ का ख्याल नहीं रख पाते, इस स्थिति में परिजन उन्हें पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ दें। इसमें नारियल पानी, लस्सी, छाछ, नीबू पानी, जूस शामिल हैं। परीक्षा हॉल में एक पानी का बोटल जरूर लेकर जाएं। साथ ही धूप में जाने से पहले पानी या तरल पदार्थ जरूर पीएं।

हल्के व मुलायम कपड़े पहनें

चिकित्सकों के अनुसार बदलते मौसम में कूलर या एयर कंडीशनर की सीधी हवा से बचाव जरूरी है, क्योंकि सर्द-गर्म मौसम में डायरिया, पेट खराब और उल्टी की समस्या हो सकती है। परीक्षा के दिनों में सही दिनचर्या का होना जरूरी है, जिसमें नींद और भोजन के लिए नियमित समय बनाकर चलें। पढ़ाई के दौरान हल्के व मुलायम कपड़े पहनें, इससे ध्यान एकत्र करने में मदद मिलती है।

घर का सादा भोजन उत्तम

डॉ. माधुरी ने बताया कि परीक्षा के दौरान सही भोजन ना होने से तबियत पर बुरा असर पड़ सकता है, जिससे बचने के लिए बाहर के फास्ट फूड से बच्चे दूर रहें। इन दिनों परिजन केवल घर का जूस और सादा भोजन बोर्ड परीक्षा के छात्रों को दें। यह स्वास्थ के लिए फायदेमंद होता है। इसमें दाल, चावल, हरी सब्जी, सलाद, गाजर, पालक, चुकंदर, तरबूज का जूस शरीर को ठंडक करेगा।

धर्म लाइव

दर्पण में जब खुद को देखेंगे तो अहंकार की भावना का होगा अंत

रायपुर। जैन तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्य महाश्रमण की कृपा से समणी निर्देशिका कमल प्रज्ञा, करुणा प्रज्ञा , सुमन प्रज्ञा का समणी उपकेंद्र रायपुर में आगमन हुआ। समणी वृंद ने धर्म की गंगा का प्रवाहमान किया। उनके मंगलमय आगमन के उपलक्ष्य में तेरापंथ धर्मसंघ द्वारा समणी वृंद का स्वागत समारोह बुधवार को सदरबाजार स्थित तेरापंथ अमोलक भवन में आयोजित किया गया। इस खास अवसर पर मंगलाचरण तेरापंथ महिला मंडल द्वारा किया गया। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के साथ ही सभी संघीय संस्थाओं, युवक परिषद, प्रोफेशनल फोरम के पदाधिकारियों ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किए। इसके बाद समणी सुमन प्रज्ञा ने सुमधुर गीतिका के माध्यम से धर्म के मर्म को पिरोते हुए प्रेरणादायक गीतिका का संगान किया।

धर्म हमें जीने की विधि सिखाता है

इस पावन अवसर पर समणी करुणा प्रज्ञा ने धर्म की करुणा को परिभाषित करते हुए कहा कि हमें दर्पण में स्वयं को देखना चाहिए। इससे मैं अर्थात अहम की भावना का अंत होगा। समणी निर्देशिका कमल प्रज्ञा ने सुमधुर गीतिका के माध्यम से आचार्य श्री की कृपा रूपी महिमा को प्रस्तुत किया। समणी ने आगे कहा कि धर्म हमें जीवन जीने की आध्यात्मिक विधि सिखाता है। इसका अनुसरण करके हम अपनी आत्मा का कल्याण कर सकते हैं। स्वागत समारोह में भारी तादाद में हर वर्ग के धर्मानुरागी उपस्थित रहे। इससे धर्म सभा में भक्तिमय माहौल निर्मित हुआ।

साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित महिला मड़ई में महिलाओं को खरीदी के साथ मिल रहा बेहतर माहौल

कर्मा, ददरिया से सजा महिला उत्सव, आदिवासी कला-संस्कृति की मड़ई में बिखरी मनमोहक छटा

'छत्तीसगढ़ी लोक गीत -संगीत से सजे सांस्कृतिक कार्यक्रम पर एक तरफ जहां महिलाएं प्रस्तुति दे रही थीं, वहीं दर्शक दीर्घा में भी महिलाओं की भीड़ रही। मंच पर राजनांदगांव की टोली के साथ लोक गायिका हिमानी वासनिक ने भी उनके उत्साह को कम नहीं होने दिया। शाम 7 से रात 10 बजे के बीच कर्मा, ददरिया के साथ ही सुआ, पंथी गीतों की श्रृंखला सजाते हुए 25 कलाकारों ने आदिवासी कला-संस्कृति की अमिट छाप छोड़ी।'

रायपुर। विश्व महिला दिवस के अवसर पर साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित महिला मड़ई में दिनभर उत्सव की धूम रही। मड़ई में सौ से ज्यादा स्टाल सजाए गए हैं। दिन में घूमने के लिए पहुंची महिलाओं को घर-गृहस्थी में काम आने वाली सामग्री के स्टाल बरबस ही उत्सुक कर रहे थे। कोई प्रोडक्ट खरीदने के साथ उसके बारे में जानकारी लेने के लिए उत्साही नजर आई, तो कई महिलाओं के समूह ने आदिवासी क्षेत्र की महिलाओं द्वारा सजाए गए कपड़े के स्टाल पर अपनी पसंद तलाशने में जुटी। हर वर्ग की पसंद को ध्यान में रखते हुए महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने स्टाल सजाया है। जहां घूमने जाने वाली महिलाओं को शाम को गीत-संगीत का माहौल देने के लिए सांस्कृतिक मंच से प्रस्तुति दी गई।

जसगीत से भक्तिमय हुआ माहौल

कलाकारों की टोली ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ भारत के हिरदय मा छत्तीसगढ़..., के बाद नवदुर्गा तैं हर कहाय..., जसगीत पेश करते हुए हिमानी ने श्रोताओं को भक्तिमय माहौल भी दिया। जैसे-जैसे गीत-संगीत का सिलसिला आगे बढ़ रहा था, छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक छटा मंच पर बिखर रही थी। ददरिया, कर्मा, सुआ पंथी गीतों पर नृत्यों की प्रस्तुति ने महिलाओं को मंच से जोड़ा। बैंजो, बांसुरी, तबला, ढोल, हारमोनियम जैसे वाद्ययंत्रों की सुमधुर धूनों से सजी संगीत की महफिल में श्रोता रात 10 बजे तक रमें रहे।

आदिवासी संस्कृति का कराया एहसास

सांस्कृतिक मंच पर राउत नृत्य के साथ ही आदिवासी संस्कृति से जुड़े तीज-त्योहारों का एहसास कराने में भी कलाकारों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। जैसे-जैसे गीत-संगीत का दौर आगे बढ़ रहा था, मड़ई-मेला घूमने पहुंचे लोग भी सांस्कृतिक मंच की ओर बढ़े। जहां उन्हें लोक गाथा भरथरी का भी लुत्फ उठाने का अवसर मिला। यह श्रृंखला गुरुवार को भी सजने वाली है। हर दिन महिलाओं के लिए ही अलग-अलग आयोजन होंगे। प्रोग्राम के दौरान कई महिलाएं दी जा रही प्रस्तुति को मोबाइल में भी कैद करने आतुर नजर आईं।

हाथ से तैयार की गई श्रृंगार सामग्री

जूट-कौड़ी, कार्टन, मैकम जैसी चीजों की मदद से महिलाओं के लिए साज-श्रृंगार के लिए तैयार किए गए जेवर मड़ई में खास है। इसे बनाने वाली पल्लवी कृष्णानी ने महिला मड़ई में स्टाल सजाया है। मेला घूमने पहुंचने वाली महिलाएं इनके पास हाथ से तैयार की गई श्रृंगार सामग्री को खरीदने में रुचि ले रही हैं। 80 रुपए से एक हजार में पूरा सेट महिलाएं खास अवसर पर पहनने के लिए खरीदना पसंद कर रही हैं। लेने से पहले रख-रखाव की जानकारी भी ले रही हैं। स्टॉल पर युवतियों की सक्रियता भी ज्यादा देखने को मिली।

घर में तैयार अचार की खुशबू खास

गर्मी के दिनों में घर आने वाले मेहमानों का स्वागत शरबत से करने की इच्छा रखने वाली महिलाओं का ध्यान बरबस ही मनीषा कटारिया के स्टाल पर पहुंच रहा है। इनके पास अलग-अलग फ्लेवर में 30 तरह के शरबत की वेरायटी देखने को मिली। कामकाजी महिलाओं की रुचि स्टाल में सजाए गए 15 तरह के अचार खरीदने में भी देखने को मिली। इसके साथ ही विभिन्न तरह के पापड़ भी मेहमानों को परोसने के लिए मेले में पहुंचने वाली महिलाएं खरीद रही हैं। स्टाल पर घर में तैयार की गई विभिन्न खाद्य सामग्री की भरमार है।

सिटी लाइव

विद्यालयों की लाइब्रेरी में सजेगी 'माटी के दीया' किताब

रायपुर। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा आयोजित दो दिवसीय आठवें प्रांतीय सम्मेलन के सुअवसर पर डॉ. लूनेश कुमार वर्मा के छत्तीसगढ़ी हाइकु संग्रह 'माटी के दीया' किताब का विमोचन सीएम विष्णु देव साय द्वारा किया गया। साथ ही देवचरण धुरी, डॉ. दीनदयाल साहू, मुकेश कुमार, कन्हैया साहू, राजकुमार चौधरी, टीकेश्वर सिन्हा, हरिशंकर प्रसाद, मिनेश कुमार साहू, रामनाथ साहू, दुर्गा प्रसाद पारकर के किताबों का भी विमोचन किया गया। डॉ. वर्मा द्वारा लिखित 'माटी के दीया' छत्तीसगढ़ी हाइकु संग्रह पुस्तक में जस करम, फर मिलही, इही नियाव जैसी भावनाओं को उकेरा गया है। डॉ. वर्मा छत्तीसगढ़ी के अलावा संस्कृत और हिंदी के जानकार व रचनाकार हैं। उनकी संस्कृत की दो पुस्तकों मोहनदासः, तिरिछः का प्रकाशन हो चुका है।

पहले भी लिख चुके हैं कई किताबें

हिंदी में जीवन एक नदिया है, मन का दर्पण कविता पुस्तक और हिंदी हाइकु संग्रहों में खिलता पुष्प, राम अपने धाम, नव प्रभात का प्रकाशन पहले हुआ है। डॉ. वर्मा स्व. श्री आशाराम डहरिया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छछानपैरी में व्याख्याता के पद पर पदस्थ हैं। संस्कृत भाषा के प्रचारक पं. चन्द्रभूषण शुक्ला एवं संस्कृत भारती के कार्यकर्ताओं ने इस उपलब्धि के लिए डॉ. वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ी भाषा में बढ़िया किताब लिखे जाने की प्रशंसा करते हुए छत्तीसगढ़ी किताबों को विद्यालयों की लाइब्रेरी में भेजने के लिए घोषणा की, ताकि स्कूली विद्यार्थी इन्हें पढ़ सकें।

एनआईटी में इन्वेस्टिंग इन इनोवेशन विषय पर इंटरनेट स्ट्रीम, ऑनलाइन माध्यम से जुड़े छात्र

रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा 'इन्वेस्टिंग इन इनोवेशन' विषय का लाइव वेबकास्ट (इंटरनेट स्ट्रीम) किया गया। लाइव कार्यक्रम में डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन, मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर, सर्वेयर ऑफ जनरल ऑफ इंडिया विभाग के अभ्यार्थी शामिल हुए। कार्यशाला के पहले सत्र में पिछले 10 सालों का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही वर्तमान में निर्धारित किए गए बजट से भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई। मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन के प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री रिसर्च फेलोशिप योजना से छात्र, सरकार और उद्योगों के फायदे पर चर्चा की। कार्यशाला में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, नवाचार और अर्थव्यवस्था जैसे प्रमुख बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इसमें निदेशक डॉ. एनवी रमना राव, डॉ. जीडी रामटेक्कर, सीडीसी के प्रमुख डॉ. समीर बाजपेयी, डॉ. नितिन जैन, डॉ. जे. आनंद कुमार और डॉ. मानवेन्द्र कुमार त्रिपाठी शामिल हुए।

तीन विद्यार्थियों का गूगल में सलेक्शन

एनआईटी के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग से तीन विद्यार्थियों का चयन गूगल कंपनी में हुआ है। प्लेसमेंट में एनआईटी के दिव्यांश पांडे, विराज चंद्रा और खुशी बंसल का चयन किया गया, जिनकी वार्षिक 58 लाख रुपए का पैकेज दिया जाएगा। लखनऊ के विराज चंद्रा ने बताया कि बचपन से पढ़ाई में रुचि रही। संस्थान में कंप्यूटर प्रोग्रामिंग और डेवलपमेंट विषय पर सीखने का जूनुन सफलता का कारण है। पढ़ाई के साथ म्यूजिक और कोडिंग क्लब का भी हिस्सा रहा। कोरबा निवासी खुशी बंसल ने बताया कि प्लेसमेंट के लिए तीसरे सेमेस्टर से तैयारी शुरू की, जिसमें डेटा स्ट्रक्चर्स, वेब एंड ऐप डेवलेपमेंट और एल्गोरिदम में जानकारी एकत्र किया। प्लेसमेंट में साक्षात्कार के दौरान लीट कोड, गीक्स फॉर गीक्स और कोड फोर्सेस की जानकारी दी।

भगवान झूलेलाल की धूमधाम से 30 को निकलेगी शोभायात्रा

रायपुर। चेट्रीचंड्र महोत्सव समिति सिंधी समाज की ओर से 30 मार्च को लाखेनगर मैदान से धूमधाम से भगवान झूलेलाल की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। साथ ही चेट्रीचंड्र महोत्सव की तैयारी जोरो पर चल रही है। यह महोत्सव पूरा पखवाड़ा भर चलेगा। इसी दौरान जगह-जगह आतिशबाजी, भंडारा प्रसाद वितरण किया जाएगा। साथ ही पूरे शहर में भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना, पंजड़ा गाकर भगवान झूलेलाल का दुग्धाभिषेक किया जाएगा। इसके अलावा सिंधी समाज द्वारा भगवान झूलेलाल का अवतरण दिवस मनाया जाएगा।

चेट्रीचंड्र महोत्सव की तैयारी में जुटे सेवादार

यह कार्यक्रम संत युधिष्ठीर लाल, महंत अम्मा मीरादेवी, मनोहर लाल, संत गुरुबक्ष सिंह कालरा, संत महात्माओं और नागरिकों के सानिध्य में होगा। गोदड़ीवाला धाम के सेवादारी पवन प्रीतवानी, भारतीय सिंधु सभा छग के महासचिव सतीष छुगानी, चेट्रीचंड्र

महोत्सव समिति के मुख्य मुखी मन्नुमल पृथ्वानी व अप्पाजी सेवा समिति के सेवादारी विजय बलराम प्रसाद रूपरेला ने बताया कि, सभी संतों ने वरूण देव भगवान झूलेलाल को सर्वोपरी माना व संदेश दिया कि प्रत्येक सिंधियों को भगवान झूलेलाल की उपासना और पूजा-अर्जना जरूर करनी चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीचंद सुंदरानी, पवन प्रीतवानी, आनंद कुकरेजा, डॉ.भीमनदास बजाज, दिनेश अठवानी, अमर गिदवानी, दीपक कृपलानी, महेश पृथ्वानी, बलराम मंधानी, श्याम रूपरेला, जय केशवानी, लालचंद गुलवानी, लक्ष्मीचंद गुलवानी, इंदर डोडवानी, सतीष छुगानी, दीपक डोडवानी, बंटी जुमनानी अनेक सेवादार लगे हुए है।

बिजली रहित क्षेत्र में सौर ऊर्जा से रोशनी कॅरियर के लिए यह फील्ड बेहतर

रायपुर। सौर ऊर्जा का उपयोग बिजली रहित क्षेत्र में विकल्प के रूप में किया जाने लगा है। घरेलू कामों के साथ ही इसका इस्तेमाल जल आपूर्ति में भी किया जाने लगा है। इससे शहरी ही नहीं, ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी जुड़ने लगे हैं। लोग महंगी बिजली की मार से बचने के लिए बड़े होटलों व अस्पतालों में सौर ऊर्जा का उपयोग करते हुए आर्थिक बोझ से भी बच रहे हैं। इसके साथ ही अगर युवाओं के कॅरियर के लिहाज से देखा जाए, तो इसमें असीम संभावनाएं हैं। सौर ऊर्जा के जितने भी प्रोडक्ट तैयार हो रहे हैं, उसे बेहतर करने के लिए युवा स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं। कुछ इसी तरह की रोचक जानकारी के साथ डॉ. राधा बाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में क्रेडा के सीईओ राजेश सिंह राणा मुखातिब हुए।

सजग करने का भी प्रयास करें

सोलर मोबाइल चार्जर, लालटेन में भी सौर ऊर्जा कारगर है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रीति मिश्रा ने ऊर्जा संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि कम ऊर्जा का इस्तेमाल करके हमें खपत को कम करना चाहिए। ऊर्जा संरक्षण के लिए कम ऊर्जा सेवाओं के उपयोग को लेकर लोगों को सजग करने का भी प्रयास करना चाहिए। जब कमरे या आफिस से बाहर जाएं, तो लाइट, पंखे बंद करने की आदत डालने पर उन्होंने जोर दिया।

ऊर्जा बचाने का लिया संकल्प

कार्यशाला का संचालन डॉ. रुपा ने किया। इस सफल आयोजन में कॅरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल समिति के सदस्य डॉ. श्वेता अग्निवंशी एवं मौसमी लहरे तथा क्रेडा के प्रतिनिधि नेहा शर्मा, मृणालिनी ने अहम भूमिका निभाई। इसमें विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, ग्रंथपाल, क्रीडाधिकारी, कार्यालयीन अधिकारी और छात्राओं की मौजूदगी रही। ऊर्जा बचाने का सभी ने संकल्प लिया।

सिटी स्पोर्ट्स

महिला क्रिकेट में छत्तीसगढ़ को हराया हैदराबाद ने, त्रिशा के शानदार 101 रन

रायपुर। बी सी सी आई की ओर से महिला अंडर-23 वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट बुधवार से शुरू हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पहला रोहतक, हरियाणा में हैदराबाद अंडर 23 टीम के विरुद्ध खेला गया। हैदराबाद अंडर 23 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़.ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 187 रन बनाये। छत्तीसगढ़.की ओर से यीशा भारती देवांगन ने सर्वाधिक 89 रन तथा यति शर्मा ने 46 रन बनाये। साथ ही कुमुद साहु ने 19 रनों का योगदान दिया। हैदराबाद अंडर 23 टीम की ओर से त्रिशा पुजिता ने 3 विकेट, जैसमिन गिल तथा जी त्रिशा ने 2-2 विकेट प्राप्त किया। 188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद अंडर 23 की टीम ने 42.5 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 188 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। हैदराबाद की ओर से जी त्रिशा ने शानदार 101 रन नाबाद तथा त्रिशा पुजिता ने 39 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़. की ओर से शिवानी यादव ने 2 विकेट लिए। हैदराबाद ने मैच 7 विकेट से जीत लिया।

अंतर्राष्ट्रीय रैफरी गौस को ऑल इंडिया पुलिस गेम्स हरियाणा में बुलावा

रायपुर। सरगुजा संभाग के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल रैफरी मोहम्मद गौस बेग को पुलिस विभाग की भारत की सबसे बड़ी वॉलीबॉल प्रतियोगिता के संचालन हेतु रेफरी के रूप में हरियाणा आमंत्रित किया गया है। ऑल इंडिया पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड नई दिल्ली द्वारा 73 वीं ऑल इंडिया पुलिस गेम्स महिला एवं पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता 7 से 11 मार्च को करनाल, हरियाणा में आयोजित की जा रही है. इसमें भारत के सभी राज्यों की पुलिस विभाग की टीम के साथ-साथ बीएसएफ, आइटीबीपी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आरपीएफ की टीमें भाग ले रहीं हैं। इस प्रतिष्ठित वॉलीबॉल प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय एक्टिव वॉलीबॉल रेफरी मोहम्मद गौस बेग को आमंत्रित किया गया है। गौस बेग करनाल, हरियाणा में पुलिस विभाग की इस प्रतियोगिता में रेफरी के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। गौस बेग भारत में वालीबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत सीनियर नेशनल चैंपियनशिप, फेडरेशन कप, नेशनल गेम्स के अलावा कई बड़ी प्रतियोगिता का सफ़ल संचालन कर चुके हैं। विदित हो कि इसके पहले भी गौस बेग ऑल इंडिया पुलिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता भिलाई एवं पटना में रेफरी के तौर पर अपने दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं।

छत्तीसगढ़ हैंडबाल टीम के गठन के लिए चयन भिलाई में 8 को

रायपुर। बिहार हैंडबाल संघ द्वारा 47वीं जूनियर बालक (19 वर्ष से कम) राष्ट्रीय हैंडबाल चैंपियनशिप का आयोजन बेगुसराय (बिहार) में दिनांक 29 मार्च से 02 अप्रैल तक तथा उड़ीसा हैंडबाल संघ द्वारा 39वीं सब-जूनियर बालक (15 वर्ष से कम) राष्ट्रीय हैंडबाल चैंपियनशिप का आयोजन क्योंझर, ओडिशा में 8 अप्रैल से 12 अप्रैल तक हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में किया जा रहा है। उक्त दोनों ही राष्ट्रीय हैंडबाल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य की जूनियर एवं सब-जूनियर बालक वर्ग की टीमों का भाग लेना प्रस्तावित है।

उपरोक्त संदर्भ में छत्तीसगढ़ राज्य की जुनियर एवं सब-जुनियर बालक हैंडबाल टीमों के गठन हेतु चयन स्पर्धा का आयोजन 08 मार्च शनिवार को शाम 04 बजे से हैंडबाल कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-4, भिलाई में किया जा रहा है। उक्त चयन स्पर्धा में भाग लेने हेतु सब-जूनियर एवं जूनियर बालक खिलाड़ियों की आयु सीमा सब-जूनियर बालक खिलाड़ियों की आयु एक जनवरी .2010 या उसके बाद की होनी चाहिये। जूनियर बालक खिलाड़ियों की आयु एक जनवरी 2005 या उसके बाद की होनी चाहिये। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले सब-जुनियर एवं जुनियर बालक खिलाड़ियों को अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की मूल प्रति एवं फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है साथ ही खिलाड़ियों को अपने-अपने स्कूल के प्राचार्य से एलिजीबिलिटी फार्म को सील एवं हस्ताक्षर कराकर लाना अनिवार्य है।

अपनी सक्रियता बढ़ाइए तो रहेंगे फुर्तीले

कुछ भी खाने के बाद नींद और आलस की लग गई है आदत तो इन्हें दूर करने अपनाएं उपाय

शायद ही किसी का यह जवाब हो कि मुझे सोना अच्छा नहीं लगता। हां, यह हो सकता है किसी को सुबह देर तक सोना पसंद हो, किसी को दोपहर में तो किसी को रात में जल्दी..!8 घंटे से ज्यादा सोने / नींद लेने के कई फायदे होते हैं। लेकिन ये सिर्फ रात में डीप स्लीप लेने पर ही होते हैं। वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी के लिए गहरी नींद जरूरी है। यदि किसी को नींद आने में परेशानी होती है तो कुछ एक्सरसाइज से यह परेशानी दूर की जा सकती है। अनिद्रा/इंसोम्निया की समस्या को योगासन एवं घरेलू उपायों से दूर किया जा सकता है। ऑफिस जॉब करने वाले अधिकतर लोगों को दोपहर का भोजन करने के बाद आलस आने लगता है। खाने के बाद नींद आना डाइजेशन प्रोसेस के दौरान केमिकल रासायनिक चेंज के लिए शरीर की प्रक्रिया है। यह सामान्य प्रक्रिया है और हर किसी के साथ ऐसा होता है। लेकिन यदि आपको हर बार खाने के बाद नींद आती है तो चिंता का विषय हो सकता है। जिसे नींद आती है, उसका काम में मन नहीं लगेगा और डेली रूटीन भी प्रभावित हो सकता है। आपको खाने के बाद आलस आने का कारण और उसे दूर करने के उपाय जानना जरूरी।



डाइजेशन साइकिल

बॉडी को काम करने के लिए एनर्जी की जरूरत होती है और यह फूड से मिलती है। जब आप कुछ खाते हैं तो यह डाइजेस्टिव सिस्टम में पहुंचते ही ग्लूकोज यानी एनर्जी में ब्रेक हो जाता है। साथ ही मैक्रोन्यूट्रिएंट्स जैसे प्रोटीन शरीर को कैलोरी यानी एनर्जी देता है। ऐसे में फूड को एनर्जी में कन्वर्ट करने के लिए डाइजेस्टिव सिस्टम विभिन्न रिस्पांसेज को ट्रिगर करता है। इस प्रोसेस में पेट भरा हुआ महसूस कराने वाले हार्मोन जैसे, कोलेलिस्टोकिनिन , ग्लूकाजन और एमाइलिन रिलीज होते हैं। ये हार्मोन माइंड में झपकी के सिग्नल पैदा करते हैं और आलस या नींद का कारण बनते हैं।

आपकी डाइट

फूड डाइजेस्ट होने का तरीका एक ही होता है लेकिन कुछ फूड बॉडी को समान रूप से इफेक्ट नहीं करते। कुछ फूड नॉर्मल से अधिक नींद दिलाते हैं। इनमें पालक,सोया,अंडे, पनीर,टोफू और मछली शामिल हैं। सेरोटोनिनबनाने के लिए बॉडी ट्रिप्टोफैन का यूज करती है। सेरोटोनिन एक न्यूरोट्रांसमीटर है, जो नींद को रेग्युलेट करने में हेल्प करता है। इसका लेवल बढ़ने पर निश्चित ही आपको नींद आएगी। यानी जिन फूड में ट्रिप्टोफैन अधिक होगा वो सेरोटोनिन बढ़ाएंगे, जिससे नींद अधिक आएगी। ट्रिप्टोफैन अमीनो एसिड हाई प्रोटीन वाले फूड्स में पाया जाता है। इसलिए दिन में अधिक प्रोटीन या ट्रिप्टोफैन में हाई फूड्स नींद आने का कारण बन सकते हैं। नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज के अनुसार, एक वयस्क के लिए प्रतिदिन ट्रिप्टोफैन की मात्रा 5 मिलीग्राम/1 किलोग्राम बॉडी वेट रखी गई है।

अधूरी नींद

जाहिर तौर पर हर किसी को 7-8 घंटे की गहरी नींद की जरूरत होती है। यदि रात में नींद पूरी नहीं होती तो सुबह नाश्ता करने या लंच करने के बाद आपको नींद जरूर

आएगी। मायो क्लीनिक की रिपोर्ट के मुताबिक नींद रेग्यूलेट करने, स्ट्रेस दूर करने के लिए एक्सरसाइज जरूरी मानी गई है। यदि आप रात में लेट सोते हैं और सुबह जल्दी उठते हैं तो यह भी दिन में नींद आने का कारण बन सकता है। इसलिए जरूरी है कि रात में 7-8 घंटे की गहरी नींद लें।

फिजिकल एक्टिविटी

रात में बेहतर नींद लेने में मदद करने के साथ ही एक्सरसाइज दिन में एनर्जेटिक और अलर्ट रखने में भी मदद करती है। कई स्टडीज में पाया गया है कि रेग्युलर एक्सरसाइज से एनर्जी बढ़ाने और थकान को कम करने में मदद मिलती है।

साइकिलिंग करते समय याद रखें ये टिप्स, मिलेंगे अधिक फायदे

साइकिल चलाने के कई फायदे होते हैं। जैसे, हार्ट हेल्थ बेहतर रहती है, वेट कंट्रोल रहता है, टाइप 2 डाइबिटीज कंट्रोल रहती है, मसल्स मजबूत होते हैं, लोअर बॉडी टोन होती है और गठिया रोग कम होता है। पिछले कुछ समय में साइकिल के मार्केट में काफी बढ़त हुई है। इस कारण लोग महंगी से महंगी साइकिल खरीद रहे हैं। लेकिन महंगी साइकिल की अपेक्षा जरूरत है, गोल के मुताबिक सही साइकिल खरीदने की।

आपका लक्ष्य

साइकिलिंग करने से पहले सबसे पहले जो डिसाइड करना है, वो है गोल यानी लक्ष्य। गोल डिसाइड करने से फोकस्ड और एनर्जेटिक रहने में मदद मिलेगी। लेकिन ध्यान रखें, शुरुआत में छोटे गोल ही रखें। ऐसा नहीं होना चाहिए, कि पहले ही दिन आप खुद को 10 किलोमीटर साइकिलिंग का टारगेट दे दें। जो कि काफी मुश्किल होगा। ऐसा करने से आप डिमोटिवेट हो जाएंगे। बल्कि रोजाना थोड़ी-थोड़ी दूरी बढ़ाते हुए बड़े गोल तक पहुंचें। विशेषज्ञों का सुझाव है कि बार-बार छोटे ट्रेनिंग सेशन करना, लंबे सेशन की तुलना में अधिक प्रभावी होते हैं।

समय

18 से 64 साल के वयस्कों को फिट रहने के लिए हर हफ्ते मीडियम इंटेंसिटी से 2 से 2.5 घंटे एक्सरसाइज करनी चाहिए। लेकिन अगर आप साइकिलिंग कर रहे हैं तो रोजाना कम से कम 30 से 45 मिनट जरूर करनी चाहिए। अगर आपका लक्ष्य फिट रहना है तो हर हफ्ते तीन बार साइकिलिंग जरूर करें। समय के साथ साइकिलिंग की दूरी और साइकिलिंग के समय को भी कम या ज्यादा किया जा सकता है।

अपनी ताकत बचाएं

जब साइकिलिंग की शुरुआत करते हैं, तो पहले कुछ समय तक पैरों में सोरनेस नहीं रहती। लेकिन जैसे-जैसे दूरी बढ़ती जाती है तो पैरों में भारीपन आने लगता है। इसलिए अधिक ऊंचे रास्ते, ऊबड़-खाबड़ रास्ते और पहाड़ी एरिया में साइकिलिंग की अपेक्षा सीधी रोड पर साइकिलिंग करें। इससे आप जल्दी नहीं थकेंगे और स्ट्रेंथ बनाए रखकर लंबी दूरी तय कर पाएंगे।

अपनी पसंदीदा जगह खोजें

किसी को पहाड़ी वाली जगह पसंद होती है, तो किसी को मॉल्स और मार्केट घूमना पसंद होता है। अब सोचिए, जिसे पहाड़ी एरिया में घूमना पसंद है उसे मॉल में ले जाकर घूमने को बोला जाए तो उसे कैसा लगेगा ?

वो मॉल में घूम तो लेगा, लेकिन एंजॉय नहीं कर पाएगा। ऐसा ही साइकिलिंग करते समय भी होता है। अगर आप साइकिलिंग करने के अधिक फायदे लेना चाहते हैं तो अपनी पसंदीदा जगह चुनें। जैसे, रोड, घाटी वाला एरिया, नदी किनारे, कॉलोनी, इनडोर आदि।

छोटे-छोटे कुकिंग टिप्स आपके काम को बनाएंगे बेहद आसान

ऐसा कई बार होता है कि हमें घर से निकलने की जल्दी होती है और जल्दी-जल्दी में क्या बनाएं, यह भी समझ नहीं आता है। कुछ नए ट्रिक्स आप के लिए सहायक हो सकते हैं।

2 मिनट में तैयार करें झाग वाली कॉफी

गर्म कॉफी पीनी हो या फिर कोल्ड कॉफी, मजा तो फ्रॉथी कॉफी में ही आता है। मगर रोज-रोज कैफे में जाकर 150-200 रुपये खर्च करना कहां की समझदारी है? अब अगर किचन में ब्लेंडर या फ्रॉथर न हो, तो भी आप अच्छी कॉफी बना सकते हैं।

क्या करें: एक कांच की बोतल में इंस्टेंट कॉफी मिक्स, चीनी और थोड़ा-सा पानी डालकर अच्छी तरह से शेक करें। ध्यान रखें कि चीनी अच्छी तरह से घुल जाए। दूसरी ओर, दूध को एक बार उबालकर रख लें। अब एक कप में एक बड़ा चम्मच कॉफी और ऊपर से गर्मागर्म दूध डालकर मिला लें। आपकी कैफे वाली कॉफी तैयार है।

इस ट्रिक से तवे में नहीं चिपकेगी रोटी

कई बार जब तवा बहुत ज्यादा गर्म होता है, तो आटा उसमें चिपक जाता है। इसके कारण रोटी बीच से फट जाती है और फिर फूलती भी नहीं। रोटी अच्छी और फूली हुई बने इसके लिए यह ट्रिक जरूर आजमाएं।

क्या करें: तवा जब बहुत ज्यादा गर्म हो जाए, तो उसकी आंच को एकदम धीमा कर दें। अब एक स्प्रे बोतल में एक चौथाई पानी और दो से तीन बड़े चम्मच तेल मिलाकर शेक कर लें। गर्म तवे पर इसे स्प्रे करें और टिश्यू पेपर से साफ कर लें। इसमें बेली हुई रोटी फैलाएं और पका लें। आपकी रोटी बिना चिपके अच्छी तरह फूलेगी।

खिले-खिले चावल बनाने के ट्रिक्स

प्रेशर कुकर में चावल कई बार गीले हो जाते हैं। कई बार इकट्ठे हो जाते हैं और कई बार नीचे लग जाते हैं। चावल को खिला-खिला कैसे बनाना है, यह ट्रिक अगर आपको पता लग जाए, तो खाना खाने का मजा भी दोगुना हो जाएगा।

क्या करें- पहले चावल को अच्छी तरह से धोकर भिगोकर रख लें। इसके बाद, प्रेशर कुकर में 1 बड़ा चम्मच तेल डालकर फैला लें। इसमें चावल और पानी डालने के बाद एक छोटा चम्मच घी डालकर सीटी लगा लें।

होली के दिन घर के मुख्य द्वार पर किस पत्ते का तोरण लगाना चाहिए?

होली के दिन तोरण लगाने का विशेष महत्व है। तोरण को विजय का प्रतीक माना जाता है। होली के दिन तोरण लगाने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। पीपल के पत्ते को पवित्र और शुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इसे घर के मुख्य द्वार पर लगाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मान्यता है कि पीपल के पत्ते का तोरण लगाने से घर में देवी-देवताओं का वास होता है और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। यह भी माना जाता है कि पीपल के पत्ते नकारात्मक ऊर्जा को दूर करते हैं और घर को बुरी नजर से बचाते हैं। आपको बता दें, मान्यता है कि घर के मुख्य द्वार पर पीपल के पत्ते का तोरण लगाने से घर की वास्तु दोष भी ठीक हो जाती है। इतना ही नहीं, घर के मुख्य द्वार पर पीपल के पत्ते का तोरण लगाने से माता लक्ष्मी का आगमन होता है। और घर में सुख-शांति का भी आगमन होता है। पान के पत्ते को भगवान गणेश और देवी लक्ष्मी का प्रिय माना जाता है। तोरण लगाने से उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

क्रिकेटर वार्नर कैमरे का करेंगे सामना, दिखेंगे 'रॉबिनहुड' में

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वॉर्नर जल्द ही क्रिकेट के बाद अब फिल्मों में छाने वाले हैं। कथित तौर पर डेविड फिल्मों में अभिनय करने वाले हैं। डेविड वार्नर आईपीएल के इतिहास में सबसे सफल विदेशी बल्लेबाज हैं। क्रिकेट पिच के अलावा अब डेविड फिल्मों में अभिनय करते नजर आएंगे। आइए किस फिल्म में नजर आएंगे डेविड वार्नर।

डेविड वार्नर का टॉलीवुड के लिए प्यार किसी से छुपा नहीं है। 'पुष्पा-2' की रिलीज के अलावा डेविड ने अक्सर ही साउथ सिनेमा के लिए अपना प्यार रील्स के जरिए दिखाया है। आइकॉन स्टार अल्लू अर्जुन की मेगा-ब्लॉकबस्टर 'पुष्पा' पर डेविड वॉर्नर की रील्स उस समय से ही चर्चा का विषय बनी हुई हैं। उनकी प्रशंसा से प्रभावित होकर, कई प्रशंसकों ने कहा कि डेविड को टॉलीवुड में अभिनय करना चाहिए। आखिरकार, अब डेविड वार्नर के प्रशंसकों का सपना सच होने वाला है क्योंकि वह साउथ अभिनेता नितिन की एडवेंचरस कॉमेडी एंटरटेनर 'रॉबिनहुड' के साथ भारतीय सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे हैं। 'रॉबिनहुड' के निर्माता रवि शंकर ने किंग्स्टन के प्रमोशनल इवेंट में इस खबर की आधिकारिक घोषणा की। निर्माता ने बताया कि वार्नर ने वेंकी कुदुमुला के निर्देशन में बनी इस फिल्म में कैमियो किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वार्नर को शूटिंग के हर दिन के लिए 1 करोड़ रुपये ऑफर किए गए थे। फिल्म रॉबिनहुड में साउथ अभिनेता नितिन के अलावा श्रीलीला की मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 28 मार्च, 2025 को रिलीज होगी।

टॉलीवुड

घर पर बेहोश मिलीं गायिका कल्पना दरवाजा तोड़कर निकाला गया बाहर

तेलुगु की बेहतरीन गायक कल्पना राघवेंद्र तेलंगाना के रंगारेड्डी में अपने घर पर बेहोशी की हालत में पड़ी मिलीं। 44 साल की गायिका को आनन फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत अभी स्थिर है और उनका इलाज चल रहा है। अफसरों के मुताबिक पुलिस स्टेशन को अपार्टमेंट कमेटी की तरफ से शाम 5 बजे एक कॉल आया। जब वह कल्पना के घर पर आए तो उनके घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। किचन की खिड़की से देखने पर पता चला कि गायिका अपने बेड पर बेहोश पड़ी हैं।

पुलिस और चिकित्सा कर्मियों ने एम्बुलेंस के जरिए कल्पना को होलिस्टिक अस्पताल में भर्ती कराया। शाम 6 बजे के करीब उनके पति भी अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों के मुताबिक गायिका की हालत अभी ठीक है। उनका बराबर इलाज चल रहा है और दवाएं दी जा रही हैं। इस बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं मिली है।

गायिका की सिक्योरिटी के मुताबिक उनका घर दो दिनों से खुला नहीं था। इसके बाद एसोसिएशन के सदस्यों को खबर दी गई थी।। रेजिडेंट्स एसोसिएशन ने कल्पना के बारे मे पुलिस को जानकारी दी।

कल्पना राघवेंद्र ने भारतीय संगीत इंडस्ट्री को कई सालों से कई भाषाओं में बहुत सारे बेहतरीन गाने दिए हैं। साउथ म्यूजिक इंडस्ट्री में उनका बड़ा नाम है। उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक सिंगर के लिए 'तमिलनाडु स्टेट फिल्म अवॉर्ड' से नवाजा जा चुका है। कल्पना ने पांच साल की उम्र से ही गाना गाना शुरू किया था। उन्होंने 1500 से ज्यादा गाने गाए हैं। कल्पना गायिका होने के साथ म्यूजिक कंपोजर हैं और गाने भी लिखती हैं। कल्पना राघवेंद्र के पिता टी.एस. राघवेंद्र भी एक प्लेबैक सिंगर थे।

भोजपुरी

'मां की लाडली' धमाल मचाने के लिए तैयार, जय संग दिखेगी धांसू केमिस्ट्री

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार जय यादव और सुपरहिट अ दा का रा आम्रपाली दुबे की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मां की लाडली' की शूटिंग पूरी हो चुकी है। अब यह फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन फेज में है और जल्द ही इसका ट्रेलर दर्शकों के सामने पेश किया जाएगा। फिल्म 'मां की लाडली' एक पारिवारिक और भावनात्मक कहानी पर आधारित है, जिसमें मां और बेटी के रिश्ते की अनकही दास्तां को खूबसूरती से पर्दे पर उतारा गया है। यह फिल्म दर्शकों के दिलों को छूने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसको लेकर आम्रपाली दुबे ने अपनी भावनाएं शेयर कीं। उन्होंने कहा, 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है, क्योंकि इसकी कहानी में मां-बेटी के रिश्ते की गहराई और संघर्ष को खूबसूरती से दर्शाया गया है। इस तरह की कहानियां बहुत कम देखने को मिलती हैं, और मुझे खुशी है कि मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनी।' उन्होंने आगे कहा, 'फिल्म की शूटिंग के दौरान मैंने कई इमोशनल सीन किए, जो मेरे लिए बेहद चुनौतीपूर्ण थे। लेकिन पूरी टीम ने इसे बेहतरीन तरीके से फिल्माया है। मुझे यकीन है कि जब दर्शक इसे देखेंगे, तो वे इस कहानी से खुद को जुड़ा हुआ महसूस करेंगे।' आम्रपाली ने निर्देशक रवि सिन्हा और पूरी टीम की तारीफ करते हुए कहा, 'हमारी पूरी टीम ने फिल्म को बेस्ट बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है।



ट्यूलिप का 'सिलसिला'

लाइफ स्टाइल

नीदरलैंड में इन दिनों ट्यूलिप के फूलों की बहार है। भारत में ट्यूलिप से शानदार परिचय यश चोपाड़ा ने अपनी फिल्म 'सिलसिला' के जरिए करवाया था। नीदरलैंड में लाखों ट्यूलिप से भरे वसंत के मौसम में खेत अलग ही छटा बिखेरते हैं। इस बीच एक मॉडल इन फूलों के रंगीन गलीचों के बीच घंटों साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करते नजर आ रही है।

हाथों की ड्राईनेस खत्म करने के लिए आजमाएं घरेलू नुस्खे

एँमहिलाओं के हाथ ड्राई होने के कई सारे कारण हैं। कपड़ें धोने के दौरान डिटर्जेंट पाउडर, बर्तन धोते समय साबुन का इस्तेमाल साथ ही कई सारे और भी कारण हैं जिनकी वजह से हाथों की स्किन ड्राई हो जाती है। हाथों की ड्राईनेस से निजात पाने के लिए महिलाएं कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं जो काफी महंगे होते हैं लेकिन अब सस्ते में ही हाथों की ड्राईनेस को खत्म किया जा सकता है। हाथों की ड्राईनेस कैसे खत्म हो इस बारे में हमने ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से बात की जिन्होंने हमें हाथों की ड्राईनेस खत्म करने के लिए कुछ घरेलू नुस्खे बताए हैं जिनका इस्तेमाल से हाथों की ड्राईनेस खत्म हो जाएगी।

इन नुस्खों का करें इस्तेमाल

ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से हमने पूछा कि किन घरेलू नुस्खों के जरिए हाथों की ड्राईनेस को खत्म किया जा सकता हैं तब एक्सपर्ट ने हमें कई सारी चीजों के बारे में बताया जिनकी मदद से हाथों की ड्राईनेस खत्म हो सकती है एक्सपर्ट ने बताया कि शहद, बादाम का तेल, गिल्सरिन, वैसलीन का इस्तेमाल हाथों को ड्राईनेस खत्म करने के लिए किया जा सकता है। एक्सपर्ट द्वारा बताई गयी चीजों में कई सारे गुण होते हैं तो त्वचा के लिए काफी फायदेमंद हैं साथ ही ये सभी चीजें हाथों की ड्राईनेस भी खत्म करने के काम आते हैं। इसी के साथ एक्सपर्ट ने बताया कि इन चीजों का इस्तेमाल कैसे करें।

इस तरह से करें इन चीजों का इस्तेमाल

एक्सपर्ट ने बताया कि शहद के साथ 1 चम्मच गिल्सरिन, 1/2 चम्मच नींबू का रस मिक्स करके ले साथ ही इसमें गुलाब जल भी मिक्स कर लें। इसी के साथ इसमें विटामिन ई कैप्सूल और गिल्सरिन मिलाकर इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं एक्सपर्ट ने ये भी जानकरी दी कि बादाम का तेल के साथ वैसलीन का इस्तेमाल करके हाथों की ड्राईनेस को खत्म किया जा सकता है।

पुरानी टीशर्ट में भी दिखेंगे स्टाइलिश और मिलेगा नया लुक, अपनाएं ये फैशन टिप्स

गर्मियों के मौसम में आरामदायक और सहज लुक के लिए टी-शर्ट बेहतर विकल्प है। लड़कों से लेकर लड़कियां तक टी शर्ट पहनना पसंद करते हैं। लड़कियां तो जींस, पैंट या स्कर्ट के साथ टी शर्ट को कैरी करती हैं। बाजार में टी शर्ट के कई स्टाइल उपलब्ध होते हैं। महिलाएं स्लीवलेस, क्रॉप या प्रिंटेड टी शर्ट्स कैरी कर सकती हैं। आजकल ओवरसाइज टी शर्ट का भी काफी ट्रेंड है। कूल और कंफर्टेबल लुक के लिए लड़कियां ओवरसाइज टीशर्ट खरीदती हैं या फिर अपने पिता व भाई की टी शर्ट को स्टाइलिश तरीके से कैरी करती हैं। अगर आप भी टी शर्ट पहनना पसंद करते हैं तो हो सकता है कि आपके पास टी शर्ट का बड़ा कलेक्शन हो। पहले से ही काफी टी शर्ट होने के कारण आपके वॉर्डरोब में नई टी शर्ट के लिए जगह नहीं है, लेकिन पुरानी टी शर्ट आप पहनना नहीं चाहते हैं। ऐसे में पुरानी टी शर्ट को नए तरीके से कैरी करने के लिए कुछ फैशन टिप्स को अपना सकते हैं।



ऑफ शोल्डर लुक

अगर आपके पास एक्स्ट्रा ओवरसाइज टी शर्ट हो या लॉन्ग ओवर साइज टी शर्ट हो तो उससे ऑफ शोल्डर लुक रिक्रिएट कर सकते हैं। टी-शर्ट के गले को ऑफ शोल्डर डिजाइन का बना लें। इसके अलावा लॉन्ग टी-शर्ट को कॉर्सेट बेल्ट के साथ स्टाइल कर सकते हैं।

ड्रेस स्टाइल

ओवरसाइज टी शर्ट को आप शॉर्ट ड्रेस की तरह स्टाइल कर सकते हैं। टी-शर्ट ड्रेस को बेल्ट के साथ स्टाइल कर सकते हैं। बूट्स व बोहो ज्वेलरी के साथ लुक को पूरा करें। ड्रेस स्टाइल टी शर्ट को ब्लेजर के साथ पहन सकते हैं।

नॉट स्टाइल

आप चाहें तो अपनी टी शर्ट को नॉट स्टाइल में कैरी कर सकती हैं। टी शर्ट में साइट नॉट दे सकती हैं। इससे यूनिक लुक मिलेगा और स्टाइल भी काफी फंकी से हो जाएगा। हाई वेस्ट जींस के साथ इस तरह के लुक को अपना सकती हैं। ओवरसाइज टी शर्ट को जींस या ट्राउजर के साथ टक करके पहन सकती है। इससे लुक कैजुअल और स्टाइलिश दिखता है। ओवरसाइज टी शर्ट को क्रॉप टी शर्ट बनवाकर पहन सकते हैं।

साड़ी से लेकर शरारा तक के साथ खूब जचेंगे पैनल वाले ब्लाउज के डिजाइंस

स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको बॉडी शेप और लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से ही ब्लाउज का डिजाइन चुनना चाहिए। शरारा से लेकर साड़ी तक के साथ ब्लाउज के कई डिजाइंस रेडीमेड तथा फैब्रिक लेकर बनवाने के लिए आसानी से मिल जाएंगे। बदलते दौर में आजकल हम सभी स्टाइलिश और मॉडर्न ही दिखना पसंद करते हैं।

मॉडर्न लुक की बात करें तो आजकल पैनल वाले ब्लाउज को काफी पसंद किया जा रहा है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं पैनल स्टाइल ब्लाउज के लेटेस्ट डिजाइंस और बताएंगे इन ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देने के आसान टिप्स-



कैसे दें ब्लाउज की स्लीव्स को डिजाइनर लुक?

आजकल स्टाइलिश लुक पाने के लिए स्लीव्स में भी आपको कई तरीके के डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे। वहीं इस बीच आजकल हैंगिंग स्लीव्स को काफी पसंद किया जा रहा है। इस तरह की स्लीव्स को बनवाने के लिए आप वर्क वाले फैब्रिक का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं हैवी लुक के लिए स्लीव्स में टैसल्स लगवा सकती हैं।

जैकेट की तरह ब्लाउज को कैसे करें स्टाइल?

अगर आप एक ही ब्लाउज को अलग-अलग तरीके से स्टाइल करना चाहती हैं तो इस तरीके के पैनल वाले ब्लाउज को पहन सकती हैं। पैनल के लिए आप इस तरह से स्लीवलेस ब्लाउज के साथ में कढ़ाई वर्क वाली जैकेट को पहन सकती हैं।

वेस्टर्न ड्रेस के साथ पहन सकती हैं ये डिजाइनर चूड़ी

वेस्टर्न ऑउटफिट के साथ किस तरह की चूड़ी पहनें इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं तो आप आर्टिकल से आईडिया ले सकती हैं। वेस्टर्न आउटफिट पहनने के दौरान लड़कियां इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड रहती हैं इस ऑउटफिट के हाथ में क्या पहने। जहां कई लड़कियां वेस्टर्न आउटफिट के साथ हाथ में घड़ी पहन लेती हैं तो वहीं कुछ लड़कियां अपने दोस्तों से राय मांगती है कि वो वेस्टर्न आउटफिट कैरी कर रही हैं लेकीन इस ऑउटफिट के साथ हाथ में क्या पहने जिससे उनका लुक बेहतरीन नजर आए। वहीं अगर आप भी इस तरह की समस्या में फंसी हुई तो इस आर्टिकल में हम आपको

कुछ चूड़ी के डिजाइन के बारे बताने जा रहे हैं जिन्हें आप वेस्टर्न आउटफिट के साथ पहन सकती हैं।

गोल्डन बैंगल्स : जहां गोल्डन बैंगल्स कई तरह के आउटफिट के साथ पहन सकते हैं। तो वहीं वेस्टर्न आउटफिट के साथ भी आप इस तरह के गोल्डन बैंगल्स पहनें जा सकते हैं। मार्किट में कई तरह की गोल्डन बैंगल्स के डिजाइन आपको मिल जाएंगे जिन्हें आप वेस्टर्न आउटफिट के साथ कैरी कर सकती हैं। मार्किट में आप अपने आउटफिट के हिसाब से गोल्डन बैंगल्स ले सकती हैं। ये गोल्डन बैंगल्स आपको बाजार में कई सारे आप्शन के साथ काफी कम दाम में मिल जायेंगे।

अफगानी बैंगल्स: अफगानी बैंगल्स भी वेस्टर्न ड्रेस के साथ पहन सकते हैं। ये बैंगल्स काफी ट्रेंड में हैं। इस तरह की बैंगल्स जहां देखने में बहुत ही खूबसूरत लगते हैं तो वहीं वेस्टर्न आउटफिट के साथ भी इस तरह की बैंगल्स अट्रैक्टिव लुक देंगे।

कार्नर न्यूज

एसेसरीज पहनने का भी होता है एक तरीका, पाइए इन टिप्स से परफेक्ट लुक

त्यौहारों और शादियों के मौसम में मेंस फैशन में एसेसरीज की भरमार, मौके पर पहनें जरा सलीके से

पुरुषों के लिए ढेरों फैशनेबल एसेसरीज अब मार्केट में हैं। पुरुष भी कपड़ों के साथ एसेसरीज के कलेक्शन से अपने लुक को संवारने की पूरी कोशिश करते हैं। जब ऐसा है तो यह जरूरी है कि एसेसरीज पहनने और इससे जुड़े टिप्स जान लिए जाएं, ताकि आप खुद का बेस्ट लुक देख पाएं। आप इस तरह खुद को आत्मविश्वास से लबरेज पाएंगे और अपने लुक को लेकर भी 'नो टेंशन' फील करेंगे। इसलिए आपके पास जितनी भी एसेसरीज हैं, उनको अब इन टिप्स के साथ पहनना आपके काम आने वाला है।

कम में ज्यादा का मजा

एसेसरीज आपके कपड़ों का लुक बेहतर करने का एक साधन है। लेकिन अच्छे लुक के लिए एसेसरीज ज्यादा होना नहीं बल्कि इनका सही चुनाव जरूरी होता है। दरअसल कई लोग एसेसरीज अच्छी लगते ही इन्हें इतना ज्यादा पहन लेते हैं कि सबकुछ ज्यादा-ज्यादा लगने लगता है।

कई पुरुष तो हाथों में अंगूठी ही बहुत सारी पहन लेते हैं। जबकि एसेसरीज के साथ सिंपल और वाला लुक आना चाहिए। इसलिए कम से कम में ज्यादा से ज्यादा अच्छा लुक पाने के लिए एसेसरीज कम पर अच्छी पहनें।

मौके के हिसाब से एसेसरीज

ज्यादातर बार पुरुष एसेसरीज ऐसी खरीदते हैं जो हर मौके पर चल जाए। लेकिन ये सही नहीं है आपको अलग मौकों के हिसाब से अलग एसेसरीज पहननी होती है। तब ही इसका लुक अच्छा आता है। जैसे फंकी लुक वाली घड़ी फॉर्मल कपड़ों पर बिल्कुल अच्छी नहीं लगती है।

कपड़ों का रंग, एसेसरीज का रंग

एसेसरीज पहनने के लिए आपको कपड़ों के रंग पर भी ध्यान देना होगा। आपको कपड़ों के रंग के हिसाब से एसेसरीज का रंग भी चुनना होगा। इसके लिए जरूरी है कि आप कलर स्कीम को समझ लीजिए। जैसे आप गोल्ड एसेसरीज को जींस के साथ नहीं पहन सकते हैं। या फॉर्मल सूट के साथ चमकते रंग वाला चश्मा बिल्कुल भी नहीं पहना जा सकता है। आपको रंगों को थोड़ा आपस में मैच करना होगा जैसे बेल्ट, टाई और घड़ी की स्ट्रेप का कलर एक जैसा होना चाहिए।